धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, शनिवार

18.03.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 242

12 राष्ट्र का गाना है नाटू-नाटू : राम चरण



## बजट रेयाक् आसोल बिंदु

### चास- बास

- झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना तारी रे 4.5 लाख खोन जासती चासीकोवाक् 1,727 करोड़ रेयाक् ऋण इका काताको
- सुखाड़ राहत बाखरा 13 लाख चासीकोवाक् खाता रे 461 करोड़ टाका कोल एना। बाकी मेनाक्को दो उसारा एमाको
- 5 एकड़ जुमी खोन कोम मेनाक्ताकोको दो पुखरी रेयाक् गाद ओचोग आर डीप बोरिंग बाखरा 500 करोड़ टाका
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना रे जोड़ावकोआ लाख-लाख चासी। 300 करोड़ टाका रेयाक् बजटीय उपबंध
- गिरिडीह आर जमशेदपुर रे नावां डेयरी प्लांट आर रांची रे मिल्क प्रोडक्ट प्लांट रेयाक् होयोक्आ थापना
- लाख-लाख तोवा आक्आरजावको दो नित 3 टाका लीटर दोर तेको जामा सारहाव टाका
- मिलेट आरजाव बाखरा ते सारहावको बाखरा झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन एहोबोक्आ ।

### आतो लाहान्ती

- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन तारी रे 1 लाख चासीकोवाक् निज जुमी रे दाक् पाटानी कुञ बेनाव
- पी0एम0 आवास-आतो-टोला रे ओड़ाक् बेनाव बाखरा 3,542 करोड़ टाका सारसादले

### आतो रेयाक् कामी

- पी0एम0 ग्राम सड़क तारी रे 3,100 किमी सड़क आर 143 गोटेच् साखो बेनाव रेयाक् पोन्था
- सी0एम0 ग्राम सड़क तारी रे जोतो स्वास्थ्य उपकेंद्र, बाजार-हाट, पंचायत आफिस, मध्य / उच्च विद्यालय, पोस्ट ऑफिस / बैंक दो केटेच् सोड़ोक सांवते जोड़ाव
- मारे सोड़ोकको दो मित् सेच् ते मोरामोत बाखरा सतह नवीकरण-सह-विशेष मरम्मती योजना एहोबोक्आ

### स्कूली आकिल आर लाहा सेयाक् आकिल

- 80 गोटेच् मोंज विद्यालयको आर 325 गोटेच् प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूलको सांव-सांवते 4,091 गोटेच् ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालयको रे कामी तोंगे गेया
- नेतरहाट स्कूल तारी रे चाईबासा, दुमका आर बोकारो रे आवासीय विद्यालय बेनाक्आ
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना आर एकलव्य प्रशिक्षण-योजना तारी रे मोटामुटी 37,000 गोटेच् पाठुवा कुड़ी-कोड़ा पोरहो एमाको रेयाक् ज़ोस




### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण आर कौशल विभाग

- मुख्यमंत्री सारथी योजना तारी रे 1,40,000 जुवान कुड़ी कोड़ाको जामा हुनार इतुन। इतुन तायोम कामी बाको जाम रे 6 चान्दो हाबिच् कोड़ाको दो 1,000 आर कुड़ीको आर लेडहाको दो 1,500 चान्दो पिछा एमावाकोआ

### अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक आर पिछड़ा वर्ग कल्याण

- काउडी सेरमा 2022-23 रे प्री मैट्रिक छात्रवृति तारी से 22 लाख खोन जासती पाठुवाको 462 करोड़ खोन जासती एमाको
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (CMEGP) तारी रे 5,600 कोड़ा गिदराको दो नित हाबिच् पोरहोको जाम आकादा। 2023-24 रे दो पोन्था तारी रे 2 लाख कोड़ा गिदराको पोरहो एमाको रेयाक् मोने मेनाक्आ
- जोतो छात्रावासको रे कोड़ा गिदरा आर कुड़ी गिदराको दो एमने ते गे जोम-ञू आर हॉस्टल रेन दाक्काको आर कामीयाको होंको एमाकोआ
- हॉस्टल रे मॉडल लाइब्रेरी झिजुक्आ
- जनजातीय संस्कृति आर कला केंद्र रे आद खोच् मेनाक् तुम्दाक्-टामाक आर रुरुय जिनिस एमाको रेयाक् जोस मेनाक्आ
- मानकी मुंडा, डकुआ एमानकोवाक् न्यायिक, प्रशासनिक आर टाका-पायसा बाखरा ते बार चाका गाड़ी एमाको रेयाक् मेनाक्आ

### स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा आर परिवार कल्याण

- बोकारो आर रांची रे मेडिकल कॉलेज खुलाउ
- पलामू चाईबासा आर दुमका रे मनोचिकित्सा केंद्र थापनाक्आ
- मोबाइल ग्राम क्लिनिक रेयाक् बेबोसता चालाव बानाव
- नावां नर्सिंग आर फार्मेसी कॉलेज थापनाक्आ

### महिला, बाल विकास आर सामाजिक भालाई

- सर्वजन पेंशन योजना तारी रे 2,131 करोड़ टाका रेयाक् लाई सोदोर
- महिला आर किशोरी कल्याण पोन्था चालाव-बानाव एहोबोक्आ
- 800 नावां आंगनबाड़ी ओड़ाक् बेनाव ओचोया

### दाक् टोम्बाव

- पटमदा आर पलामू मेगा लिफ्ट पटानी। कामी पोन्थाको लाई सोदोर। दुमका रेयाक् मसलिया-रानेश्वर आर देवधर-जामताड़ा रेयाक् सिक्टिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना रे दो कामी चालाक् काना

### सोड़ोक बेनाव

- रांची रे सिरमटोली चौक खोन राजेन्द्र चौक हाबिच् फ्लाईओवर कांटाटोली फ्लाईओवर आर से विकास विद्यालय खोन नामकुम हाबिच् फोरलेन रे कामी तोंगे गेया
- सोड़ोकको दो बेनाक्आ फोर लेन
  1. साहेबगंज-बरहेट-जामताड़ा-दुमका-गोविंदपुर सोड़ोक
  2. कोडरमा-जमुआ-गिरिडीह-टुन्डी-गोविंदपुर (एसएच-13) सोड़ोक
  3. सतसंग मिरखीबाद सोड़ोक

### ऊर्जा

- 100 यूनिट माडनी ते बिजली जामोक् कामी पोन्था तारी रे ढो 18 लाख घारोंज रेन होड़को जामेत् काना
- काउडी सेरमा 2023-24 रे दो योजना बाखरा ते 2,300 करोड़ टाका लाई सोदोर आकाना

### पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद आर युवा कार्य

- खिलोड़-एनेच् जोरात् बाखरा ग्राम रूट ट्रेनिंग सेंटर आर सिदो-कान्हू युवा कल्ब रेयाक् थापना होयोक्आ

### नगर विकास आर आवास

- रामगढ़ आर सिमडेगा शहरी जलापूर्ति आर 45 गोटेच् पुखरी मोरामोत होयोक्आ
- झुमरीतिलैया आर मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना आर रांची इन्टेक वर्क्स बेनाक्आ
- Jharkhand Municipal Development Project (JMDP) तारी रे लोहरदगा, गुमला आर कपाली नगर निकायको रे शहरी जलापूर्ति योजनाको रेयाक् बेक्नाव कामी एहोबोक्आ

### वन, पर्यावरण आर जलवायु परिवर्तन

- काटिच्-माटिच् बिर बेक्नावको सारहावको
- बिर ताला रे मेनाक् आतो, जाहां दो नित हाबिच् ते सोड़ोक बाङ बेनाव आकाना। ओनाको जोतो आतो दो पक्की सोड़ोक सांव जोड़ाव रेयाक् जोस

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 292963 (IPRD) 22-23

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, धनबाद
दूरभाष : 9955699188 Email : rwddhanbad@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, धनबाद के अंतर्गत डी०एम०एफ०टी० योजना के तहत लक्ष्मीपुर जमुनिया नदी से गोमो (पूर्व की ओर जाने वाला) पथ निर्माण कार्य मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखंड, रांची के पत्रांक 1246अनु0, दिनांक 28.07.2022 द्वारा श्री पवन कुमार चौधरी, धनबाद को आवंटित किया गया था जिसके आलोक में उनके द्वारा दिनांक 01.09.2022 को एकरारनामा किया गया। कार्य के प्रारंभ की तिथि 01.09.2022 एवं समाप्ति की तिथि 31.12.2022 थी। परंतु अबतक आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्य पूर्ण करने हेतु आपको कई बार मौखिक एवं लिखित रूप से इस कार्यालय के पत्रांक 28, दिनांक 06.11.2023 एवं पत्रांक 144, दिनांक 01.02.2023 कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया परंतु इसके बावजूद आपके द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया गया एवं कार्य पूर्ण कराने में अभिरुचि नहीं ली गयी। दिनांक 16.03.2023 को उप विकास आयुक्त, धनबाद द्वारा पथ का औचक निरीक्षण किया गया जिसके दौरान कार्य बंद पाया गया एवं स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा ज्ञात हुआ कि कार्य पिछले दो माह से बंद है।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि यथाशीघ्र कार्य को पूर्ण कर दें। कार्य पूर्ण नहीं करने पर आपके विरुद्ध एकरारनामा की सुसंगत धाराओं के अनुसार कार्रवाई करते हुए E.M. & S.D. को जब्त कर ली जाएगी एवं काली सूची में डालने की अनुशंसा की जाएगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा०का०वि०, कार्य प्रमंडल, धनबाद

PR 292954 Rural Development(22-23)#D

## झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, आदित्यपुर

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या –17/2022–23 दिनांक 16.03.2023

1. विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, आदित्यपुर
3. परिमाण विपत्र बिक्री अन्तिम तिथि एवं समय : दिनांक 23.03.2022 के अपराहन 4:00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय : दिनांक 24.03.2023 को 3:30 बजे अपराहन् तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.03.2023 को 4:00 बजे अपराहन
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, आदित्यपुर/अधीक्षण अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता जमशेदपुर अंचल,जमशेदपुर।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,आदित्यपुर ।
8. कार्यों की विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0) | अग्रधन की राशि(रु0) | परिमाण विपत्र का मूल्य(रु0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Supply of Spare Parts of India Mark-II& III Deep Well Hand Pumps conforming to IS:9301-1990 with latest amendment as per UNICEF Standard Norms etc. under D.W. & S. Division Adityapur for the year 2022-23. | 7,36,508/- | 14,800/- | 1250/- | 31 मार्च 2023 तक |

वेबसाइट पर Upload की होने की स्थिति में इच्छुक एजेंसी परिमाण विपत्र वेबसाइट से Download कर निविदा में भाग ले सकते हैं परन्तु निविदा जमा करते समय परिमाण विपत्र का निर्धारित मूल्य का बैंक ड्राफ्ट तकनीकी बीड के साथ अनुलग्नित करेगें, जो सबंधित कार्यपालक अभियंता के पदनाम से भुगतेय होगा। BOQ विभागीय वेबसाइट www.dwsd. jharkhand.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,आदित्यपुर

PR 292926 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक............/    **आम सूचना**    दिनांक..................

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन किया जाना है। जिसके लिए Staff Nurse (नर्स) MPW (Male), Guard (गार्ड) एवं Cleaning Staff (सफाई कर्मी) की सेवा प्राप्त किया जाना है। आपकी सेवा अस्थाई अनुबंध पर 1 वर्ष के लिए किया जायेगा। अवधि पूर्ण होने पर संक्षम पदाधिकारी द्वारा अवधि विस्तारित किया जायेगा। कार्य में अनियमिता एवं लापरवाही पाये जाने पर बिना कारण बताये कार्य मुक्त कर दिया जायेगा। स्व पत्र लिखित तथा डाक टिकट 42/– रु0 के सहित दो लिफाफा अनिवार्य है। इच्छुक उमीदवार दिनांक 31.03.2023 तक निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्रमांक | पद का नाम | आवश्यक शर्त |
|---|---|---|
| 1 | Staff Nurse (नर्स) | 1. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से GNM/B.sc Nursing का प्रमाण पत्र, I.sc (Bio) उर्तिणता का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। |
| | | 2. उम्र सीमा अधिकतम 40 वर्ष |
| | | 3. मानदेय 16,564/– रूपये प्रतिमाह |
| | | 4. कुल रिक्त 2 (दो पद) |
| | | 5. चयनित नर्स द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु दावामान्य नहीं होगा। |
| | | 6. चयन की प्रक्रिया लिखित परीक्षा तिथि एवं समय कार्यालय द्वारा निर्धारित की जायेगी। |
| | | 7. कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (समय 8 घण्टा ) 9:00 से 5:00 बजे तक |
| 2 | MPW (Male) | 1. किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से LT/ANM प्रमाण पत्र, I.sc (Bio) उर्तिणता का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। |
| | | 2. उम्र सीमा अधिकतम 40 वर्ष |
| | | 3. मानदेय 11,466/– रूपये प्रतिमाह |
| | | 4. कुल रिक्त 2 (दो पद) |
| | | 5. भविष्य में नियमितिकरण हेतु दावामान्य नहीं होगा। |
| | | 6. चयन की प्रक्रिया लिखित परीक्षा तिथि एवं समय कार्यालय द्वारा निर्धारित की जायेगी। |
| | | 7. कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (समय 8 घण्टा ) 9:00 से 5:00 बजेतक |
| 3 | Guard (गार्ड) | 1. मैट्रिक उर्तिण |
| | | 2. उम्र सीमा अधिकतम 50 वर्ष |
| | | 3. मानदेय 11,000/– रूपये प्रतिमाह |
| | | 4. कुल रिक्त 2 (दो पद) |
| | | 6. भुतपूर्व सैनिक को प्राथमिकता दी जायेगी। |
| | | 7. कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (समय 8 घण्टा ) 9:00 से 5:00 बजे तक |
| 4 | Cleaning Staff (सफाई कर्मी) | 1. मैट्रिक उर्तिण |
| | | 2. उम्र सीमा अधिकतम 40 वर्ष |
| | | 3. मानदेय 11,000/– रूपये प्रतिमाह |
| | | 4. कुल रिक्त 2 (दो पद) |
| | | 5. भविष्य में नियमितिकरण हेतु दावामान्य नहीं होगा। |
| | | 6. कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (समय 8 घण्टा) 9:00 से 5:00 बजे तक |

नोट :– आवेदन निबंधित डाक अथवा हाथो हाथ भेजने के लिए पता नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम, कचहरी रोड़, मेदिनीनगर, पलामू, पिन कोड– 822101

नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 292906 (Urban Development)22-23*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला
rdsdgumla123@gmail.com

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 576 दिनांक 14.03.2023 द्वारा अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–46/2022–23 जिसका पी०आर०(PR)सं०–292546 Rural Development (2022-23)*D है, में निम्न संशोधन किया जाता है।
1. विज्ञापन दाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
2 परिमाण विपत्र बिक्री की तिथिः–दिनांक 22.03.2023 के स्थान पर दिनांक 01.04.2023 तक 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक।
3 निविदा प्राप्त करने की तिथि दिनांक 23.03.2023 के स्थान पर दिनांक 03.04.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4 निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक 23.03.2023 के स्थान पर दिनांक 03.04.2023 को 3.30 बजे अपराहन में।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
6 निविदा प्राप्त करने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7 निविदा खोलने का स्थानः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8 कार्यो का विस्तृत विवरण :–यथावत्।
10. निविदा की विस्तृत शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 292903 (Rural Development)22-23*D

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
## (जिला भू–अर्जन शाखा)
दूरभाष (मो0) सं0–8987263405 Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
(3G Award के तहत् घोषित)
**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–98**
(NH 98 कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 98) (कि0मी0 23.284 हरिहरगंज से कि0मी0 57.049 पड़वा मोड़ तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–98 अन्तर्गत मौजा–तेन्दुआ कला थाना–हरिहरगंज, थाना नं0–102
पत्रांक 161 (S)/भू0अ0 दिनांक 11.03.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | तेन्दुआ कला | 9 | 428 | रैयती | मकान | 0.0000 | 1 | प्रमीला सिंह पति स्व0 सुशील सिंह | |
| 2 | | 5 | 437/3 | रैयती | मकान | 0.0000 | 2 | सकुन्ती देवी पति संजय साव | |
| 3 | | 5 | 437/2 | रैयती | मकान | 0.0000 | 3 | कृष्णा साव पिता स्व0 रामवृक्ष साव | |
| 4 | | 67 | 78 | रैयती | मकान | 0.0000 | 4 | अमित कुमार पिता मिथलेश कु0 सिंह | |
| 5 | | 5 | 89,436 | रैयती | मकान | 0.0000 | 5 | विक्रमा सिंह पिता स्व0 रामदेनी सिंह | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

कानुनगो जिला भू–अर्जन, कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 292755 Palamu(22-23)#D


### मुख्यमंत्री ने झारनियोजन पोर्टल का उद्घाटन किया, कहा

# 40 हजार वेतन तक में 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं की होगी नियुक्ति

**रोजगार के लिए अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन कर आवेदन भर सकेंगे**

**10 या 10 से अधिक कार्यबल वाले प्रतिष्ठानों को पोर्टल पर करवाना होगा निबंधन**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधानसभा में झारनियोजन पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की ओर से बनाया गया है। अब, रोजगार ढूंढ रहे अभ्यर्थियों को प्लेटफार्म मिल सकेगा। पोर्टल पर नियोक्ता अपने व्यवसाय एवं उससे संबंधित मानव बल के बारे में जानकारी साझा कर सकते हैं। रोजगार के लिए अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन कर आवेदन भी भर सकेंगे। राज्य के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से झारखंड सरकार द्वारा राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 पारित किया गया है। यह अधिनियम वैसे सभी प्रतिष्ठान जो निजी क्षेत्र के हों एवं जहां 10 या 10 से अधिक कार्यबल कार्य कर रहे हैं पर लागू होता है। ऐसे सभी प्रतिष्ठानों को इस पोर्टल पर अपना निबंधन करवाना है। अधिनियम के प्रभावी होने के तिथि से वैसे सभी प्रतिष्ठान जिन पर यह अधिनियम लागू होता है, द्वारा यदि कोई रिक्ति निकाली जाती है तो 40, 000 वेतन तक के पदों की नियुक्ति में 75 प्रतिशत स्थानीय को नियुक्त करना होगा। झारखंड के युवा जो इस अधिनियम का लाभ उठाना चाहते हैं को रोजगार पोर्टल पर निबंधित होना होगा।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, श्रम विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

### जरूरत के अनुसार सरकार देगी प्रशिक्षण

स्थानीय कम्पनियों द्वारा स्थानीय स्तर पर आवश्यक कौशल युक्त मानव बल की कमी के बारे में सूचित किया जाता है तो सरकार द्वारा आवश्यक कौशल के संबंध में प्रशिक्षण दिलाकर स्थानीय युवाओं को योग्य बनाने का प्रावधान अधिनियम के अन्तर्गत किया गया है। राज्य के प्रति अपने सामाजिक एवं नैतिक दायित्वों के निर्वहन के क्रम में स्थानीय कम्पनियों एवं नियोक्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि अधिनियम का स्वेच्छा से अनुपालन कर स्थानीय युवक–युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। उपरोक्त अधिनियम के तहत प्रत्येक नयी परियोजना प्रारंभ करने वाले नए नियोक्ता परियोजना के प्रारंभ होने के 30 दिन पूर्व प्राधिकृत अधिकारी के अधीन आने वाले कर्मचारियों की संख्या को आवश्यक कौशल के साथ स्पष्टतः इंगित करते हुये आवश्यक कर्मचारियों की संख्या की जरूरत सम्बंधी विवरण को प्रस्तुत करना होगा।

### विपक्ष ने सदन के अंदर-बाहर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरा

## झारखंड में दिल्ली की तर्ज पर हुआ शराब घोटाला, सीबीआइ जांच जरूरी : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को विपक्ष ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरा। सीएम हेमंत सोरेन के कार्यकाल में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों और आईएएस राजीव अरुण एक्का को बर्खास्त करने की मांग को लेकर मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया गया। भाजपा विधायक भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई से करने की मांग कर रहे थे। विधायक अनंत ओझा ने कहा कि आईएएस राजीव अरुण एक्का को बर्खास्त करना होगा। भाजपा विधायक नारायण दास विधानसभा के मुख्य द्वार पर देवघर प्रक्षेत्र के लखराज प्रकृति वाले जमीन का रजिस्ट्रेशन और हस्तांतरण करने की मांग को लेकर धरना पर बैठे।

**शराब घोटाले का किंगपिन कौन :** भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने सरकार से पूछा कि शराब की बिक्री से 15 फरवरी 2022 तक 1607 करोड़ राजस्व मिले हैं जबकि 2022–23 में 2500 करोड़ राजस्व का लक्ष्य था। सरकार बताये कि राज्य में हुए शराब घोटाले का किंगपिन कौन है।

**सभी त्रुटियों को दूर कर बनी है शराब नीति :** सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सारी आपतियों को दूर कर के उत्पाद नीति लाई गई है। शराब घोटाला तथ्यहीन बात है। इस पर सरयू राय ने कहा कि सरकार ने राजस्व लक्ष्य घटाकर 2000 करोड़ कर दिया है।

कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने सदन में 108 एंबुलेंस योजना को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार 108 योजना को रद्द कर कोई नई व्यवस्था शुरू करे। इसपर सरकार की ओर से जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में 337 एंबुलेंस की सेवा 108 के माध्यम से दी जा रही है। एंबुलेंस जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस दूसरे राज्यों में भी भेजे जाते हैं। 2021-22 में 175 बाइक एंबुलेंस स्वीकृत हैं। उनका क्रय प्रक्रियाधीन है। सरकार के जवाब के बाद विधायक अमर बाउरी और भानु प्रताप शाही ने भी 108 एंबुलेंस की खामियों को उठाया। इसपर मंत्री ने आश्वासन दिया की सभी खामियों को दूर कर लिया जायेगा।

वहीं माले विधायक बिनोद सिंह ने अल्पसूचित प्रश्न के तहत राज्य के कर्मचारियों, पदाधिकारियों और पेंशन भोगियों को कैशलेस बीमा का लाभ देने की मांग की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में ही राज्य सरकार ने कैशलेस स्वास्थ्य बीमा का संकल्प जारी किया था। लेकिन अबतक यह लागू नहीं हुआ है। जवाब में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरकार राज्यकर्मियों के कैश लेस बीमा से लाभान्वित करने के लिए कृत संकल्पित है।

## एक अप्रैल से राज्य में नयी एजेंसी बेचेगी खुदरा शराब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक अप्रैल से नयी एजेंसी शराब बेचेगी। खुदरा शराब की बिक्री को लेकर झारखंड को पांच जोन में बांटकर टेंडर किया जा रहा है। पांच जोन में तीन जोन का टेंडर जमा हुआ है। झारखंड राज्य बिवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 14 मार्च तक टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी। पांच में से तीन जोन में शराब बेचने के लिए एजेंसी द्वारा टेंडर डाल गया था। तीन जोन के लिए एजेंसी चयन की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जायेगी। 31 मार्च के बाद नयी एजेंसी को शराब बेचने की जिम्मेदारी दी जायेगी। दो अन्य जोन के लिए फिर से टेंडर जारी किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में चार एजेंसियसां खुदरा शराब बेच रही हैं।

राज्य में शराब बनानेवाली फैक्ट्री के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया है। फैक्ट्री के निकासी व प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाया गया है। प्रवेश व निकासी द्वार पर कैमरा लगाने व इसका लाइव फुटेज उपलब्ध कराने को कहा गया है।

### किएन त्रिपाठी की ओर से बहस पूरी, अब 31 मार्च से होगी बहस

**रांची।** डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। केएन त्रिपाठी की ओर से बहस में कहा गया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के नामांकन के समय में आलोक चौरसिया की उम्र 25 वर्ष से कम थी इसलिए वे चुनाव लड़ने के योग्य नहीं थे। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। प्रतिवादी आलोक चौरसिया की ओर से बहस के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि 31 मार्च निर्धारित की है।

## खबर एक नजर में

### 6 अप्रैल को गृह सचिव को हाजिर होने का आदेश

**रांची।** झारखंड में मॉडल जेल मैनुअल सात साल में भी तैयार नहीं होने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जतायी है। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने शुक्रवार को स्वतः संज्ञान लिए गए मामले की सुनवाई के दौरान राज्य के गृह सचिव को छह अप्रैल को अदालत में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। गृह सचिव को यह बताने को कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में अब तक राज्य में मॉडल जेल मैनुअल क्यों नहीं तैयार किया गया है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया गया।

### राहुल गांधी को हाईकोर्ट से राहत बरकरार

**रांची।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड सांसद राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत बरकरार है। राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष केस के सूचक नवीन झा ने लिखित बहस दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की। जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए चार सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। इसके साथ ही अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार दिया है। पिछली सुनवाई में अदालत ने राहुल गांधी को रांची सिविल कोर्ट द्वारा जारी नोटिस पर रोक लगा दी थी।

### रिटायर्ड आइएएस के सहयोगी ने किया सरेंडर

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में शुक्रवार को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपी सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार के सहयोगी धर्मेंद्र कुमार धीरज ने सरेंडर किया। यह सरेंडर सुप्रीम कोर्ट के आदेश में किया गया। आरोपी के अधिवक्ता संजय कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने धर्मेंद्र कुमार धीरज को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। आदेश के आलोक में सरेंडर किया। साथ ही 25–25 हजार रुपये के दो निजी मुचलके भरा गया। सीबीआई ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में डॉ प्रदीप के साथ इसको भी आरोपी बनाया है। सीबीआई ने यह मुकदमा तीन जनवरी 2011 में दर्ज किया है।

### प्रोन्नति मामला : हाईकोर्ट में हाजिर हुए डीजीपी

**रांची।** वर्ष 2005 से डीएसपी पद पर प्रोन्नति देने के एकल पीठ के आदेश का अनुपालन नहीं पर लाल टुडू की अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में राज्य के डीजीपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे पूछा कि अदालत के आदेश का अब तक अनुपालन क्यों नहीं किया गया? इस पर कोर्ट को बताया गया कि इससे संबंधित मामले की सुनवाई 28 मार्च को निर्धारित है। इस मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ सरकार की अपील तकनीकी कारणों से खारिज हो चुकी है। इसके बाद सरकार की ओर से इस केस को पुनर्जीवित करने को लेकर याचिका दाखिल की गई है, जिसपर 23 मार्च को सुनवाई होनी है।

### न्यू हाईकोर्ट बिल्डिंग मामले में 31 मार्च को सुनवाई

**रांची।** नए हाईकोर्ट भवन में वकीलों और मुवक्किलों को मिलने वाली सुविधाओं पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पदधारी समेत कई वकील कोर्ट में उपस्थित रहे। अदालत अब इस मामले में 31 मार्च को सुनवाई करेगा। उससे पहले हाईकोर्ट निर्माण में लगे सभी सरकारी विभाग के अधिकारी, हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी समेत अन्य लोगों की एक बैठक करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में चेम्बर समेत अन्य सुविधाओं की समस्या का हल निकालने की कोशिश की जाएगी।

### निर्दलीय विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री को कथित रूप से असत्य बोलने पर दी चुनौती

# सदन में एक-दूसरे के खिलाफ खम ठोंक रहे मंत्री बन्ना और सरयू

**स्पीकर को पत्र लिख कर सरयू राय ने गलतबयानी पर मंत्री से स्पष्टीकरण मांगने का किया आग्रह**

**उदय चौहान**





**रांची।** मंत्री बन्ना गुप्ता व निर्दलीय विधायक सरयू राय के बीच का झगड़ा सदन तक पहुंच गया है। दोनों नेताओं के बीच सदन में शुक्रवार को भी कहा-सुनी हुई। दरअसल, सरयू राय ने गुरूवार को सदन में ध्यानाकर्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा दिये गये जवाब को शत प्रतिशत असत्य बताया और कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में स्पीकर को भी पत्र लिखकर आग्रह किया है कि जिस समय में मैं मंत्री था, उस समय में अनियमितता की बात जो स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा कही गई है, उसके कागजात उपलब्ध कराये जायें। मैंने कभी भी जो अधिकार नहीं है, वहां बिना मुख्यमंत्री से सहमति लिए कोई ट्रांसफर पोस्टिंग करने का काम नहीं किया। उन्होंने मंत्री श्री गुप्ता से इसका स्पष्टीकरण दिलवाने को कहा है।

इधर, सरयू राय के प्रश्न से सदन में सरकार एक बार फिर घिरती नजर आई। शुक्रवार को सदन की कार्यवाही 11 बजे जैसे ही शुरू हुई, श्री राय स्वास्थ्य विभाग से संबंधित पूछे गये सवाल का जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी जताने लगे। हालांकि, सदन के द्वारा सरयू राय को 21 मार्च को सवाल का जवाब मिलने का आश्वासन दिया गया। इसके बाबजूद सरयू राय संतुष्ट नहीं दिख रहे थे। इसके पहले भी सरयू राय स्वास्थ्य विभाग से यह जानना चाह रहे थे कि दवाओं एवं उपकरणों की खरीद के लिए अप्रैल 2020 में जेएनएचआईडीपीसीएल निविदा प्रकाशित किया था और निविदा निष्पादन के उपरांत निविदा दाताओं को लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस भेजा था। आज तक मुझे इसका जवाब नहीं मिला है। यह गंभीर बात है कि विधानसभा सचिवालय ने स्वास्थ्य विभाग को दो बार रिमाइंडर भेजा है। इसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग ने अब तक इन सवालों का जवाब नहीं भेजा है। ऐसे सवालों से स्वास्थ्य विभाग क्यों कतरा रहा है।

इधर, सरयू राय प्रकरण पर स्वास्थ्य मंत्री ने मीडियाकर्मियों से कहा कि तथ्यहीन आरोपों पर कोई जवाब नहीं देना है। सदन की मर्यादा व गरिमा बरकरार रखना किसी एक दल के लिये अनिवार्य नहीं होता है। बल्कि इसके लिये सदन के सभी सदस्यों की सामूहिक जिम्मेवारी होती है। श्री गुप्ता ने पलटवार करते हुए कहा कि जब वो (सरयू राय) खुद मंत्री रहते हुए वही काम करते थे और अब मुझपर आरोप लगा रहे हैं।

### सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री को हटाने की मांग की

सरयू राय ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी जताते हुये कहा कि हर बार सदन आहूत होने से पहले बड़ी–बड़ी बातें की जाती हैं। विभागों से अपेक्षा की जाती है कि सदस्यों के सवालों का जवाब विभाग के द्वारा सही और सटीक तरीके से दिये जायेंगे। हालात यह है कि पिछले 6 महीने से इन सवालों का जवाब स्वास्थ्य विभाग के द्वारा नहीं दिया जा रहा है। सदन में विधायक के द्वारा जो प्रश्न पूछे जाते हैं उस पर मंत्रियों के द्वारा कुछ भी कह देने की परंपरा सी हो गई है। खास बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग बात नहीं सुनता है। मुख्यमंत्री के यहां से फाइल मांगी जाती है तो फाइल नहीं दी जाती है। यह पर्याप्त सबूत है कि सामूहिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए मुख्यमंत्री ऐसे स्वास्थ्य मंत्री को पद से हटा दें।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
18.03.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, एकादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 242 12



**राष्ट्र का गाना है नाटू-नाटू : राम चरण**

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95% •Bank Education Loan Facility. •Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives. •Thrust on Research & Development. •Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### 27 को इडी में हाजिर होंगे राजीव अरुण एक्का

**रांची।** सीएम के पूर्व प्रधान सचिव सह आइएएस राजीव अरुण एक्का को 27 मार्च को इडी कार्यालय में पेश होने को कहा गया है। पूर्व में उन्हें सम्मन जारी कर पेश होने को कहा था, लेकिन श्री एक्का ने विधानसभा की कार्यवाही का हवाला देकर पेश होने के लिए समय की मांग की थी। उधर झारखंड सरकार के मिड डे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी ने इडी कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

### चंदवा में सड़क हादसा युवक की मौत, एक जख्मी

**चंदवा।** चंदवा में शुक्रवार की रात तेज रफ्तार पिकअप वैन की की चपेट में आकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। वाइक पर सवार एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। यह हादसा एनएच पर कुजरी गांव में के पास हुई। मृतक की पहचान उपेंद्र उरांव ,चिरु हेरहंज लातेहार के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पिकअप चालक की लापरवाही के कारण उक्त घटना घटी है।

### गिरिडीह में वज्रपात से एक की गयी जान

**गिरीडीह।** देवरी थाना क्षेत्र के लिलैया में शुक्रवार को आकाशीय बिजली से लिलैया निवासी 48 वर्षीय रामचंद्र महतो की मौत हो गयी। वह घर के बाहर बैठा था। इस बीच बारिश शुरू हो गई और आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से झुलस गया। उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### प्रवीण कुमार टोप्पो बने कार्मिक सचिव

**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल रांची प्रवीण कुमार टोप्पो को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक कार्मिक विभाग का सचिव के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। सीएम की प्रधान सचिव वंदना दादेल को अगले आदेश तक मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय एवं निगरानी विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शुक्रवार को कार्मिक, प्रशासनिक, सुधार तथा राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। संयुक्त सचिव ग्रामीण कार्य विभाग घोलप रमेश गोरख को अगले आदेश तक अपने कार्यो के साथ निदेशक उद्योग झारखंड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### दो बच्चों संग कोडरमा की महिला लापता

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के मडुआटांड़ से एक महिला के अपने दो बच्चों के साथ तिलैया से रांची बस से जाने के क्रम में रास्ते से लापता हो गयी। जानकारी के अनुसार मडुआटांड निवासी रुद्र कुमार सिन्हा किराए के मकान में रहता था। 12 मार्च को उसकी बहन नेहा कुमारी सिन्हा गैस गोदाम गली, कलाली रोड, वार्ड नंबर 22 निवासी उसकी शादी में उसके घर मडुआटांड़ आयी थी। गुरु वार वह अपने दोनों बच्चों के साथ अपने पति के पास रांची के लिए बस (जेएच 10 एटी 1491) से रवाना हुई थी, जो नहीं पहुंची।

### रांची में जमीन विवाद में फायरिंग, 2 युवक घायल

**रांची।** शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर नामकुम थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ गोलियां चली। जमीन पर कब्जा करने को लेकर एक गुट ने अंधाधुंध फायरिंग की है, जिसमें दो युवक घायल हो गये।

शराब घोटाले व भ्रष्टाचार मुद्दे पर सदन में हंगामा

# विधायकों की वेतन वृद्धि पर फैसला शीघ्र : सीएम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भ्रष्टाचार और अन्य घोटालों पर हंगामे के बीच झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को राज्य के 'माननीयों' के वेतन-भत्ता वृद्धि पर लगभग सहमति बन गयी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वह इस बारे में सकारात्मक रूप से विचार करने का वादा करते हैं। उन्होंने कहा कि वेतन वृद्धि सहित सभी परेशानियों पर स्पीकर के साथ मिलकर बैठक कर शीघ्र निर्णय लिया जायेगा। विधायकों की मांग पर सीएम ने कहा, वह इस मसले पर स्पीकर से चर्चा करेंगे। माननीयों को जरूर चिंता करनी चाहिए लेकिन यह सोच पहले से रहती तो ऐसी स्थिति नहीं सामने आती। सीएम ने यह आश्वासन भाजपा विधायक भानु प्रताप की वेतन वृद्धि की मांग पर दिया। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव और झामुमो विधायक समीर मोहंती ने भी भानु की मांग का समर्थन किया और कहा कि दिल्ली की तर्ज पर विधायकों के वेतन वृद्धि की जानी चाहिए। दरअसल सदन में चर्चा के दौरान दोनों पक्षों के विधायकों ने स्पीकर से बढ़ती महंगाई को देखते हुए सैलरी और सुविधा भत्ते बढ़ाने की मांग की थी।

> विधायक कल्याण नियमावली पर सीएम ने जतायी चिंता

**विधायक खुद जाकर गिन लें शव : बन्ना गुप्ता**

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता सदन में एक अल्पसूचित प्रश्न के दौरान तमतमा गये और कहा कि रिम्स के शवदाह गृह के फ्रीजर खराब नहीं है।

(शेष पेज 11 पर)



### मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार संवेदनशील

मुख्यमंत्री ने पूर्व से चली आ रही विधायक कल्याण नियमावली पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि अपना कोई विधायक और उनके परिवार के सदस्य अगर कहीं इलाज कराते हैं तो उन्हें एम्स के आधार पर रिम्बर्समेंट होता है, जबकि कोई पदाधिकारी बीमार होता है तो उसे सभी अस्पताल के जैसा रिम्बर्समेंट की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार संवेदनशील है। सबकी जानमाल की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। पुलिस के जवान को भी एयर एंबुलेंस से इलाज के लिए भेजते हैं तो मुजरिम को भी भेजते हैं।

### सदन में भड़के शशिभूषण मेहता, पेपर फाड़े

विधानसभा में शुक्रवार को भोजनावकाश के बाद सदन में शिक्षा विभाग के अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता को अपना वक्तव्य रखने को कहा लेकिन वे नाराज होकर सदन से बाहर चले गये। उन्होंने कहा कि भाजपा को 26 मिनट बोलने के लिए समय मिला था। एक बहन ने 23 मिनट ले लिया। एक साल से शिक्षा विभाग के लिए तैयारी कर रहा था। ऐसे में अब तीन मिनट में क्या बोलूं। ये कहते हुए सदन में अपने द्वारा तैयार किये गए भाषण की कॉपी फाड़ दी। विपक्ष के मुख्य सचेतक विरंची नारायण ने उन्हें मनाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने। उन्होंने कहा कि बड़ी मछली, छोटी मछली को खा जाती है, ये सुना और पढ़ा था, लेकिन मेरे साथ ऐसा होगा ये नहीं सोचा था। गुस्से में तमतमाये भाजपा विधायक सदन से बाहर चले गये। स्पीकर ने कहा कि बोलना शुरू करते तो जरूर ज्यादा समय उनके द्वारा दिया जाता।



# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया

**पहला वनडे**

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया ने बनडे सीरीज का आगाज जीत के साथ किया। स्टार बल्लेबाज केएल राहुल के नाबाद 75 रनों की पारी के बदौलत भारत ने पहले वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा दिये गये 188 रन के लक्ष्य को भारत ने 39.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 191 रन बनाकर हासिल कर लिया। एक समय भारत की हालत पतली हो गयी थी। चार अहम विकेट मात्र 39 रन पर गिर गये थे। ऐसे में केएल राहुल संकटमोचन साबित हुए और आलराउंडर रवींद्र जडेजा के साथ मिल कर भारत को पहले वनडे मैच में जीत दिला दी। राहुल ने 91 गेंद पर 75 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा ने 69 गेंद पर 45 रन बनाये। दोनों के बीच 108 रन की पार्टनरशिप रही।

# नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज पर रोक जारी

अवधि विस्तार पर रोक नहीं लगाने की बात अफवाह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के अवधि विस्तार पर रोक नहीं लगाने की बात महज अफवाह बताया है। अवधि विस्तार पर रोक जारी है। सीएम हेमंत सोरेन के आदेश के बाद वर्ष 1994 से अब तक हो रहे तोपाभ्यास के बंद रहने एवं लंबे अवधि से हजारों ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए 1938 एक्ट के कंडिका-9 के आलोक में नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज को पुनः अधिसूचित करने के प्रस्ताव को राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2022 में अस्वीकृत कर दिया गया है।

### फैलायी जा रही बात निराधार

मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से यह बात फैलायी जा रही है कि नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज रद्द नहीं हुआ है, जबकि राज्य सरकार के पत्रांक-582, दिनांक. 29 अगस्त 2022 एवं पत्रांक-376ए दिनांक. 14 जून 2022 में स्पष्ट उल्लेख है कि नेतरहाट फिल्ड फायरिंग रेंज को पुनः अधिसूचित करने के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री के आदेश पर अस्वीकृत कर दिया गया है। अब यहां राज्य सरकार के निर्णय के उपरांत किसी तरह का सैन्य अभ्यास हजारों ग्रामीणों की भावनाओं को देखते हुए नहीं किया जायेगा।



# कोल्ड स्टोरेज हादसे में 14 की मौत, रेस्क्यू अभियान जारी

कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

**एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संभल में हुए कोल्ड स्टोरेज हादसे में शुक्रवार दोपहर तक मलबे से 25 लोगों को बाहर निकाला गया। इनमें से 14 की मौत हो चुकी है। जबकि 11 को मुरादाबाद हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। गुरुवार को यहां कोल्ड स्टोरेज की 100 फीट लंबी छत ढह गयी थी। पिछले 28 घंटे से रेस्क्यू जारी है। कई लोग अब भी लोग मिसिंग हैंष उनकी तलाश के लिए सर्च अभियान चल रहा है। अधिकारी ने बताया कि अब आलू के बोरे हैं, उनको एक-एक करके हटाया जा रहा है। इस कारण वक्त लग रहा है। उधर, कोल्ड स्टोरेज के मालिक अंकुर अग्रवाल और रोहित अग्रवाल के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

# पाक के पूर्व पीएम इमरान की गिरफ्तारी वारंट सस्पेंड

**एजेंसी**

**कराची।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने शुक्रवार को पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को बड़ी राहत दी है। तोशखाना प्रकरण में उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट को 18 मार्च तक के लिए सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उन्हें इस अवधि तक इस्लामाबाद की जिला अदालत में पेश होने का मौका भी दिया है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने जिला अदालत और पुलिस को इमरान को पर्याप्त सिक्योरिटी देने का निर्देश दिया है।

### पुतिन की गिरफ्तारी का वारंट जारी

**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने शुक्रवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इसमें पुतिन पर यूक्रेन में किये गए युद्ध अपराधों के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, रूस ने बार-बार आरोपों से इनकार किया है कि उसकी सेना ने यूक्रेन पर एक साल के आक्रमण के दौरान अत्याचार किए हैं।

वङ्ग उत्सव (कोलहान)
BANGA UTSAV KOLHAN
গোপাল ময়দান চলো
19 th March Sunday, 2023
আয়োজনে - বঙ্গ উৎসব সমিতি


Courtesy :
Latest Bridal Collection বিয়ের বাজার
बनारसी एवं सिल्क साड़ियों का विशाल संग्रह
Banaras Saree EMPORIUM
A House of Exclusive Sarees
চৈত্র SALE CHAITRA SALE
276, Radio Maidan, Bhalubasa Chowk, Jamshedpur Ph. : 0657-2439397 Mob. : 6205407096

G20 LiFE Life style for Environment JREDA
यातायात की रफ़्तार, अस्पतालों की सेवाएं,
उद्योगों की उन्नति और देश की ऊर्जा शक्ति
सब संभव है
1 यूनिट की बचत से।

आजादी के अमृत महोत्सव
राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण
ऊर्जा संरक्षण के उपाय:
स्टार रेटेड उपकरणों का इस्तेमाल करें
इलेक्ट्रिक व्हीकल अपनाएं
AC को 24 डिग्री पर चलाकर ऊर्जा और बिजली दोनों बचाएं
उपकरणों को इस्तेमाल के बाद उन्हें अनप्लग कर दें
Ministry of Power
Azadi Ka Amrit Mahotsav
स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

## स्पीड न्यूज

### मुखिया-पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण

संदर्भः निर्धारित राशि से अधिक खर्च करने में

**नावा बाजार।** प्रखंड के बीडीओ मो अमीर हमजा ने ईटको, बसना, कुंभी कला, कंडा एवं रबदा मुखिया व पंचायत सचिव से स्पष्टीकरण मांगा है। बीडीओ ने पत्र जारी 24 घंटे में जवाब मांगा है। जारी पत्र में कहा गया है कि मनरेगा कार्यों में सामग्री के भुगतान के लिए जिला से तीन मार्च को तीस लाख रुपए ऑनलाइन प्रखंड को आवंटित किया था। जिसमें मनमानी हुई।

### प्रशिक्षु आइएएस से मिलीं जिला मंत्री पिंकी



**पाटन पलामू।** भाजपा की जिला मंत्री पिंकी विश्वकर्मा ने पाटन के नये सीओ प्रशिक्षु आइएएस बिस्पुते श्रीकांत यशवंत को अंग वस्त्र और भगवान विश्वकर्मा की फोटो देकर सम्मानित किया तथा शिष्टाचार मुलाकात की। पिंकी ने कहा कि बहुत ही गर्व की बात है कि हमारे पाटन में प्रशिक्षु आइएएस को सीओ का प्रभार मिला है। अब अंचल कार्यालय का काम आसान और पारदर्शिता से होगा। लोग इससे बेहद खुश हैं।

### बैराव पंचायत में खुला उप डाकघर



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के दक्षिणी क्षेत्र के बैराव पंचायत सचिवालय परिषर में शुक्रवार को उप डाकघर खुला, जिसका उद्घाटन डाक निरीक्षक सुमन कुमार शुमन्ता व उप डाकपाल अरबिंद ओझा एवं वैराव पंचायत के मुखिया आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह ने किया। डाक निरीक्षक ने कहा कि इस क्षेत्र में उप डाक घर खुलने से सीधा लाभ इस क्षेत्र के सुद्रवर्ती क्षेत्र के आम जनता को मिलेगा। मौके पर लक्ष्मण सिंह, सीताराम यादव, जितेंद्र पासवान, सुधीर शर्मा, रामनरेश मेहता, सुनील सिंह, अनिता देवी, मालती देवी आदि भी थीं।

### बीएनएस स्कूल के विद्यार्थी पुरस्कृत



**हरिहरगंज पलामू।** बीएनएस पब्लिक स्कूल तेंदुआ में शुक्रवार को प्रधानाचार्य बिनोद सिंह की अध्यक्षता में सम्मान समारोह हुआ। इसमें गत दिनों विद्यालय में संपन्न विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन प्रदर्शनी में विद्यालय के कक्षा 3 से 8 तक के भाग ले रहे 21 विद्यार्थी सम्मानित किये गये। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक मॉडलों का प्रदर्शन किया था। मौके पर शवलेश गौरव, लव कुमार, नीतीश कुमार, विमलेश यादव, रितेश कुमार, रंजीत, अजय कुमार, अनिता कुमारी भी थे।

### शाहपुर के मस्जिद की होगी चहारदीवारी



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** शाहपुर पंचायत के शाहपुर में अवस्थित मस्जिद में शुक्रवार को जिप सदस्य सुदामा पासवान व सरईडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद व बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने चहारदीवारी का शिलान्यास किया। संचालन हाफिज जन्नत हुसैन ने किया। जिप सदस्य के मद की राशि 248200 रुपये है। श्री पासवान ने कहा कि चुनाव के दौरान किये वादे पर हमेशा तत्पर रहेंगें और उसे पूरा करेंगे। मौके पर बसपा प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, फारूक अंसारी, मदरसा सेक्रेट्री नौशाद आलम, लाभुक समिति के अध्यक्ष मुस्लिम अंसारी, सचिव मुमताज आलम मौजूद रहे।

### हुसैनाबाद में रामार्चा अनुष्ठान आयोजित



**हुसैनाबाद पलामू।** पूर्व प्रमुख यमुना सिंह के जेपी चौक स्थित आवास परिसर में शुक्रवार को रामार्चा पूजा की गयी। इस महाअनुष्ठान का आयोजन अयोध्या विवहूति भवन के महाराज श्रीश्री 1008 श्री वैजनाथ शरण जी महाराज के शिष्य वैकुंठ शरण जी महाराज के नेतृत्व में हुआ। बैकुंठ जी महाराज ने कहा कि इस पूजा से सभी व्याधियों से मुक्ति और सुख-समृद्धि मिलती है। कार्यक्रम में रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, अयोध्या के भोला, विनोद, सुनील शरण, चंदीप शरण, गुप्तेश्वर सिंह, शैलेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, प्रेम सिंह, कमलेश सिंह, अजय सिंह, रणविजय सिंह, मुकेश सिंह, बिरजा सिंह, राजेंद्र सिंह, अजय सिंह, जितेंद्र सिन्हा भी थे।

### स्मार्ट क्लास से ही बुनियादी शिक्षा में सुधार : मनी



**बिश्रामपुर, पलामू।** राज्य शिक्षा परियोजना झारखंड सरकार विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने हेतु स्मार्ट क्लास बनवा रही है। जिसके लिए जिले में गठित स्मार्ट क्लास की गतिविधियों के अवलोकन को लिए बीपीओ मनी पांडेय ने कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। कहा कि बुनियादी शिक्षा में सुधार स्मार्ट क्लास से ही संभव है। मौके पर सोनाली पांडेय, जूही पांडेय, रूबी कुमारी, निधि कुमारी, संजय मेहता, प्राचार्य कन्हाई राम, प्राचार्य दया शंकर बाजपेई समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त कार्यालय में लगा जनता दरबार



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्तिथ अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान हेतु अनुरोध किया। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

### कन्हाई बने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय नौडीहा बाजार में मुखिया निर्मला देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा हुई। जिसमें 16 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति गठित की गयी। सर्वसम्मति से कन्हाई प्रसाद को अध्यक्ष और उर्मिला देवी को संयोजिका चुना गया।

---

गया शेरघाटी वाया रफीगंज से डालटनगंज के लिए बनेगी रेल लाइन

# डीपीआर तैयार करने को रेलवे बोर्ड ने दी स्वीकृति : बीडी राम

**नये सिरे से फाइनल सर्वे कराने तथा डीपीआर तैयार कराने की अनुमति**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गया शेरघाटी वाया रफीगंज से डाल्टनगंज पाटन छतरपुर के रेलवे लाइन निर्माण कराने के लिए रेलवे बोर्ड ने डीपीआर तैयार करने का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के बाद निविदा की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। इसकी जानकारी देते हुए पलामू सांसद बीडी राम ने कहा कि नई रेल परियोजना गया शेरघाटी वाया रफीगंज से डालटनगंज की स्वीकृति हुई थी। लेकिन रेलवे बोर्ड के अर्द्ध सरकारी पत्रांक के तहत अगले आदेश तक खर्च पर रोक लगा दी गयी थी। जिसे पुनः मेरे पत्र के आलोक में रेलवे ने त्वरित कार्रवाई की गयी।



इस दौरान पूरी परियोजना के अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की और पाया कि पूर्व के फाइनल सर्वे लगभग 12 वर्ष पुराना हो गया था। इस कारण अब वर्तमान मानकों के मद्देनजर अप्रसांगिक हो गया है। अतः रेलवे बोर्ड ने 19 जनवरी 2023 के माध्यम से नये सिरे से फाइनल सर्वे कराने तथा डीपीआर तैयार कराने की अनुमति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि ईस आलोक में महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे के अनुपम शर्मा ने अपने अर्द्ध सरकारी पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि रेलवे बोर्ड के आदेश के आलोक में फाइनल लोकेशन सर्वे तथा डीपीआर तैयार करने के लिए निविदा की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। श्री राम ने कहा कि इस परियोजना से संबंधित सभी लोगों एवं गया शेरघाटी, रफीगंज, पाटन-छतरपुर प्रखंड एवं डालटनगंज के निवासियों के लिए यह एक बहुत बडी खुशखबरी है। उन्होंने कहा कि आशा है कि इस परियोजना का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा।

---

# 25 से चलेगा पानी टैंकर : महापौर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने शुक्रवार को पानी की समस्या से निजात पाने के लिए उप महापौर मंगल सिंह, माननीय पार्षदों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कई अहम निर्णय लिये।

महापौर ने कहा पूरे निगम क्षेत्र को दो भागों में बांट कर मॉनिटरिंग किया जायेगा तथा टैंकर का पानी जिस-जिस स्थानों पर निगम उपलब्ध करायेगा। अगर वहां पानी प्रतिदिन नहीं पहुंचेगा, तो मुझे सूचना दें सप्लायर पर कार्रवाई होगी। सप्लायर को स्वच्छ पानी की गारंटी भी देनी होगी।

बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी वार्ड में 3-3 नये चापानल लगाये जायेंगे। महापौर ने कहा कि जल को बर्बाद न करें। बूंद-बूंद की आवश्यकता है। अगर कोई सप्लाई पानी से खेतों में पानी पटाता पाया जायेगा तो कार्रवाई होगी। महापौर ने कहा कि टैंकर में अगर स्वच्छ जल ना मिले तो मोहल्ले वाले अवश्य शिकायत करें। उप महापौर मंगल सिंह ने कहां इस वर्ष पानी की किल्लत ज्यादा होगी सबको मिलकर समाधान करना होगा।

---

# पांकी विधायक ने उपेंद्रनाथ इंटर कॉलेज का मामला सदन में उठाया

**विधायक के प्रमुख सवाल**

- क्या यह इंटर महाविद्यालय 1992 से संचालित है?
- क्या जमीन कॉलेज के नाम से निबंधित है?
- क्या निबंधित जमीन को लीज पर देने तथा वित्तीय गबन करने के दोषी सचिव पर कानूनी कार्रवाई होगी?

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विधानसभा सत्र के दौरान चतरा में संचालित उपेंद्र नाथ वर्मा इंटर महाविद्यालय से संबंधित मामला एवं अपने क्षेत्र के कई ज्वलनशील सवालों को उठाया।

**विधायक के सवालों से क्षेत्र में हड़कंप**



विधायक ने कहा कि क्या उपेंद्र नाथ वर्मा इंटर महाविद्यालय 1992 से संचालित है? क्या अंचल अधिकारी सदर चतरा के प्रतिवेदन पर मौजा पकरिया खाता 13 प्लॉट 67, 82,89 में सात एकड़ 85 डिसमिल भूमि महामहिम राज्यपाल बिहार सरकार के नाम से वर्ष 1993 में इंटर महाविद्यालय के निमित निबंधित किया गया है? यदि उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्यपाल के नाम निबंधित जमीन को लीज पर देने तथा वित्तीय गबन करने के दोषी पदेन सचिव पर कानूनी कार्रवाई करने का विचार रखती है? यदि हां तो कब तक? श्री मेहता ने तरहसी प्रखंड के सोनपुरा पंचायत के राजस्व ग्राम सिलदिलीया कला एवं कोशीआरा के विकास से संबंधित कार्यों का निष्पादन तरहसी प्रखंड से होता है का सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि क्या राजस्व ग्राम के ग्रामीण को राजस्व से संबंधित सभी कार्यों के लिए अनावश्यक समय एवं आर्थिक व्यय कर मनातू अंचल कार्य कराने के लिए जाना पड़ता है। यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजस्व ग्राम सिल्दीलिया कला एवं कोसियारा को तहसील के हल्का नंबर 9 में शामिल करने का विचार रखती है यदि हां तो कब तक?

---

विधायक आलोक चौरसिया ने विधानसभा में गिनायी समस्याएं, कहा

# मंत्रीजी का वादा हुआ फेल, 20 जनवरी तक नहीं हुआ सेकंड फेस पाइपलाइन का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मौसम जब करवट फेरती है तो कुछ नया जरूर होता है। परंतु जब मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में ग्रीष्म ऋतु आता है तो पूरे नगर निगम क्षेत्र में घोर जल संकट उत्पन्न हो जाता है। तथा पानी का जलस्तर ड्राई जोन में चला जाता है। साथ ही लोगों के बीच त्राहिमाम मच जाता है।

अपना दर्द बयां करते हुए विधानसभा में विधायक आलोक चौरसिया ने सवाल उठाया की फेज टू का पाइपलाइन बिछाने का कार्य हेतु शिलान्यास कब होगा। तब विभागीय मंत्री ने जवाब में कहा था कि 20 जनवरी तक सेकंड फेस पाइप लाइन बिछाने के कार्य का शिलान्यास विधायक की उपस्थिति में ही मैं करूंगा। लेकिन अब तक उनकी बात में कही कोई सत्यता साबित दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार सिर्फ वादा करना जानती है। सरकार आम अवाम को धोखा मे रख अपना काम निकालना जानती है। सरकार धरातल पर काम करके भी दिखाये।

**सरकार तक बात पहुंचाना भी हो जा रहा बेकार : आलोक**



विधायक श्री चौरसिया ने कहा कि सदन के माध्यम से सरकार तक हम अपनी हर बात पहुंचाते हैं। परंतु सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। नगर निगम क्षेत्र में रह रहे लोगों की मूलभूत सुविधा पहुंचाने का दायित्व वर्तमान सरकार की ही होती है। परंतु मैं यहां विपक्ष का विधायक हूं इसलिए हमारे यहां काम करने से मंत्री व सरकार कतरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं वादा करता हूं कि मैं पानी के खिलाफ वर्तमान सरकार के विरोध में आंदोलन छेड़ दूंगा। मैं जनता का दर्द भली-भांति समझता हूं क्योंकि मैं जनता का सेवक हूं।

---

### सर्पदंश पीड़ित 12वीं के विद्यार्थी उज्ज्वल की मौत

**पांडू।** प्रखंड के झरना कला के प्रतिष्ठित किसान अशोक सिंह के एकलौते पुत्र उज्ज्वल सिंह (19) की मौत सर्पदंश से बुधवार की देर रात रांची के रिम्स में हो गयी। घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है। वहीं परिजनों पर दुःख का पहाड़ टूट गया है। बताया जाता है कि पिछले 7 मार्च को उज्ज्वल अपने गांव से पूरब की ओर सिधवा पीड़ी से घर जा रहा था। उसी दौरान विषैले सांप ने उसे डंस लिया था। परिजन उसे तुंबागड़ा के नवजीवन अस्पताल ले गये। जहां चार दिनों तक इलाजर के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो सका। अंत में उसे रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया। बुधवार की देर रात मौत हो गयी।

---

# विश्रामपुरः आरसीयू के 41 विद्यार्थी क्यूएच टालब्रोस कंपनी में चयनित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में आरसीपीआई, आरसीआईटी व गढ़वा पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों ने भाग लिया।





**कार्यक्रम की खास बातें :** तीनों कॉलेज से 55 छात्रों ने इस प्लेसमेंट में भाग लिया है। जिसमें चयन परीक्षा में लिखित व पर्सनल इंटरव्यू को पास करने के बाद कुल 41 छात्रों का चयन हुआ। आयोजन गुरुग्राम स्थित क्यूएच टालब्रोस कंपनी द्वारा किया गया। गुरुग्राम स्थित कंपनी क्यू एच टालब्रोस ऑटोमोबाइल के पार्ट्स निर्माण करती है। कार्यक्रम के आखिरी में आरसीयू के कुलाधिपति की ओर से कंपनी के एचआर को सम्मानित किया गया। आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने छात्रों के सफल चयन पर शुभ कामना देते हुए कहा आने वाले समय में और भी कंपनियां आरसीयू में आने वाली है। इसके लिए छात्रों को सजग व तैयार रहने की जरूरत है। मौके पर आरसीयू कुलपति डॉ कल्याण कुमार, ट्रनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के अधिकारीगण श्री राजमोहन ठाकुर, मो अफजल अली श्री निलेश सिंह सहित शिक्षक मौजूद थे।

---

### उंटारी रोड में सुना राष्ट्रपति का अभिभाषण



**उंटारी रोड।** प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर की अध्यक्षता में भाजपाइयों ने शुक्रवार को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उंटारी रोड के बूथ शक्ति केंद्र सतबहिनी के भदुमा, करकट्टा, मुरमा खुर्द के देवी धाम प्रांगण में अभिभाषण सुना गया। मौके पर रघुवीर चंद्रवंशी, महामंत्री सुनील तिवारी, अखिलेश दिक्षित, महेंद्र शर्मा, पवन गुप्ता, अरविंद मेहता व कई लोग थे।

### विद्या भारती के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**मनातू, पलामू।** विद्या भारती पब्लिक कोचिंग सेंटर जसपुर रोड नाका मनातु मे 1वीं के 11वीं बैच के विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। समारोह के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी कमलेश यादव थे। मौके पर जितेंद्र मिश्रा, बीस सूत्री अध्यक्ष उमेश प्रसाद, आदर्श शास्त्री शिक्षा निकेतन के प्रिंसिपल रामदेव प्रसाद, योगेंद्र पासवान, विजय सक्सेना सामिल हुए एवम कोचिंग के संचालक अखिलेश यादव, सभी शिक्षक, रौशन ठाकुर, अमरनाथ सिन्हा आदि भी थे।

### सेवानिवृत्त पंचायत सचिव को दी गयी विदाई



**नीलांबर पितांबरपुर।** प्रखंड के पंचायत सचिव रामप्रसाद पाल की सेवानिवृति पर प्रखंड एवं अंचल कर्मियों ने प्रखंड कार्यालय में विदाई समारोह में उन्हें विदाई दी। समरोह को संबोधित करते हुए बीडीओ अनिल कुमार ने कहा कि सरकारी सेवा से सेवामुक्त एक स्वतः प्रक्रिया है। सभी को एक दिन सेवामुक्त होना है। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, बीपीआरओ विनय शर्मा, मुखिया संघ अध्यक्ष मनदीप मेहता, अरविंद शुक्ला, पूनम देवी, गुड्डू पासवान, संगीता देवी, तारा देवी आदि थे।

### 15 नगाड़ों की थाप के साथ इप्टा का सम्मेलन शुरू

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को शिवाजी मैदान में 15 नगाड़ों की थाप के साथ भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ। समारोह में अपने आरंभिक वक्तव्य में इप्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और वरिष्ठ रंगकर्मी, एक्टिविस्ट प्रसन्ना ने कहा कि आज हम संकट के समय में मिले हैं, जब गरीब और गरीब और अमीर और ज्यादा अमीर हो रहे हैं। आज काम से हाथ से, कला का रिश्ता टूट गया है। हमारा काम ही हमारा भगवान है।

---

### विश्रामपुर विस क्षेत्र के विकास को नेतृत्व परिवर्तन जरूरी : विकास दुबे

- पूर्व विस प्रत्याशी ने किया प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा, सुनी लोगों की समस्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** युवा समाजसेवी सह पूर्व विस प्रत्याशी विकास दुबे ने शुक्रवार को बिश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान श्री दुबे ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। समस्या समाधान हेतु सार्थक प्रयास का भरोसा भी लोगों को दिलाया। कहा कि गरीबी में पला बढ़ा हूं। इसलिए गरीबों का दर्द भी खूब समझता हूं। गरीबों का दर्द बांटने ही लोगों के बीच आया हूं। श्री दुबे ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र का यथोचित विकास नहीं हो पाया है। इसका जवाबदेह यहां के जनप्रतिनिधि हैं। करीब 40 वर्षों तक दो लोगों ने ही राज किया है। अब इनको नकारने का समय आ चुका है। क्षेत्र के पूर्ण विकास हेतु नेतृत्व परिवर्तन बेहद जरूरी है।

### पांच दिवसीय लोक अदालत 18 से

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे की देखरेख में 18 मार्च से 23 मार्च तक मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस को लेकर स्पेशल लोक अदालत लगायी जायेगी। उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि कार्य दिवस में स्पेशल लोक अदालत की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस से संबंधित अधिक से अधिक मामले का निपटारा स्पेशल लोक अदालत में किया जायेगा।

### सर्वे कर पलामू के 500 लोगों के भेजे जायेंगे विचार : राकेश तिवारी

- मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर आप का देशव्यापी सर्वे अभियान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी (आप) की केंद्रीय टीम के निर्देश पर पलामू में युवा नेता राकेश तिवारी की अगुवाई में मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर एक सर्वे अभियान चला। इसके तहत आप के नेता जनसामान्य के पास एक फॉर्म लेकर पहुंचे और मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी पर जनता के विचार जाने। फॉर्म के माध्यम से पीएम मोदी के नाम एक पत्र पर भी जनता के हस्ताक्षर लिये गये। जिसमें केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करते हुए दिल्ली सरकार के लोकप्रिय शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी प्रदेश की जनता की आपत्ति से पीएम को अवगत कराया जायेगा। सर्वे के माध्यम से आप पलामू 500 लोगों तक पहुंचेगी। कचहरी परिसर में 130 लोगों से लिखित प्रतिवेदन भी लिया।

---

**जलसंकट** : छतरपुर विकास मंच ने किया पैदल मार्च, दिया धरना

# छतरपुरः बाल्टी डेगची लेकर सड़क पर उतरे नगर पंचायत क्षेत्र के लोग

- लोगों की समस्याओं से नगर पंचायत के चुने हुए जन प्रतिनिधि और अधिकारी उदासीन : अरविंद गुप्ता

**मितल सिंह**

**छतरपुर, पलामू।** नगर पंचायत छतरपुर में जलसंकट से हाहाकार मचा हुआ है। पानी का लेयर काफी नीचे चले जाने से इलाके के अधिकांश चापानल और बोरवेल्स सूख गये हैं। आलम ये है कि लोगों का पीना, नहाना, कपड़े और बर्तन धोना भी मुश्किल हो गया है।



इन स्थितियों से आजिज छतरपुर विकास मंच के बैनर तले नगर के सैकड़ो महिला पुरुषों ने पैदल मार्च निकाला और नगर पंचायत कार्यालय पर एकदिवसीय धरना दिया। धरना की अध्यक्षता और संचालन मंच के अध्यक्ष सह नगर के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए अरविंद गुप्ता ने कहा कि जल संकट का मसला नगर पंचायत के लिए बेहद गंभीर है। लोग पानी के बिना त्राहिमाम कर रहे हैं।

**खास बातें**

अरविंद ने कहा कि जब नगर पंचायत होल्डिंग टैक्स ले रहा है तो उसे लोगों को सुविधाएं भी देनी चाहिए। जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे लोग आमरण अनशन करने को बाध्य हो जायेंगे। बैठक में बाबूराम प्रजापति, योगेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश कुमार, श्यामकांत प्रसाद, एक्सह कुमार, संतोष दास, ऋषिकेश कुमार, मृणाल कुमार, विश्वनाथ भगत, आलोक सिंह, रवि गुप्ता, सुदर्शन पासवान, नागेंद्र राम, संतोष कुमार, मिथलेश साव, उदयशंकर गुप्ता, दिलीप राम, राजन कुमार, नीरा देवी, रीमा कुमारी, रीना देवी, प्रभा देवी, बबिता देवी, कविता देवी, पूनम देवी, सुशीला देवी, सुनीता देवी, मोनू सिंह, प्रवेश सोनी थे।

---

# नगर को स्वच्छ रखने में महिलाओं की भूमिका अहम है : शशी कुमार

- नगर पंचायत ने चलाया स्वच्छता पखवाड़ा अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** शुक्रवार को नगर पंचायत कार्यालय हुसैनाबाद में शहर को स्वच्छ रखने के लिए महिला स्वयं सहायता समूह ने जागरूकता अभियान चलाया। मौके पर अध्यक्ष शशी कुमार, उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, नगर प्रबंधक सह सीएमएम राकेश सिंह, धीरज गुप्ता ने उपस्थित स्वयं सहायता समूह के सैकड़ों महिलाओं कचरा का डस्टबिन बाल्टी वितरण किया।नगर अध्यक्ष ने बताया कि हम लोग शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।



**कार्यक्रम की खास बातें :** आगे उन्होंने उपस्थित स्वयं सहायता समूह के महिलाओं से कहां की बिना महिलाओं के योगदान के शहर को कभी स्वच्छ नहीं रखा जा सकता है इसमें आपकी सहभागिता बहुत जरूरी है। आगे उन्होंने कहा कि आज हम लोग आजादी के 75 वर्ष में भी स्वच्छता की लड़ाई लड़ रहे हैं यह लड़ाई देश की आजादी जैसी जटिल है आगे उन्होंने यह भी कहां की हम लोग दूसरे शहर के तुलना करते हैं लेकिन इसके लिए दूसरे शहर के द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान में वहां के नागरिकों का जो योगदान है उसको भी अमल करना होगा और उसी तरीका से यहां साथ देना होगा साथ ही कहा कि यह अभियान 11 मार्च से लेकर 28 मार्च तक चलेगा इसके बाद हर वार्ड में घर घर से कचरा तसीलने का भी काम किया जाएगा। उसका निर्धारित शुल्क सरकार द्वारा जो निर्धारित किया गया है वह सभी नागरिकों के लिए भुगतान करना होगा।आगे उन्होंने इस अभियान को बड़े पैमाने पर रोड मार्च करने का भी संकेत दिया हैं मौके पर सीआरपी सोनी कुमारी,अनुराधा गुप्ता,रीता लता एवं समूह की स्वेमसेवक उर्मिला देवी अनिता देवी समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

स्पीड न्यूज

## सीजीपीसी का पूर्व प्रधान मुखे अस्पताल से धराया



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को कदमा थाना कांड संख्या 193-22 दिनांक 05-11- 2022 धारा 376-377 भा द वि के प्राथमिकी अभियुक्त गुरुमुख सिंह उर्फ मुखे, पिता- स्वर्गीय-करम सिंह, पता- मकान नंबर 317, कुंवर सिंह रोड, ओलीडीह, थाना -ओलीडीह, जिला पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में उपस्थापन के पश्चात न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## बाबर खान और शाही आदिल मुकदमे से बरी

**जमशेदपुर।** 18 सितंबर 2008 को रात्रि लगभग 11:30 बजे बाबर खान श्रडड नेताऔर शाही आदिल अध्यक्ष शिक्षित बेरोजगार मंगल हाट दुकानदार संघ अपने 20 से 25 सहयोगियों के साथ साकची मैन गोलचक्कर के उत्तर पश्चिम मानगो टेंपो स्टैंड के बगल में पोस्टल पार्क की चाहर दिवारी को अवैध तरीके से तीन जगहों पर तोड़ दिए और साथ ही साथ लैंड ऑफिस टाटा स्टील के तहसीलदार कल्याण सेन गुप्ता के साथ मारपीट किया था।

## लोहिया नेत्रालय में नेत्र शिविर आज से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया सेवा संस्थान एवं द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली वेल्फेयर ट्रस्ट के संयोजन में 676वां नेत्र शिविर रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह के माता-पिता स्व कौशिल्या देवी-धर्मराज सिंह की पुण्य स्मृति में 18 से 20 मार्च तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित किया जायेगा।

## नववर्ष पर विहंगम योग स्वर्वेद यात्रा

**जमशेदपुर।** भारतीय नववर्ष 22 मार्च बुधवार को सम्पूर्ण विश्व में विहंगम योग संत समाज द्वारा वैश्विक स्तर पर 'स्वर्वेद यात्रा महोत्सव' के रूप में भव्यता एवम दिव्यता के साथ मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है। इसी क्रम में स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम की सफलता हेतु आज 8 जुबली रोड बिस्टुपुर स्थित विहंगम योग आश्रम में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें झारखंड के प्रमुख परामर्शक कन्हैया लाल अग्रवाल, जिला संयोजक डॉ डी पी शुक्ला, कोल्हान युवा संत समाज प्रमुख नीरज मिश्रा, कुबेर शर्मा, घनश्याम गोयल, उमेश यादव, महावीर जी, अनिल सिंह, बीरबल प्रसाद, नागेन्द्र शर्मा, संदीप कुमार रंजन एवं सीता जी की मौजूद्गी में ''स्वर्वेद यात्रा महोत्सव'' हेतु उमेश यादव जी को कार्यक्रम संयोजक बनाया गया। 22 मार्च प्रातः 7:30 बजे स्वर्वेद यात्रा का शुभारंभ काशीडीह दुर्गा पूजा मैदान से होगा जो कि साकची राजीव चौक, रामलीला मैदान, हनुमान मंदिर एवम काली मंदिर होते हुए पुनः काशीडीह दुर्गा पूजा मैदान पर लौटेगी। स्वर्वेद यात्रा का मूल उद्देश्य स्वर्वेद महाग्रंथ को जन-जन तक पहुंचाना एवम जनमानस का कल्याण तथा विश्व में शांति की स्थापना करना है। यह यात्रा एक बैनर-एक दिन-एक समय के तहत पूरे भारत वर्ष में आयोजित होगी।

## सोनारी के सैकड़ों घरों में नहीं हुई जलापूर्ति



**जमशेदपुर।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं कोल्हान के प्रवक्ता राकेश तिवारी ने कहा कि जुस्को वाटर सप्लाई मेन लाइन पाइप फटने के कारण कल रात से सोनारी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बंद है सोनारी के लोग त्राहिमाम कर रहे हैं। कांग्रेस के कोल्हान प्रवक्ता राकेश तिवारी ने आज सुबह से जुस्को एमडी श्री ऋतुराज सिन्हा एवं नगर के प्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा से लगातार संपर्क स्थापित करके पानी की व्यवस्था को सुचारू कराने का प्रयास किया । श्री तिवारी ने जुस्को अधिकारियों को अपने कार्य संस्ति में सुधार लाने का चेतावनी देते हुए कहा जनहित के ऐसे गंभीर मुद्दों पर त्वरित एक्शन प्लान होना चाहिए। उन्होंने कहा ऐसे गंभीर और आपातकालीन मुद्दों पर अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को कंपनी को डिवेलप करना चाहिए।

# शूर्पणखा सुंदरी बनकर आयी थी, संन्यासी के वेश में दिखा रावण : सतश्री

■ कथावाचक सतश्री ने कहा- अच्छे दिन आने पर भी भगवान को मत भूलना, सिर्फ दुख में ही याद करने से नहीं मिलेगी मुक्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में 12 से 18 मार्च तक चल रही श्रीराम कथा में सूरत (गुजरात) से आये परम पूज्य सतश्री प्रवचन दे रहे हैं। कथा के छठवें दिन गुरुवार को सतश्री ने किष्किंधाकांड का प्रसंग सुनाया।

इससे पहले सतश्री ने गुरुवार को अरण्यकांड का स्मरण करते हुए कहा कि रामायण हमें अच्छे-बुरे व्यक्ति को पहचानने का तरीका भी बताता है। सूर्पणखा राक्षसी थी, लेकिन वह सुंदरी बनकर आई थी। वहीं रावण राक्षस था, लेकिन वह संन्यासी के वेश में सीता का हरण करने आया था। इसी तरह आज के युग में भी कई लोग अच्छा दिखने की कोशिश करते हैं, लेकिन वे दिल से अच्छे नहीं होते हैं। रामायण बताता है कि ऐसे लोगों को पहचानना चाहिए। कई बार ऐसा होता है कि साथ रहने वाले लोग भी अच्छे और बुरे व्यक्ति को नहीं पहचान पाते हैं। जब तक आप पहचानते हैं, तब तक वह आपको चूना लगाकर निकल जाता है। ऐसे लोगों को मेरी सलाह है कि अच्छा दिखने की कोशिश मत करो, अच्छा बनने का प्रयास करो। अच्छा दिखने से आपको कोई लाभ नहीं होने वाला है, अच्छा होने से लाभ अवश्य होगा।





प्रवचन देते सत्श्री और कथा में संगीत पर झूमते श्रद्धालु।

सतश्री ने कहा कि बहुत से लोग दुख में ही भगवान को याद करते हैं, अच्छे दिन में भूल जाते हैं। भगवान को अच्छे या सुख के दिनों में भी याद रखोगे, तो कष्ट के दिन नहीं आयेंगे। उन्होंने कहा कि आजकल परिवार में भी देखा गया है कि धन-धान्य से संपन्न लोग अपने-अपने शौक में व्यस्त रहते हैं। लंबे समय तक इसकी आदत पड़ने से परिवार बिखरने लगता है। आजकल मोबाइल में लोग जितना व्यस्त रहते हैं, यदि उसका आधा समय भी परिवार को देंगे तो बहुत लाभ होगा।

**हनुमान बने कलाकार के साथ झूमे श्रद्धालु :** कथा के छठवें दिन कलाकारों ने राम-लक्ष्मण के साथ हनुमान की अदभुत झांकी प्रस्तुत की। इस दौरान संगीत मंडली के भजन पर हनुमान बने कलाकार ने श्रद्धालुओं के बीच जाकर नृत्य किया, तो श्रद्धालु भी खुशी से झूमने लगे। यह दृश्य देखकर सतश्री भी आनंदित हो गये।

**मंत्री बन्ना गुप्ता समेत कई ने सुनी रामकथा :** कथा श्रवण करने वालों में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, शंभू सिंह, सीताराम अग्रवाल, उमेश शाह, मुरलीधर केडिया, सुरेश कावंटिया, हरिशंकर सोंथालिया, सुरेश सोंथालिया, राजेश चावडा, दिनेश सोंथालिया, किशन सोंथालिया, महेश सोंथालिया, विपिन भाई आडेसरा, आनंद चौधरी, दिलीप गोयल, बीएन शर्मा, जयेश अमीन, भरत वसानी, पवन शर्मा, अनिल चौधरी, संजय शर्मा राहुल चौधरी आदि उपस्थित थे।

**यूट्यूब पर भी उठा सकते हैं कथा का आनंद :** बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में सतश्री की राम कथा सोमवार से प्रतिदिन संध्या चार बजे से प्रारंभ होगी। जो श्रद्धालु किसी कारणवश नहीं आ सकते वे यूट्यूब चौनल 'सतश्री हिंदी' पर कथा का जीवंत प्रसारण देख व सुन सकते हैं।

# तीरंदाज अनिल लोहार को स्पांसर करेगा आरएसबी ग्रुप

■ आरएसबी ग्रुप का मिला सहारा, बना तीरंजदाजी का नेशनल चैंपियन
■ अनिल को आरएसबी के वाइस चेयरमैन और एमडी एस के बेहरा ने किया सम्मानित
■ कंपनी जल्द ही इंटरनेशनल मुकाबले के लिए खरीद कर देगी आधुनिक धनुष -वाण

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** अगर इंसान में प्रतिभा और कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो हर मुश्किल आसान हो जाती है, और ये साबित किया है अनिल लोहार ने। जहां चाह वहां राह की कहावत को सच साबित करने में भूमिका अदा की आरएसबी ग्रुप ने। इस प्रतिभावान खिलाड़ी के हुनर को पहली बार पहचाना आरएसबी ने और एक छोटे से चिकन शॉप में काम करने वाले अनिल को न सिर्फ नौकरी दी बल्कि उन्हें अपने पंख फैलाने और प्रतिभा को तराशने का मंच भी प्रदान किया। परिणाम सबके सामने है गुजरात में आयोजित 42वीं सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीत कर अनिल लोहार ने ये साबित किया कि आने वाले वक्त में अपने राज्य और देश का नाम रौशन करने की क्षमता अनिल में बखूबी है।

अनिल लोहार की इस उपलब्धि से खुश होकर आरएसबी के वाइस चेयरमैन सह मैनेजिंग डायरेक्टर एस के बेहरा ने न सिर्फ



राष्ट्रीय तीरंदाजी मुकाबले के चैंपियन अनिल लोहार को सम्मानित करते वीसी एंड एमडी एसके बेहरा। साथ में सार्थक बेहरा और एचआर हेड जया सिंह।

इन्हे नकद पुरस्कार से सम्मानित किया बल्कि अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भाग लेने में सक्षम होने के लिए जरूरी बो और ऐरो की सौगात देने की घोषणा भी की, जिसकी कीमत 4 से 5 लाख है। इस अवसर पर एस के बेहरा ने कहा कि झारखंड की मिट्टी में सिर्फ खनिज संपदाएं ही नहीं बल्कि प्रतिभाएं भी छुपी हैं, जरूरत है तो उन्हे पहचान कर तराशने की। तीरंदाजी, हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट जैसे खेलों में तो यहां बेशुमार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि आरएसबी अपने सामाजिक सरोकार में हमेशा आगे रहती है और नई प्रतिभाओं कि तलाश और निखारने में वो हमेशा आगे रहेंगे।

अनिल लोहार अपनी भावनाएं प्रगट करते हुए काफी भावुक हो गए , उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए आरएसबी के प्रबंधन को धन्यवाद दिया। इस मौके पर मैनेजमेंट की ओर से सार्थक बेहरा तथा एचआर हेड जया सिंह भी मौजूद रहे।

एक नजर में

## हिंदू नववर्ष यात्रा को लेकर एग्रिको चौक पर भूमि पूजन



**जमशेदपुर।** हिंदू जन जागरण मंच के तत्वाधान में आज शाम 4 बजे एग्रिको चौक पर 21 मार्च को हिंदू नव वर्ष यात्रा के लिए भूमि एवं ध्वज की पूजा की गई। मौके पर काफी संख्या में युवा और महिलाएं उपस्थित थीं। अतिथि स्वरूप कीड़ा भारती से राजीव जी, विश्व हिंदू परिषद से मनीष, हिंदू राष्ट्र नवनिर्माण से अक्षय कोड़ा और नागेंद्र उपाध्याय उपस्थित थे। शंखनाद एवं जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। पूरे नगर को भगवा झंडों से सजाया जायेगा। वीरांगना मंजू सिंह ने बताया कि हिंदू नव वर्ष हम प्रत्येक घर तक मनाने के लिए अनुरोध करते हैं ताकि हमारे बच्चे नव वर्ष के बारे में जाने। राष्ट्र के निर्माण में हमारी संसति हमारी धरोहर है। अतः इस यात्रा में हम सभी बहनों से निवेदन करते हैं कि आप इसका अवश्य हिस्सा बने। हमें अपनी संसति, सभ्यता और संस्कार पर गर्व है। आइए 21 मार्च को नव वर्ष के पूर्व संध्या पर एग्रिको चौक से आम बागान तक हम मिलकर यात्रा करें।

## हिंदू नववर्ष यात्रा को सफल बनायेगा भाजमो



**जमशेदपुर।** भाजमो गोलमुरी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक मंडल अध्यक्ष कैलाश झा की अध्यक्षता में केबुल वेल्फेयर हॉल में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव उपस्थित हुए। बैठक में सुबोध श्रीवास्तव ने मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार से संबंधित दिशानिर्देश दिया। भाजमो नेताओं ने आम सहमति से निर्णय लिया किया आगामी 21 मार्च को हिंदु नववर्ष यात्रा एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से लेकर आमबगान तक भारी संख्या में गोलमुरी क्षेत्र से भाजमो कार्यकर्ता शामिल होगे। बैठक में मुख्य रूप से सुशील कुमार शर्मा, श्मशाद खान, सुधीर कुमार तिवारी, आर डी शर्मा, जसवंत सिंह, दीपक महारका, प्रमोद सिंह, अशोक सिंह, गुरमीत सिंह, चांद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## नुक्कड़ नाटक से बताया सड़क सुरक्षा का महत्व



**जमशेदपुर।** टाटानगर रेलवे स्टेशन के समक्ष यातायात से संबंधित नुक्कड़ नाटक कर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। इस नुक्कड़ नाटक में राहगीरों को नाटक के माध्यम से यह दर्शाया गया कि यातायात का नियम नहीं पालन करने से मौत भी हो सकती है। यातायात का नियम पालन करने का भी इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया। लोगों ने नुक्कड़ नाटक को देखकर उपस्थित यातायात थाना प्रभारी संगीता कुमारी, आरपीएफ थाना प्रभारी संजय कुमार तिवारी, एंटी करप्शन फाउंडेशन अफ वर्ल्ड के प्रदेश महामंत्री शशि आचार्या, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के समक्ष संकल्प लिया कि यातायात से संबंधित सारे नियमों को पालन किया जाएगा। मौके पर ट्राफिक यातायातरी गसलाई थाना प्रभारी संगीता कुमारी, आरपीएफ थाना प्रभारी विजय कुमार तिवारी, जिला रोड सुरक्षा के मैनेजर प्रकाश कुमार गिरी, एंटी करप्शन फाउंडेशन अफ वर्ल्ड के प्रदेश महामंत्री शशि अचार्या, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता,मो नसीम,मो अमजद ने भी संबोधित किए।

# कस्तूरबा व झारखंड बालिका विद्यालय में गैर हाजिर छात्राओं पर डीसी सख्त

■ कहा-छात्राएं रेगुलर आएं या दूसरों के लिए सीट छोड़ें
■ बिरसा आवास निर्माण में धीमी प्रगति पर जताई अप्रसन्नता, तेजी लाने के दिए निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार जमशेदपुर में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग एवं आईटीडीए की मासिक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई । कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में कई छात्राओं के लगातार अनुपस्थित पाये जाने पर भी वार्डन से कारण पृच्छा की गई। वार्डन ने बताया कि कई बार पारिवारिक समारोह या त्यौहार के बहाने अभिभावक मना करने के बावजूद छात्राओं को ले जाते हैं और जल्दी स्कूल में नहीं लाते । उपायुक्त द्वारा स्पष्ट कहा गया कि बच्चे हमारी जिम्मेदारी हैं, आवासीय विद्यालयो में पढ़ने वाली छात्राओं को लेकर सरकार का जो उद्देश्य है अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना उसमें अगर अभिभावक बाधक बनते हैं तो उन्हें अंतिम चेतावनी भेजें, बच्चों को पढ़ाने में वे इच्छुक नहीं हैं तो दूसरे इच्छुक बच्चों के लिए सीट छोड़ें। सभी वार्डन को सख्त निर्देश दिया।

# हिंदू नववर्ष यात्रा में रूट बदलने व हथियार लेकर चलने पर मनाही

■ डीसी प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों व हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों संग की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने 21 मार्च को जमशेदपुर शहर में हिन्दू नववर्ष के मौके पर निकाले जाने वाले जुलूस, शोभायात्रा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर बैठक की। सिटी एसपी श्री के विजय शंकर, ग्रामीण एसपी श्री मुकेश लुणायत, एसडीओ धालभूम श्री पीयूष सिन्हा, निदेशक डीआरडीए श्री सौरभ सिन्हा, एडीसी श्री जयदीप तिग्गा, एडीएम ल एंड



बैठक करती डीसी विजया जाधव। साथ में एसपी व अन्य पदाधिकारी व हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधि।

अर्डर श्री दीपू कुमार, डीटीओ श्री दिनेश रंजन, नगर निकाय पदाधिकारी, डीपीआरओ (जनसंपर्क), बीडीओ व सीओ जमशेदपुर, सीओ मानगो, डीएसपी ट्रैफिक, सीसीआर, सभी थाना प्रभारी, जुस्को के प्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहे। बैठक में शामिल विभिन्न हिन्दू संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि से जुलूस का रूट एवं जुलूस में शामिल होने वाले संभावित भीड़ की जानकारी ली गई।

# डिमना रोड से निकलने वाले हिन्दू नववर्ष यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की है तैयारी

■ यात्रा को लेकर डा सुमन ने की तैयारी बैठक, यात्रा में भाजपा के संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह लेंगे भाग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** हिंदू नववर्ष यात्रा (डिमना से सुभाष मैदान) निमित्त श्री शिव मंदिर प्रांगण, बर्मामाइंस मे हुई जिसमे आर एस एस के प्रचारक हिन्दू जागरण मंच, झारखण्ड-बिहार के संगठन मंत्री श्री ड सुमन जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की चौत्र शुक्ल प्रतिपदा की पूर्व संध्या नववर्ष यात्रा पर 21 मार्च को डिमना से सुभाष मैदान के सड़कों पर भगवा ध्वज के साथ मुझे जमशेदपुर की लौहनगरी मे सनातनियों का जनसैलाब देखना है



तैयारी बैठक को संबोधित करते डॉ सुमन।

यह जनसैलाब अखंड भारत का निर्माण करेंगे, साथ ही साथ हिंदू नववर्ष यात्रा के नगर सज्जा कर रहे बजरंगियों का उत्साह बढ़ाया। हिंदू नववर्ष यात्रा के संस्थापक मृत्युंजय कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डिमना रोड़ भगवामय हो चूका है अतः सभी हिन्दु भगवा स्नान हेतु अधिक से अधिक संख्या में डिमना रोड़ अवश्य आयें। साथ ही अपनी संसति हिन्दू नववर्ष की जानकारी जन जन तक पहुंचाएं। हिन्दू नववर्ष यात्रा के अध्यक्ष राम बाबू तिवारी ने युवाओ को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार की नववर्ष यात्रा में संख्या की बात किलोमीटर से होगी तथा इस वर्ष शोभा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर जी रहने वाले हैं।

# जमशेदपुर को-अपरेटिव लॉ कॉलेज को स्वतंत्र इकाई बनाने की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

■ मांग को लेकर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के सचिव राहुल पुरवार से मिला छात्र

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को जमशेदपुर को क-अपरेटिव ल कलेज के सत्र 19-22 के विद्यार्थी अमर कुमार तिवारी ने नेपाल हाउस रांची स्थित उच्च एवं तकनीकी शिक्षा बिभाग के सचिव राहुल पुरवार से मुलाकात की, और उन्हें बताया कि कोल्हान विश्वविद्यालय के अधीन संचालित अलग जगह पर जमशेदपुर क-अपरेटिव ल कलेज स्थित है, उसे बार काउंसिल अफ इंडिया के नियम के तहत उसे अलग जगह पर और स्वतंत्र रूप से संचालित करने के निर्देश मिला था, जिसके स्वरूप वर्ष 2002 में झारखंड सरकार के सचिव द्वारा इसे 5 एकड़ जमीन अलग करने के नियम के अनुसार स्वतंत्र करने की बात की गई, उसके बाद इसे 5





एकड़ जमीन क -अपरेटिव कलेज जमशेदपुर के द्वारा अलग यूनिट में चलाने के लिए दिया गया, जब यह को-अपरेटिव कलेज से अलग होकर को-अपरेटिव ल कलेज बना, तब उसके बाद इसे स्वतंत्र इकाई घोषित सरकार के द्वारा अभी तक नहीं किया गया, इसका संचालन उसके विद्यार्थियों की फीस के द्वारा आंतरिक स्रोत से किया जा रहा है।

## श्रीलेदर्स बंग उत्सव कल, पूरे उत्साह से भाग लें कोल्हान के बंग भाषी : डीके घोष



**जमशेदपुर।** जाने माने व्यवसायी व समाजसेवी श्री डीक़े. घोष ने 19 मार्च को आयोजित होने वाले बंग उत्सव सो लोगों को जुड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि बंग उत्सव के बहाने कोल्हान के बंगभाषी एकमंच पर आ रहे हैं, यह हम सभी के लिए गौरव और प्रतिष्ठा का क्षण है। बांग्ला महज भाषा नहीं है यह हमारी पहचान है। समृद्ध भाषा और उससे जुड़ी संसति के कारण बंग भाषी जहां रहते हैं वहां उन्हें सम्मान मिलता है। बंग उत्सव में बांग्ला भाषा से जुड़ी की कला, संसति, साहित्य एवं खान पान सभी लोग गोपाल मैदान में आयोजित विराट समारोह में रु-ब-रू हो सकेंगे। बंगभाषी हमेशा देश को सर्वप्रथम स्थान देते हैं, इसलिए उनके लिए सबसे पहले हम भारतीय है उसके बाद ही बंगभाषी कहते हैं। यह उत्सव हमारे देश में सभी तरह के भाषा भाषी लोगों को बांग्ला संसति साहित्य विधा कला एवं खान पान से जोड़ने के एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस अवसर पर सभी आयें और जाने की देश के रग-रग में किस तरह बंगभाषा और कला, संसति, साहित्य एवं खान पान समाया हुआ है। उन्होने इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों से इस अवसर पर जुड़ने का आग्रह किया है।

## एनटीटीएफ आर डी टाटा तकनीकी संस्थान गोलमुरी में मना महिला दिवस समारोह



**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ आर डी टाटा तकनीकी संस्थान गोलमुरी के संस्थान परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर समारोह आयोजित किया। इसमें मुख्य अतिथि साइबर क्राइम डीएसपी जयश्री खुजूर, साइबर क्राइम पुलिस इंस्पेक्टर उपेंद्र कुमार मंडल और टीएमएच की गाइनेकोलजिस्ट डक्टर राजदीप कौर मुख्य रूप से उपस्थित थी। समारोह का शुभारंभ सभी अतिथियों एवं संस्थान के प्राचार्य प्रीता जन द्वारा दीप प्रज्वलन कर हुआ। मुख्य अतिथि उपेंद्र कुमार एवं जयश्री जी ने समारोह में मौजूद छात्राओं एवं शिक्षक गण के समक्ष साइबर क्राइम से जुड़े सभी जानकारी साझा की एवं सभी को सतर्कता बरतने की बात कही। साइबर अपराध तकनीकी प्रगति का दुष्परिणाम है। यह एक खतरनाक अपराध है जिसमें इंटरनेट और कंप्यूटर का उपयोग शामिल है। साइबर क्राइम के बढ़ते मामले समाज और राष्ट्र के लिए एक बड़ा खतरा बनते जा रहा है।ड राजदीप कौर ने कहा- आज के इस नई दौर में हर क्षेत्र में महिला-पुरुषों को समान सम्मान दिया जाता है। उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के पर्याप्त अवसर मिलते हैं। जिन महिलाओं को घर और काम के बीच बहुत ही संतुलित भूमिका निभानी होती है, उन्हें अपनी विशिष्टता और उपलब्धियों पर गर्व करना चाहिए। वही जयश्री जी ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

# टाटा स्टील ने पीएलआई योजना के तहत इस्पात मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

■ टाटा स्टील लिमिटेड, टाटा स्टील लन्ग प्रोडक्ट्स लिमिटेड और दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 8 उत्पाद श्रेणियों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/नई दिल्ली।** टाटा स्टील लिमिटेड, टाटा स्टील लन्ग प्रोडक्ट्स लिमिटेड और दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने आज इस्पात मंत्रालय के साथ स्पेशिएलिटी स्टील के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत आठ उत्पाद श्रेणियों के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं। मंत्रालय के साथ 20 उप-श्रेणियों को कवर करने वाली 27 कंपनियों के साथ कुल 57 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर केंद्रीय इस्पात और नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया और इस्पात मंत्रालय तथा इस्पात कंपनियों के मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।





चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील ने कहा- हम पीएलआई योजना को संचालित करने के लिए इस्पात मंत्रालय के आभारी हैं, जो उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक उत्पादों के पैमाने और गुणवत्ता दोनों के मामले में राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 को साकार करने में एक लंबा रास्ता तय करेगा।

भारतीय इस्पात उद्योग पिछले कुछ वर्षों से विकास पथ पर अग्रसर है और वर्तमान में विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। स्टील देश में अतिआवश्यक निजी निवेश को संचालित करने वाले क्षेत्रों में से भी एक है। एमओयू पर हस्ताक्षर टाटा स्टील के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिससे कंपनी अपनी क्षमताओं को और बढ़ा सकती है और सरकार के आत्म निर्भर भारत के दृष्टिकोण में योगदान कर सकती है। पीएलआई योजना का उद्देश्य घरेलू के साथ ही विदेशी कंपनियों को उच्च तकनीक वाले अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक स्पेशिएलिटी स्टील्स बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# सबसे बड़ा खरीदार

रक्षा मंत्रालय ने संसद में एक लिखित उत्तर में बताया है कि विदेशी हथियार खरीद पर भारत का व्यय 2018-19 के कुल व्यय के 45 फीसदी से कम होकर दिसंबर 2022-23 में 36.7 फीसदी रह गया। चीन अपने व्यापक रक्षा उपकरण आयात की भरपाई पाकिस्तान जैसे देशों को हथियार निर्यात से कर देता है लेकिन भारत का रक्षा निर्यात मोटे तौर पर स्थिर रहा है। स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) के मुताबिक बीते पांच वर्षों (2018-22) के दौरान भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक बना रहा। वैश्विक हथियार आयात में 11 फीसदी हिस्सेदारी के साथ भारत सऊदी अरब (9.6 फीसदी), कतर (6.4 फीसदी), ऑस्ट्रेलिया (4.7 फीसदी) और चीन (4.6 फीसदी) से आगे रहा। रक्षा मंत्रालय के एक वक्तव्य के मुताबिक भारत ने 2018-19 में 10,746 करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों का निर्यात किया और इस वर्ष तक यह बढ़कर केवल 14,000 करोड़ रुपये ही हुआ है। भारत का रक्षा उद्योग उच्च मूल्य वाले निर्यात की बाट जोह रहा है।

उदाहरण के लिए तेजस लड़ाकू विमान, ब्रह्मोस मिसाइलें, विध्वंसक पोत, युद्धपोत, हवाई रक्षा मिसाइल, तोपें, रॉकेट लॉन्चर अथवा वायुसेना के अड्डों का आधुनिकीकरण आदि। लेकिन हमें आमतौर पर गोली-बारूद और तटीय इलाकों में गश्त करने वाले जहाज जैसे कम मूल्य के उपकरणों के अनुबंध ही हासिल होते हैं। भारत के रक्षा उत्पादन केंद्र अभी भी हथियार उत्पादन व्यवस्था के विभिन्न आयामों को जान-समझ ही रहे हैं।

हमें जिन क्षेत्रों पर ध्यान देना है उनका सावधानीपूर्वक चयन करना भी जरूरी होगा। हमें पहले विश्व बाजार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के साथ कूटनीति स्थितियों का अध्ययन भी करना होगा।

# बढ़ता आईटी क्राइम

केन्द्र सरकार ने लोकसभा को बताया कि पिछले दो वर्ष में देश में साइबर सुरक्षा से जुड़ी 27,94,266 घटनाएं दर्ज की गईं। लोकसभा में अपराजिता सारंगी के प्रश्न के लिखित उत्तर में इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने यह जानकारी दी। चंद्रशेखर ने कहा कि भारतीय कम्प्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट इन) को दी गई सूचना के अनुसार वर्ष 2021 और 2022 के लिए क्रमशः 14,02,809 और 13,91,457 साइबर सुरक्षा घटनाएं दर्ज की गईं। इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने बताया कि सर्ट-इन प्रभावित संगठनों को उपचारात्मक कार्रवाइयों के साथ सूचित करता है और प्रभावित संगठनों, सेवा प्रदाताओं, संबंधित क्षेत्र के नियामकों एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ घटना प्रतिक्रिया उपायों का समन्वय करता है। चंद्रशेखर ने कहा कि समय-समय पर देश के भीतर और बाहर स्थित प्रणालियों से भारतीय साइबर क्षेत्र पर साइबर हमले करने के प्रयास किए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह देखा गया है कि हमलावर दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्थित कम्प्यूटर के माध्यम से वास्तविक प्रणाली की पहचान छिपाने के लिए नकली तकनीक एवं छिपे हुए सर्वर का उपयोग कर रहे हैं और ऐसे हमले किए जा रहे हैं। निश्चित तौर पर यह देश के लिये एक नयी समस्या खड़ी हो गयी है। झारखंड और बिहार के कई गांव और कस्बा का नाम साइबर अपराधों से जुड़ गया है और वहां की सामाजिक स्थिति इस अपराध पर ही आधारित हो गयी है। निश्चित तौर पर देश में विशेषकर पिछड़ें क्षेत्रों में इस अपराध का फैलना और इन अपराधों में सजा का प्रतिशत कम होना चिंता का विषय होता जा रहा है। चिंता का विषय है कि यह अपराध राज्य और देश की सीमाओं के बाहर से भी होने लगा है।

# स्वच्छ ऊर्जा की तैयारी में पिछड़ी सरकार

**विभिन्न** वैश्विक ऊर्जा सम्मेलनों में भारत ने वर्ष 2070 तक विशुद्ध रूप से स्वच्छ अथवा हरित ऊर्जा राष्ट्र में तब्दील हो जाने का ध्येय रखा है ताकि बढ़ते जा रहे वैश्विक तापमान-जनित मौसमी बदलावों को नाथने में बाकी देशों की तरह योगदान हो पाए। तो इस राह में देश कहां तक पहुंचा है? और यदि कुछ हुआ है तो कितना बढ़िया कर दिखाया है?

अव्वल तो बढ़ता वैश्विक तापमान कोई ख्याली घोड़ा नहीं है, जिसका हौवा किन्हीं गैर-सरकारी संगठनों ने खड़ा किया हो और जिसको भारत इसलिए नजरअंदाज कर दे कि उच्च आर्थिक वृद्धि दर और तेजी से बढ़ती प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत के साथ अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की दौड़ तेजी से जीती जा सकेगी। ऐसा करने पर भारत को उस जगह चोट लगेगी जहां सबसे अधिक पीड़ा होती है। नेचर क्लाइमेट चेंज नामक पत्रिका के एक हालिया अध्ययन के मुताबिक यदि विश्व में उच्च स्तर का वैसा ग्रीन उत्सर्जन होता रहा जैसा कि अब हो रहा है तो एशियाई क्षेत्र में बैंकॉक, हो-चि मिन्ह और मनीला के अलावा चेन्नई और कोलकाता ऐसे शहर हैं जिनपर अगली सदी की शुरूआत से पहले बहुत अधिक खतरा बन जाएगा।

उच्च खतरा श्रेणी में आने वालों में, पश्चिमी उष्ण प्रशांत महासागरीय द्वीप और हिंद महासागर का पश्चिमी इलाका भी है। यह निष्कर्ष समुद्र की जल-सतह में उत्तरोत्तर अंतर को अल नीनो कारक से जोड़कर, इसके प्रभाव से बदलते जा रहे मौसम से निकाला गया है। इसलिए, मौसमी बदलाव वह तत्व हैं, जिन्हें यदि भारत नजरअंदाज करेगा तो आगे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

स्वच्छ ऊर्जा बनाना भारत की मुख्यधारा ऊर्जा नीति का अंग नहीं रहा। सबसे ज्यादा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन करने वाले मुल्कों में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है, लेकिन जिस तरह पिछले साल कोयला खदानों की सबसे बड़ी नीलामी की गई है, उससे लगता है इस पायदान को लेकर वह खास चिंतित नहीं है। कोई हैरानी नहीं कि भारत के कुल बिजली उत्पादन में 70 फीसदी हिस्सा जीवाश्म ईंधन से पैदा होता है। फिलहाल सतत ऊर्जा का योगदान 10 प्रतिशत ही है और आने वाले सालों में ऊर्जा मांग में बढ़ोतरी एक दशक तक प्रति वर्ष 6 फीसदी की दर से होने की आस है।





- सुबीर रॉय

> लेकिन यह करना दरअसल अंतिम परिणामों का हुक्म आंरभ में करने जैसा है। नीति ऐसी होनी चाहिए जिससे न केवल सतत एवं स्वच्छ ऊर्जा क्षमता बनाने की गति बढ़े बल्कि इसका भंडारण और संलग्न आधारभूत ढांचा भी विकसित हो। सरल शब्दों में, केवल पवन ऊर्जा या सौर ऊर्जा बिजली उत्पादन इकाइयां बनाना काफी नहीं है।

एक ऐसी व्यावहारिक नीति बनाने की जरूरत है जिससे सोलर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए जमीन का अधिग्रहण हो सके। आमतौर पर स्थानीय लोग ऐसे अधिग्रहणों का विरोध न केवल अपनी आय को लेकर बल्कि भावनात्मक लगाव की वजह से भी करते हैं। इस नीति में कंगाल हुए पड़े राज्य बिजली बोर्डों की समस्या का भी निदान हो। अब जबकि हालात यह हैं कि उनके पास बिजली उत्पादक कंपनियों का बकाया तक चुकाने का पैसा नहीं है तो ऐसे में वे स्वच्छ ऊर्जा जैसे वैकल्पिक स्त्रोतों के विकास में निवेश कैसे कर सकेंगे, यह सवाल ही पैदा नहीं होता।

गनीमत है कि कुछ नीति उत्प्रेरक पहले से मौजूद हैं, मसलन, ऊर्जा संचय कानून और बिजली उत्पादक कंपनियों को स्वच्छ ऊर्जा का इस्तेमाल अधिक करने के दिशा-निर्देश। लेकिन यह करना दरअसल अंतिम परिणामों का हुक्म आंरभ में करने जैसा है। नीति ऐसी होनी चाहिए जिससे न केवल सतत एवं स्वच्छ ऊर्जा क्षमता बनाने की गति बढ़े बल्कि इसका भंडारण और संलग्न आधारभूत ढांचा भी विकसित हो। सरल शब्दों में, केवल पवन ऊर्जा या सौर ऊर्जा बिजली उत्पादन इकाइयां बनाना काफी नहीं है। इनके साथ बड़ी क्षमता की ऊर्जा भंडारण सुविधाएं बनाना भी उतना ही आवश्यक है। यह इसलिए कि पर्याप्त वायु गति और सूर्य प्रकाश सदा नहीं होता। इसलिए फालतू ऊर्जा को विशालकाय बैटरी-बैंकों में संचय करना पड़ता है ताकि जरूरत पड़ने पर, ग्रिड का स्थायित्व बनाए रखने में उस वक्त बिजली छोड़ी जाये जब उत्पादन न हो रहा हो। इससे सतत ऊर्जा की प्रति इकाई उत्पादन दर बढ़ जाती है और कुल निवेश की लागत भी। इसके अलावा, ऐसी बृहद नीति हो जो न सिर्फ घरों, दफ्तरों, शॉपिंग माल्स और ऐसे अन्य भवनों की छतों पर सोलर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा दे बल्कि इसे अनिवार्य बनाए। यह होने पर, संस्थापित ऊर्जा क्षमता में इजाफा होगा। एक धूप भरे दिन में, किसी छत पर लगा सोलर ऊर्जा पैनल उस भवन में खपत होने वाली बिजली से अधिक उत्पादन करेगा, फालतू बिजली को ग्रिड में भेजा जा सकता है और रात को उसी ग्रिड से बिजली प्राप्ति होगी। उपभोक्ता को केवल खरीदी हुई बिजली का भुगतान करना पड़ेगा जिसकी गणना स्मार्ट मीटरों से होगी, जो इस आवाजाही का हिसाब रखने में सक्षम होंगे।

इस व्यवस्था से उपभोक्ता को बड़ा लाभ यह होगा कि बिल में ईंधन मूल्य मद न जुड़ने से बिल की कुल रकम बहुत कम रह जाएगी। लेकिन यह तभी संभव है जब सारी व्यवस्था भली तरह निर्मित कर दी जाए। पहले-पहल, उपभोक्ता को आवश्यक निवेश करना होगा। इसको कारगर बनाने में, नीति में दो चीजें करनी होंगी झ छत पर सोलर पैनल लगाना अनिवार्य करना और निवेश पर आरंभिक सब्सिडी देना। हालांकि बड़ी सोलर ऊर्जा क्षमता बनाने लिए बड़े सोलर पैनलों की जरूरत पड़ती है, जिनपर आया खर्च कुल लागत का बहुत बड़ा हिस्सा होता है। भारत अपनी जरूरत के अधिकांश सोलर पैनल खुद न बनाकर पूरे-के-पूरे या पुर्जों के रूप में आयातित करता है, जो अबतक ज्यादातर चीन से आते हैं। इसलिए सरकार ने अब दोहरी नीति वाला तरीका अपनाया है। इसके तहत जहां घरेलू सोलर पैनल एवं पुर्जा उत्पादकों को प्रोत्साहन लाभ दिया जा रहा है वहीं चीन से आयातित सोलर पैनलों और पुर्जों पर तगड़ा आयात शुल्क लगेगा। लेकिन, आयात दरों की व्यवस्था को बहुत बारीकी से सोच-समझकर तय करना होगा। हालांकि आरंभिक तगड़े आयात शुल्क का मंतव्य सस्ते सोलर पैनलों की बाढ़ रोककर घरेलू उत्पादकों का काम-धंधा सुनिश्चित करना है परंतु इससे स्वदेशी क्षमता बनने से पहले जो अनिवार्य सामग्री चाहिए उसके आयात-मूल्य पर भी असर पड़ता है। आज की तारीख में हालात यही हैं।

## खास बात

# नेम प्लेट से क्यों गायब हैं महिलाएं

**आर.के. सिन्हा**

**हर** सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। यह बात अपने आप में सौ फीसद सही भी है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह किसी न किसी मातृशक्ति का रोल रहता है। पर, उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में थोड़ी सी जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग अबतक बहुत कम ही लोग हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा।

इस रोचक अध्ययन के दौरान राजधानी दिल्ली के राजौरी गार्डन, विवेक विहार, आई.पी.एक्सटेंशन और न्यू राजेन्द्र नगर के 160 घरों और फ्लैटों के बाहर लगी नेम प्लेट को देखा गया। इस अभियान के दौरान कई चौंकाने वाले, तो कुछ नए तथ्य सामने आए। इन सभी कालोनियों में खाते-पीते और पढ़े-लिखे लोग रहते हैं। इन 160 घरों में सिर्फ 23 घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में महिलाओं के नाम मिले। इनमें भी 11 नेमप्लेट में महिलाओं के नाम घर के पुरुष सदस्यों के नामों के साथ थे। इन्हीं 11 में से पांच महिलाओं के नामों के आगे डॉ. लिखा था। यानी कि वह मेडिकल पेशे से संबंध रखती हैं। हो सकता है कि किसी ने अन्य विषय में पीएचडी की डिग्री ली हो। तो माना जाए कि जिन लोगों ने अपने घर की महिला सदस्यों के नाम डॉक्टर न होने के बावजूद नेमप्लेट में रखे, वे वास्तव में अलग तरह के लोग हैं।

ये आदरणीय हैं। इसके साथ ही वकालत के पेशे से जुड़ी महिलाओं के नाम भी नेमप्लेट में जगह पा जाते हैं। आप मुंबई, पटना, रांची, चंडीगढ़ या देश के किसी भी छोटे-बड़े शहर में चले जाइये। वहां के किसी आवासीय इलाके में घूमिए। आपको कमोबेश वही स्थिति मिलेगी जो दिल्ली में है। सब जगह आधी दुनिया अन्याय का शिकार हो रही है। उन्हें घर के भीतर न्याय मिलने का फिलहाल तो इंतजार है। मालूम नहीं कि उन्हें कब उनका जायज हक मिलेगा। मैंने हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं देखा।

# जीवन के भाव

## विचार-प्रवाह

**अमीश**

**और** जिन्होंने अमन-चैन से जीवन गुजारा हो, वे ऐसी तस्वीर खीचेंगे, जिसमें दुनिया चमकती दिखेगी, अच्छाई से भरी। लेकिन दरअसल ऐसा है नहीं। होता इसका उल्टा है। अब आप सवाल करेंगे कि कैसे, क्यों?

क्या जो मुश्किलें झेलते हैं, वे उनसे सबक लेते हैं? ज्यादा नैतिक हो जाते हैं? हर शख्स में सज्जनता होती ही है, लेकिन क्या दुश्वारियों से गुजरने वाले लोग ज्यादा भले बन जाते हैं? प्राचीन भारत के लोग आध्यात्मिक उन्नति में कष्ट की भूमिका की बात किया करते थे। चुनौतियों में अवसर होते हैं। मुश्किल दौर उलट-पुलट वाले होते हैं और हो सकता है कि उनका सामना करने वालों में सज्जनता बढ़ जाए। हमें मांजकर बेहतरीन इंसान बना सकता है दुख। यह विडंबना ही है कि जिंदगी की आसानियां इंसान में ऐसा भाव भर सकती हैं कि जो जैसा हो रहा है, ठीक ही है। यह भावना पतन की राह पर ले जा सकती हैं।

आज पश्चिमी जगत के ऊंचे तबके के नौजवानों के पास जो सहूलियतें हैं, वे इंसानी इतिहास में अब तक किसी को हासिल नहीं थीं। ऐसे में यह समझना मुश्किल है कि उनमें इतना गुस्सा क्यों है। भौतिक सुख-सुविधाओं के लिहाज से अब तक की सबसे अच्छी जिंदगी जीने के बावजूद उनकी सोच नकारात्मक क्यों है? विध्वंस की बेचैनी क्यों है उनमें? महात्मा बुद्ध ने चार आर्य सत्यों से कराया था हमारा परिचय। पहला सत्य है दुख। जीवन दुख है, ऐसा बुद्ध ने कहा था। दुख के बारे में उनके जो विचार हैं, वे महज कष्ट सहने तक सीमित नहीं हैं। वे कहीं ज्यादा बड़ा दायरा बनाते हैं। इसमें बेचैनी और असंतोष का भाव भी है।

**दक्षिण** की शानदार फिल्म आरआर मूवीज के नाटू-नाटू गीत ने आस्कर जीत कर धूम मचा दी है। लोग सोचते हैं कि नाटू का अर्थ क्या है। नाटू मूलतः (नटराज के) नट से निकला है जो नाट्य की अभिव्यक्ति है। यह शब्द शास्त्रीय अर्थ में दक्षिण व उत्तर में भारत की सांस्कृतिक एकरूपता का प्रतीक है।

– सुधांशु त्रिवेदी

## आपके ट्वीट

**प्रश्नकाल** में खड़े होकर सवाल नहीं पूछते हैं राहुल गांधीअल्पकाल चर्चा में शायद ही भाग लेते हैं। लंदन प्रवास से पहले संसद में हुए बहस में राहुल गांधी अपने आवंटित वक्त से ज्यादा समय तक बोले, फिर भी बोलते हैं माइक बंद किया जाता है। – अन्नपूर्णा देवी





**देश** के रक्षा सौदा को अडानी और इसके संयुक्त कंपनी एलारा को सौपा जाना कितना सही है। क्या देश की सुरक्षा को भी अब इस प्रकार अपने स्वार्थ के लिये दे दिया जाएगा। क्या यह राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खेल नहीं है।

– राहुल गांधी

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### प्रभावी सोच

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रतिनिधि अधिवेशन में शीर्ष नेतृत्व ने छुआछूत और जातिवाद पर प्रहार करते हुए इनको खत्म करने का आह्वान किया है। इसका परिणाम सुखद होगा। आज भी जातीय श्रेष्ठता का दंभ भरने वालों की कमी नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यह पहल सराहनीय एवं सार्थक पहल साबित होगी।

– प्रदीप गुप्ता, जमशेदपुर

### अपूरणीय क्षति

**हिन्दी** के महान पैरोकार, निर्भीक, अनुभवी और बेबाक पत्रकार डाक्टर वेद प्रताप वैदिक का अकस्मात निधन सभी हिन्दी प्रेमियों व उनके पाठकों के लिए अपूरणीय क्षति है। आजादी के बाद हिन्दी को सम्मान दिलाने में उनका बहुत बड़ा योगदान माना जाएगा। उन जैसी निष्पक्ष पत्रकारिता का पर्याय मिलना मुश्किल है। पूरे हिन्दी जगत को आघात पहुंचा है।

– सुरेन्द्र सिंह, रांची

# उपभोक्ताओं के अधिकार और संरक्षण की बात

**योगेश कुमार गोयल**

जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, नाप-तोल में गड़बड़ी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी अथवा वारंटी के बावजूद सेवा प्रदान नहीं करना इत्यादि समस्याओं से ग्राहकों का सामना अक्सर होता रहता है। उपभोक्ता आन्दोलन की नींव सबसे पहले 15 मार्च, 1962 को अमेरिका में रखी गई। भारत में उपभोक्ता आंदोलन की शुरूआत मुंबई में वर्ष 1966 में हुई। तत्पश्चात पुणे में 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। उपभोक्ताओं को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून भी बनाए गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित एवं कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इस दिवस को मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए देश में 20 जुलाई 2020 को ह्यउपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया। यह कानून अब साढ़े तीन

## कानून

दशक पुराने ह्यउपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986ह्ल का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतें उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कितना बड़ा काम कर रही हैं। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हजार्ना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को एक हजार दंड देना पड़ा।

# एक सुरुचिपूर्ण सपाट बयान देने वाले पत्रकार का अवसान

**डॉ. प्रभात ओझा**

डॉ. वेद प्रताप वैदिक के बारे में निजी अनुभव इस लेखक जैसे अनेक लोगों के हो सकते हैं। मीडिया के किसी संस्थान में वैदिक जी का लेख छापने अथवा जारी करने से पहले उससे होकर गुजरना सुखकर के साथ नित नई जानकारी हासिल करना था। कम शब्दों में गंभीर से गंभीर विषय पर सारगर्भित लेखन डॉ. वैदिक की विशेषता रही है। मंगलवार सुबह जब उनका निधन हुआ, उसके ठीक पहले सुबह ही अखबारों में उनका अंतिम लेख पढ़ने को मिला।

लेख में वे हमारे पड़ोसी चीन की चाल सहज समझा गये। अपने लेख में वे बताते हैं कि ईरान और सऊदी अरब के बीच समझौता कराने का श्रेय लेकर चीन इन दोनों देशों से भारत के अच्छे संबंधों पर असर डालना चाहेगा। सऊदी अरब और ईरान भारत के अच्छे मित्र हैं, परन्तु उन दोनों के आपसी संबंध करीब सात साल से बहुत ही खराब चल रहे थे। उनमें मेल कराने के बाद चीन दोनों को अहसास करना चाह रहा है कि वह उन दोनों के लिए भारत से बेहतर मित्र है।

वैदिक जी का उक्त लेख बहुत छोटा-सा है। अधिकतम 350-400 शब्दों में अपनी बात कहने के वे अभ्यस्त रहे। कारण समझने के लिए हमें वैदिक जी की समझ से गुजरना होगा। उन्हें सुनते और पढ़ते समय लेखक में अत्यधिक अहम होने तक का अहसास हो सकता है। फिर जब हम जानेंगे कि यह अपनी बात सीधे सपाट शब्दों में कहने के कारण पैदा होता है।

## स्मृति शेष



एक तो वे भारतीय भाषाओं के प्रबल पक्षधर रहे। अपने शोधपत्र को हिन्दी भाषा में रखने के लिए उनके संघर्ष से पाठक वर्ग परिचित हैं। हिन्दी में लेखन के दौरान लगता है कि उन्होंने खुशवंत सिंह की शैली अपनाई। उन्हीं की तरह यह बताना कि अमुक विषय में मैंने क्या किया। इस मसले को इस तरह से देखा जाय तो हम ऐसे पत्रकारों को समझ सकेंगे, जो अपने अनुभव के बल पर लिखा करते थे।

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में अफगान अंतरराष्ट्रीय मामलों में अध्ययन के साथ वैदिक जी ने मॉस्को में इंस्टीट्यूट ऑफ पीपल ऑफ एशिया और लंदन के स्कूल ऑफ ओरियंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज से भी पढ़ाई की थी। उन्होंने 50 से अधिक देशों की यात्रा ही नहीं की, उन देशों के समाज और राजनीति पर उनका गहरा अध्ययन था।

यही कारण है कि उनकी कई रिपोर्ट उत्कृष्टता के चलते शोध की श्रेणी में मानी गईं और विभिन्न पुरस्कारों से नवाजी गयी। ये सम्मान उनकी पत्रकारिता और पत्रकारिता की भाषा, दोनों ही के लिए थे।

यहां याद करना होगा कि हिन्दी में फीचर सेवा के मामले में उनकी शुरूआत आज तक अतुलनीय मानी जाती है। हाफिज सईद जैसे भारत विरोधी कट्टरवादी से उनका इंटरव्यू विवादों का विषय बना और इसपर वैदिक जी को भी गिरफ्तार कर मुकदमा चलाने की मांग उठी। यह डॉक्टर वैदिक का साहस था कि उन्होंने ऐसी मांग करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं पर ह्यथूकनेह्ल तक की बात कह डाली। वैदिक जी में यह साहस पत्रकारिता के प्रति समर्पण, उसके सिद्धांत और मर्म की समझ के कारण उत्पन्न हुआ थी। पत्रकारिता में ऐसे साहस की जरूरत हमेशा बनी रहेगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ छावनी का चुनाव स्थगित

**रामगढ़।** रक्षा मंत्रालय द्वारा 17 फरवरी को देश के 57 छावनी क्षेत्रों के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर की गई थी। अधिसूचना के तहत रक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय सरकार छावनी अधिनियम 2006, (2006 का 41) धारा 15 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 30 अप्रैल 2023 को देश के 57 छावनी बोर्डों का चुनाव संपन्न करवाने का निर्णय लिया था। जिसमें रामगढ़ छावनी बोर्ड भी शामिल था। रक्षा मंत्रालय द्वारा छावनी परिषद की तिथि निर्धारित कर देने के बाद रामगढ़ छावनी परिषद चुनाव में भाग लेने वाले संभावित प्रत्याशियों की सरगर्मी बढ़ गई थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा 17 मार्च 2023 को नोटिफिकेशन जारी किया गया है। जिसमें कहा गया है कि केंद्रीय सरकार, छावनी अधिनियम 2006,(2026 का 41) की धारा 15 की उप धारा (1)के साथ पठित साधारण खंड अधिनियम 1897 ,(1897 का 10) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण भाग 2 खंड 4, तारिख 17 फरवरी 2023 में प्रकाशित भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. नि.आ. 3 (अ), तारिख 17 फरवरी को उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे विखंडन से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है ,विखंडित करती है।

### पांच को संसद घेराव करेगा सीटू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा हाथीदाड़ी खदान के समीप शुक्रवार को सीटू से संबद्ध यूनियन बीसीकेयू, एनसीओईए, जेसीएमयू, राप्रवयू की पीट मीटिंग हुई। इसकी अध्यक्षता किरण कुमार ने की। पीट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार के मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 5 अप्रैल को दिल्ली में संसद घेराव के लिए कोयला मजदूरों को जाना जरूरी है। सीटू से संबद्ध यूनियन के लोग हजारों की संख्या में पूरे भारत के कोने-कोन से संसद घेराव कार्यक्रम में दिल्ली पुहंचेगे। वक्ताओं ने कहा कि भारत सरकार कोयला मजदूरों का हुआ 11वां वेतन समझौता भी लागू नहीं कर रही है। वहीं श्रम कानूनों में तब्दीली कर रही है, जिससे कोयला मजदूरों में सरकार के खिलाफ आक्रोश है। कहा गया कि सबों को एकजुट होकर सरकार को जगाने दिल्ली जाना होगा। पीट मीटिंग को अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, बासुदेव साव, संजय वर्मा, दशरथ सिंह, बासुदेव उरांव आदि ने संबोधित किया। मौके पर गणेश राम, राजेंद्र मुंडा, अशोक सिंह, निरंजन पटेल, राजेंद्र कुमार, सुखलाल माझी, तुला खान, छोटेलाल बेदिया आदि मौजूद थे।

### अंबेडकर स्थल का पीओ ने किया निरीक्षण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पेट्रोल पंप भुरकुंडा स्थित विवादित अंबेडकर का शुक्रवार को भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी मनोज पाठक ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने विधायक प्रतिनिधि, अंबेडकर समिति और स्थानीय दुकानदारों से पूरे मामले की जानकारी ली। जहां दुकानदारो ने पीओ को बताया कि वर्षो से उक्त स्थल पर सब्जी की छोटी-बड़ी गाडियां लगती थी। इससे ट्रांसपोर्टिंग को ले काफी सुविधा मिलती थी, लेकिन रास्ता बंद हो जाने से परेशानियां बढ़ गई है। लोगों ने कहा कि अगर रास्ता मिल जाता तो हमसबों को रोजगार में सुविधा के साथ-साथ आवागमन में भी समय की बचत होगी। मामले पर अंबेडकर समिति के लोगो ने कहा कि हमलोग पांच फीट का रास्ता देने को तैयार हैं। बगल के चारदीवारी को तोड़कर लोगो के आवागमन की सुविधा दी जायेगी। वहीं विधायक प्रतिनिधि अमित साव ने कहा कि विवादित रास्ता वाले जमीन का निरीक्षण किया है। सभी पक्षों से जानकारी ले ली है। मामले से पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव को अवगत कराते हुए जल्द विवाद को खत्म करने का प्रयास किया जायेगा। अंबेडकर स्थल निरीक्षण के बाद पीओ ने भुरकुंडा कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता की। लेकिन वार्ता में भी कोई समाधान नहीं निकला। मालूम हो कि स्थानीय दर्जनों दुकानदारो ने सीसीएल बरका सयाल महाप्रबंधक को ज्ञापन देकर बंद रास्ता खुलवाने की मांग की थी। स्थानीय दुकानदारो की मांग पर महाप्रबंधक ने भुरकुंडा पीओ को निरीक्षण के लिए भेजा था। इसके बाद त्रिपक्षीय वार्ता भी लेकिन समाधान नहीं निकल सका।

### बोकारो में एटक सम्मेलन शुरू



भुरकुंडा (रामगढ़)। एटक का छठा झारखंड राज्य सम्मेलन शुक्रवार 17 मार्च से बोकारो के सेक्टर 2 स्थित कला केंद्र में एक विशाल आमसभा के साथ शुरू हुई। इसकी अध्यक्षता एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड रामेंद्र कुमार ने की। आमसभा में मुख्य वक्ता एटक के महासचिव कॉमरेड अमरजीत कौर ने जनता को संबोधित किया। मौके पर कॉमरेड रमेन्द्र कुमार ने कहा कि ढोल का पोल खुल गया, यानी कि मोदी जी कहते थे कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। देश का सबसे बड़ा घोटाला अदानी घोटाला है। उन्होंने कहा कि देश पूंजीपतियों के हांथों बिक गई है। आमसभा को एटक के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं जामा विधायक सीता सोरेन, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, एटक के केंद्रीय उपाध्यक्ष विद्या सागर गिरी, कॉमरेड पीके गांगुली, महासचिव, झारखंड राज्य, एटक, कॉमरेड अशोक यादव, कॉमरेड लखन लाल महतो ने आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से करीब 200 प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिसमें कोयला, तांबा, इस्पात, लोहा, ट्रांस्पोर्ट, बीमा, बैंक, राज्य कर्मचारी, एनटीपीसी, संगठित और असंगठित आदि उपक्रमों से प्रतिनिधि भाग लेंगे। बताया गया कि 17 से चलने वाला आमसभा 19 मार्च तक चलेगा। आमसभा में सत्रुधन महतो, नरेश मंडल, रामजी साह, बिनोद बिहारी पासवान, विकास कुमार, प्रेम कुमार, अरबिन्द शर्मा, महलाल मांझी, राजेन्द्र प्रसाद, पप्पू कुमार, अरशद हुसैन, रघुनाथ प्रसाद, कर्मा मांझी, विनोद मिश्रा, नंदू यादव, सतीश केशरी हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

मंगला जुलूस में डीजे का विरोध करने पर प्राथमिकी करने का मामला सदन में गूंजा

# सीएम करें हस्तक्षेप : विधायक

**सरकार तुष्टिकरण की राजनीति के लिए हिंदू आस्था के साथ कर रही है खिलवाड़ : जायसवाल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** रामनवमी जुलूस को लेकर शुक्रवार को विधायक मनीष जायसवाल ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान हजारीबाग जिले में रामनवमी से पूर्व करीब पांच हजार लोगों पर 107 की कार्रवाई करने और प्रथम मंगला जुलूस के दिन डीजे पर पाबंदी का विरोध करने पर 9 लोगों को नामजद करते हुए 200 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के मामले को सदन पटल पर गंभीरता से उठाया। सदन पटल पर विधायक मनीष जायसवाल ने गूंजते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि अध्यक्ष महोदय पिछले दो-तीन दिनों से हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी की भव्यता और उसके स्वरूप को सूक्ष्मा करने का जो प्रयास किया जा रहा है उसे लेकर मैं निरंतर आवाज बुलंद कर रहा हूं। पहले तो जिला प्रशासन के द्वारा बिना कोई स्पॉट विजिट किए हुए तादाद में लोगों को 107 का नोटिस भेज दिया गया ताकि आम नागरिकों में भय का माहौल व्याप्त हो सके। उसके बाद हजारीबाग के पहले मंगला जुलूस के दौरान रामनवमी जुलूस के दौरान सरकार और प्रशासन द्वारा किए गए पाबंदी के खिलाफ शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे 9 लोगों पर नामजद और करीब 200 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर दी गई। इसे लेकर एक बहुत बड़ा दल हजारीबाग में भूख हड़ताल पर बैठा है। विधायक मनीष जायसवाल ने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से आग्रह करते हुए कहा कि सदन में सूबे के मुख्यमंत्री बैठे हैं और मैं उनसे आग्रह करता हूं कि एक बार आप खुद इस पर हस्तक्षेप करें और मामले को



शांत कराएं। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि झारखंड के सभी जगहों पर अलग नियम है और सिर्फ हजारीबाग के लिए डीजे पर पाबंदी कहां तक उचित है। हजारीबाग झारखंड में नहीं है क्या? विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जिला प्रशासन का इतना मनमानी और कितने दिनों तक हमलोग सहेंगे? विधायक मनीष जायसवाल के सवाल पर जवाब देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सीएम अपने जवाब में अपनी बातें रखेंगे । सदन में मामला उठाने से पहले विधायक मनीष जायसवाल ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हमलोग लोकतंत्र में विश्वास करते हैं और पहले लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बातें सरकार तक पहुंचाएंगे। हमारी मांगों पर अमल नहीं हुआ तो फिर अपने तरीके से कार्य करेंगे। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी की भव्यता को लगातार झारखंड की गठबंधन सरकार के इशारे पर दबाने का प्रयास किया जा रहा है और दमनकारी फैसलों के माध्यम से इसे लेकर प्रोटेस्ट कर रहे लोगों पर एफआईआर तक की जा रही है। सरकार तुष्टिकरण की राजनीति के लिए हिंदू आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है।

# सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में पानी की आपूर्ति करें : डीसी

**कई विभागों की रामगढ़ उपायुक्त ने की समीक्षा**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को कई विभागों की समीक्षा की। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सहायक अभियंताओं एवं कनीय अभियंताओं को उपायुक्त ने सर्वे कराकर शत प्रतिशत विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड अंतर्गत पलानी झरना पर्यटन स्थल में पर्यटकों के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में किए गए कार्यो की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को आगामी बरसात का मौसम शुरू होने के पूर्व योजनाओं को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए संपन्न करने का निर्देश दिया । उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों व विद्यालयों में चाहरदीवारी को लेकर संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। भवन निर्माण निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड में बालिका आवासीय विद्यालयों के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड में प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल के निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

उपायुक्त ने रामगढ़ शहर अंतर्गत मायाटुंगरी पहाड़ को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने के मद्देनजर सीढ़ियों पर रेलिंग का कार्य करने सहित पर्यटकों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए । उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल रामगढ़ को चुट्टूपालू घाटी में सभी स्ट्रीट लाइट का कार्य करना सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित कार्यपालक अभियंताओं एवं अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लेने एवं ससमय योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया । उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को गोट कॉपरेटिव परियोजना 2022-23 के तहत किए जा रहे कार्यों का स्थल निरीक्षण कर सभी योग्य लाभुकों को इसका लाभ देने का निर्देश दिया।

### ग्रामीण इलाकों में सोलर लाइट लगा रहा है अडाणी फॉउंडेशन

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने बड़कागांव प्रखंड के गाली और बलोदर गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाया है।



प्रथम चरण के तहत आठ सोलर लाइट लगाए गए हैं। इन लाइटों के लगने से गांव दूधिया रोशनी से जगमग हुए हैं। फॉउंडेशन की ओर से अगले कुछ दिनों में 25 लाइट्स और लगने हैं। 20 वाट की क्षमता वाले सोलर लाइट लगने से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। रात के समय अंधेरे या बिजली कटौती की वजहों से हो रही दिक्कतों से ग्रामीणों को निजात मिली है। लाइट लग जाने से इलाके में आवागमन बढ़ा है और लोगों में सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से आने वाले समय में अम्बाजीत, बादम और गोंदलपुरा में भी सोलर लाइट लगाए जाने हैं। इन लाइटों की अगले तीन वर्षों तक देखभाल भी अदाणी फॉउंडेशन की ओर से ही की जाएगी। इलाके में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत अडाणी फॉउंडेशन इलाके की आधारभूत संरचना के विकास पर अधिक ध्यान दे रहा है। ग्रामीणों की ओर से मिले फीडबैक के आधार पर कई योजनाओं पर कार्य जारी है।

### बेहतर समाज के लिए शिक्षित होना जरूरी : सत्यवंती देवी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में जिला शिक्षा पदाधिकारी सह सचिव जिला साक्षरता समितिके आदेशानुसार शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में पंचायत स्तरीय साक्षरता समिति 2023 का पुर्नगठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सत्यवंती देवी (मुखिया) सचिव नरेश हजाम (पंचायत सचिव), रवीश कुमार प्रधानाध्यापक, किरण सिंह आंगनबाड़ी सेविका, रंजू सिंह सहिया, छुबी देवी जल सहिया, बिनोद कुमार पुरुष साक्षरता कर्मी, ज्योति लकड़ा महिला साक्षरता कर्मी, समाजसेवी राजू नायक, भरत व इसरत जहां शामिल हैं। पंचायत स्तरीय साक्षरता समिति का कार्य शिक्षा के महत्व को देखते हुए ग्राम पंचायत के वैसे युवा व बुजुर्ग नागरिक जो किसी कारणवश पढ़-लिख नहीं सके हैं, वैसे समस्त नागरिकों को शिक्षित करना है। ताकि ग्राम पंचायत पूर्ण रूप से साक्षर हो सकें। त्यवंती देवी ने कहा कि जिस तरह शिक्षा के बिना बेहतर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। उसी तरह शिक्षा के बिना बेहतर समाज का निर्माण भी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि समिति अपने दायित्वों के तहत हर संभव प्रयास करेगा कि हर हाल में पंचायत के तमाम लोग शिक्षित हो सकें।

# नामांकन के लिए टीसी हो अनिवार्य : मिथिलेश यादव

**बरही।** बगैर स्थानांतरण प्रमाण पत्र के सभी कोटि के विद्यालयों में नामांकन नही होना चाहिए इस बात की जानकारी निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव, उपाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार दत्ता व सचिव नितेश गुप्ता ने कहा कि बरही के सभी कोटि के विद्यालयों से अनुरोध और आग्रह किया है कि विद्यालय में किसी भी बच्चे का नमांकन बिना टीसी का ना लिया जाए। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों के शिक्षक अपने मेहनत और संघर्ष के दम पर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जला रहे है। कोरोना काल का आर्थिक नुकसान और असर अभी भी विद्यालयों पर है।उन्होंने कहा कि हमसबों को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि थोड़ी सी स्वार्थ और लोभ में किसी विद्यालय का आर्थिक नुकसान ना हो। डॉ सुनील दत्ता ने कहा कि यह



दुर्भाग्य कि बात है कि आज भी लोग शिक्षा और शिक्षक का कद्र नहीं करते है। ऐसा देखा जाता है कि अभिभावक स्कूल की फीस बेवजह बकाया रखते हुए बच्चे का नामांकन अन्यत्र किसी अन्य विद्यालयों में करा देते है। इस तरह की मानसिकता वाले अभिभावकों से विद्यालय प्रबंधन को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षा विभाग और सभी सरकारी, गैर सरकारी स्कूलों से संघ सहयोग की अपेक्षा की है।

### चरही में तापिन साउथ इकाई का हुआ गठन

**चरही ।** शुक्रवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक तापीन साउथ सीसीएल ऑफिसर्स क्लब में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राम किशोर मुर्मू ने की। बैठक का उद्देश्य यूनियन के विस्तार करना था। सर्व सम्मति से तापीन साउथ इकाई का गठन किया गया। पर्यवेक्षक के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष कुर्बान अंसारी,क्षेत्रीय सचिव अकल उरांव,विजय राम,परमेश्वर सिंह भोगता,धीरज कुमार मांझी,अनवर अहमद,सोमरा मुंडा,राजकुमार वर्मा मनीषा देवी और शोभा देवी उपस्थित थे। सर्व सम्मति से कमिटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष सुरजन मांझी,उपाध्यक्ष जयराम टुडू और दयानंद मंडल सचिव दिनेश्वर रविदास,सह सचिव मो. इरफान अंसारी,मन्नू टुडू और नवीन आजाद बारला कोषाध्यक्ष जीवन कुमार तथा संगठन मंत्री अजित कुमार हैं। इसके साथ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में लालो मांझी, बाढ़ो मांझी को बनाया गया है।

# 31 मार्च से उत्तरी ध्रुव चढ़ेंगे सत्यरूप

**19 को रांची आइआइएम छात्रों को संबोधित करेंगे**



**बासल (रामगढ़)।** जाने-माने पर्वतारोही और गिनीज वर्ल्ड रिकर्ड होल्डर सत्यरूप सिद्धांत आइडियाट इंस्पायर इग्नाइट फाउंडेशन, आईआईएम रांची के सहयोग से नॉर्थ पोल एक्सपेडिशन लास्ट डिग्री स्कीइंग की शुरुआत करेंगे। उनका सफर 31 मार्च को शुरू होगा। अपने सफर के संबंध में वे 19 मार्च को आईआईएम रांची परिसर में फ्लैग ऑफ समारोह के दौरान छात्रों और रांची वासियों को संबोधित करेंगे। सत्यरूप सिद्धांत दुनियां के उन कुछ पर्वतारोहियों में से एक हैं, जिन्होंने सात महाद्वीपों, सात ज्वालामुखी शिखरों और अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई की है। अब उनका लक्ष्य उत्तरी ध्रुव को फतह करना है। उनके इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सतत विकास लक्ष्य 13 के तहत जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण और ग्लोबल वार्मिंग के बारे में जागरूकता पैदा करना है। फाउंडेशन के संस्थापक और निदेशक राजीव गुप्ता ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य विचारकों और समान विचारधारा वाले लोगों के साथ मिलकर समाज का कल्याण और विकास प्रदान करना है। सत्यरूप सिद्धांत के उत्तरी ध्रुव अभियान का समर्थन करके फाउंडेशन काफी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। क्योंकि यह अभियान सतत विकास लक्ष्यों को बढ़ावा देने का समर्थन करता है। उनकी यात्रा दुनिया भर के लाखों लोगों को अपने सपनों को आगे बढ़ाने और चुनौतियों से पार पाने के लिए प्रेरित करेगी। आईआईएम रांची के निदेशक डॉ दीपक कुमार ने कहा कि सत्यरूप सिद्धांत की यह गतिविधि छात्रों में उनके भविष्य की चुनौतियों के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाने का काम करेगी।

## एक नजर में

### बीमा योजना के तहत मिला 2 लाख रुपये




**बरही।** बीमा क्लेम जागरूकता दिवस के तहत शुक्रवार को बरही पश्चिमी पंचायत सचिवालय में बरही पश्चिमी आजीविका महिला ग्राम संगठन भाग-1 व भाग-2 के द्वारा बीमा क्लेम जागरूकता दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत सखी मंडल से जुड़ी सभी दीदी एवं उसके परिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत जोड़ना है और बीमा क्लेम से संबंधित नियमों प्रावधानों एवं जरूरी दस्तावेजों पर जानकारी देना है। इसी के तहत शुक्रवार को बरही पश्चिमी पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सखी मंडल से जुड़ी केदारूत पंचायत अंतर्गत खेरौन गांव अंतर्गत संतोषी आजीविका सखी मंडल से जुड़ी रेनू दीदी जो प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ ली थी। उसके दुर्घटना बीमा अंतर्गत झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक हजारीबाग शाखा प्रबंधक बरही सीबीआई राधेश्याम सिंह, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, केदारूत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव के द्वारा संयुक्त रूप से 2 लाख रुपये का डमी चेक उनके नॉमिनी को दिया गया। जागरूकता कार्यक्रम में बरही प्रखंड के 20 पंचायत के 87 आजीविका महिला ग्राम संगठन के सखी मंडल दीदियों के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही पश्चिमी आजीविका महिला ग्राम संगठन भाग-1 भाग-2 की अध्यक्ष अनीता देवी, सचिव गोरा देवी, कोषाध्यक्ष नंदा देवी, भाग-2 से अध्यक्ष रेणु देवी, लेखापाल रीना एवं ममता देवी, सक्रिय महिला संगीता शर्मा, बैंक सखी रिंकू देवी, एप्स सुनीता देवी, सीआरपीपी गायत्री देवी एवं समस्त मंडल की सदस्य उपस्थित थी।

### रामनवमी के महासमिति अध्यक्ष बने कुणाल

हजारीबाग। पत्रकार कुणाल यादव हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी- 2023 के अध्यक्ष चुने गए। लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव के माध्यम से अध्यक्ष का चुनाव हुआ। कुणाल यादव को कुल 96 वोट प्राप्त हुए और विजयी बनें। दुसरे स्थान पर पवन गुप्ता को 61 वोट और तीसरे स्थान पर मनीष कुमार 56 वोट प्राप्त हुए। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर कुणाल यादव को बधाई दी। विधायक मनीष जायसवाल ने आशा व्यक्त करते हुए कहा की कुणाल यादव के नेतृत्व में 2023 का रामनवमी सौहार्दपूर्ण वातावरण में उल्लासपूर्वक संपन्न होगा ।

### अमृत ट्रॉफी टूर्नामेंट, चरही फाइनल में पहुंचा

**चरही।** हजारीबाग कर्जन ग्राउंड स्टेडियम के मैदान में अमृत ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल मैच सम्पन्न हुआ , जिसमे अमृत ट्रॉफी टूर्नामेंट के अंतिम चरण के सेमिफाइनल में चरही बनाम रेलीगढा के बीच खेला गया । जिसमे चरही ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 2-0 से विजयी हुई। ज्ञात हो कि अमृत ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से लगभग 300 टीमों ने हिस्सा लिया था। यह मैच हजारीबाग कर्जन ग्राउंड स्टेडियम के मैदान में संपन्न हुआ ।चरही और दूसरे फाइनलिस्ट टीम को एक सप्ताह के लिए जमशेदपुर फुटबॉल एकेडमी में प्रशिक्षण दी जाएगी। प्रशिक्षण के उपरांत फाइनल मैच हजारीबाग कर्जन स्टेडियम में ही दो टीमों के बीच संपन्न होगा .इस टूनामेंट में फाइनल जीतने वाले खिलाड़ियों को एक लाख रुपये नगद प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जायेगा। चरही की ओर से खिलाड़ियों में दर्शन सोरेन, द्रविड़ सोरेन, विशाल मुर्मु,सूरज हांसदा, रितेश ,तुलेश्वर कुमार, नेमन कुमार, चंदेश्वर, बैजू, संजय टुडु,ब्रजेश सोरेन, विकास टुडू, शिव हांसदा, फुलेश्वर कुमार, आकाश हांसदा सहित अन्य खिलाड़ी शामिल है।

### 11 वाहनों से वसूला गया 24,600 रुपये

**दारू।** अंचलाधिकारी नीतू कुमारी के नेतृतव में डीटीओ कार्यालय व दारू थाना पुलिस के सहयोग से गुरुवार को झुमरा साप्ताहिक हाट और दारू थाना के सामने वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में तिपहिया व चार पहिया वाहनों के कागजातों जांच की गई। जांच में कागजातों की कमी रहने के कारण 11 वाहनों से कुल 24,600 रुपैये की जुमार्ना वसूला गया जबकि तीन ऑटो और एक बोलेरो पिकअप वाहन को जप्त कर दारू थाना ले जाया गया। इस बारे में अंचलाधिकारी ने बताया कि झुमरा साप्ताहिक हाट में वाहनों को इधर उधर खड़ा कर दिया जाता है जिससे सड़क जाम हो जाती है और सड़क दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है इसलिए इस तरह की जांच कर करवाई आगे भी जारी रहेगी।

### वन बचाव को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के आठों पंचायत के कई गांव में इन दिनों जंगलों में महुआ चुनने के दौरान खर पतवार को क्षेत्रीय लोगों द्वारा जलाया जा रहा है ।जिसके क्रम में कई जंगली जीव आग के लपेटे में आने के कारण जल रहे कई वृक्षों को भी काफी नुकसान होते हुए वायु प्रदूषण भी होते देखा जा रहा है। वन विभाग के सौजन्य से एक अनोखा पहल के तहत वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार हजारीबाग पूर्वी प्रमंडल के सौजन्य से वन्य एवं वन प्राणियों को आग से बचाने को लेकर स्कूली छात्र छात्राओं एवं पूर्वी वन प्रमंडल अंतर्गत धर्मपुर पंचायत ' विभिन्न गांवों के सभी ग्राम वन प्रबंधन समितियो को जागरूकता और एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन 18 मार्च शुक्रवार को किया जाना है। जिसमे सबंधित वन विभाग के सभी पदाधिकारी कर्मी मौजूद हेतु आमंत्रण वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी और वन प्रमंडल पदाधिकारी के ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आग्रह किया गया है।

### तीन रोजगार सेवकों का बदला पंचायत

**टाटीझरिया।** प्रखंड विकास पदाधिकारी शाईनी तिग्गा ने शुक्रवार को एक साथ प्रखंड के तीन रोजगार सेवकों का तबादला किया है. खैरा के रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद को भराजो पंचायत, भराजो पंचायत के अरविंद कुमार को टाटीझरिया पंचायत व टाटीझरिया पंचायत के दीपक राम को खैरा पंचायत आवंटित किया गया है। प्रशासनिक दृष्टिकोण के साथ साथ मनरेगा के कार्यो को त्वरित निष्पादन के लिए बीडीओ ने उक्त कार्रवाई की है ।

### रामगढ़ में एसटी व एसएसी के दो मामले

रामगढ़। उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर बैठक की। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी द्वारा उपायुक्त माधवी मिश्रा सहित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि वर्तमान में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत कल्याण विभाग के समक्ष 2 मामले सामने आए हैं।

स्पीड न्यूज

## महिलाओं को दिया गया महुआ का अचार बनाने का प्रशिक्षण

**गढ़वा।** झारखंड राज्य जलछाजन मिशन के तत्वाधान में जिले के चिनियां प्रखंड के बरवाडीह पंचायत भवन परिसर में अमर शांति विकास संस्था के द्वारा एसएचजी ग्रुप की महिलाओं को महुआ का अचार बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि पंचायत की मुखिया पम्मी देवी ने दीप जलाकर की।

## महिलाओं ने की शराब बंदी करने को लेकर बैठक

**मझिआंव।** बरडीहा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ओबरा पंचायत के लोका गांव में महिलाओं ने शराब बंदी करने को लेकर बैठक की। बैठक में गांव के महिलाओं के अलावा काफी संख्या में पुरुष एवं बुजुर्ग भी शामिल हुए। बैठक में महिलाओं ने कड़ा निर्णय लेते हुए घरों में महुआ शराब बनाने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कोई दूसरा रोजगार करने की सलाह दी।

## श्रीराम जानकी अखाड़ा की बैठक संपन्न

**मझिआंव।** बाजार समिति स्थित पीपल वृक्ष के नीचे श्रीराम जानकी अखाड़ा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रामनवमी के अवसर पर श्रीराम जानकी की झांकी के साथ महाबीरी झंडा निकालने, सुंदरकांड का पाठ करने तथा त्योहार को परम्परागत तरीके से मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया।

## चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति रद्द

**रमना।** प्रखंड के सिलिदाग पंचायत में सहिया चयन में बीटीटी संजय गुप्ता के द्वारा मनमानी करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके विरुद्ध ग्रामीणों ने मुखिया अनीता देवी को आवेदन सौंपा है। बीटीटी ने सहिया चयन में अनियमितता एवं मोटी रकम घुस लेकर बिना आम सभा के ही स्वयं अपने द्वारा कुल तीनों सहिया का चयन कर अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी को सूचित दिया गया। इसकी लिखित सूचना मुखिया को भी दिया गया। जिस पर अनीता देवी ने ग्रामीणों द्वारा दिये गये आवेदन पत्र पर अग्रिम कार्रवाई के लिए अनुमंडलीय उपाधीक्षक सुचित्रा मेम को सूचित की।

## भू-मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हाजी नईमूल हक डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को भू-मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने फीता काटकर किया। जिसके बाद प्रशिक्षक गणेश विश्वकर्मा ने मुख्य अतिथि का बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भू-मापक अमीन प्रशिक्षण के प्रदाता सर्व शिक्षण संस्थान तथा प्रशिक्षण के लिए धुरकी प्रखंड को चयनित करने के लिए संस्था को धन्यवाद दिया।

## सरकारी राशि बंदरबाट किये जाने का मामला प्रकाश में

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड के कोनमण्डरा के कुशमाही में मनरेगा से पूर्व में बनाए गए तालाब को क्षतिग्रस्त कर भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से उसी तालाब को दिखा कर सरकारी राशि बंदरबाट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भवनाथपुर।** बीएसएल माइंस अस्पताल भवनाथपुर में सीएसआर के तहत प्राथमिक विद्यालय लहरहा में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सेल के जीएम मनोज कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार राम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक) बुलु दीगल, असिस्टेंट मैनेजर श्यामाल गांगुली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में कुल 119 मरीजों का इलाज कर नि:शुल्क दवा वितरित की गई। मौके पर जीएम ने कहा कि सेल हमेशा से अपने कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास की जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए कटिबद्ध रहा है। सीएसआर के तहत सेल के यह कैम्प इस तरह के सुदूरवर्ती इलाकों में चलाया जाता है।

# सदर अस्पताल में नवजात की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

### सदर अस्पताल के चिकित्सक व कर्मियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सदर अस्पताल में गुरुवार को प्रसव के लिए लाए गए एक महिला के नवजात शिशु की मौत के बाद उसके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजन का आरोप था कि अस्पताल के चिकित्सक व कर्मियों की लापरवाही के कारण नवजात बच्चे की मौत हो गई। पति ने अस्पताल अधीक्षक से भी शिकायत की है। जानकारी के अनुसार गिरिडीह जिले के डोरंडा थाना क्षेत्र के बादोडीह निवासी 20 वर्षीय महिला मधु कुमारी को उसके पति जितेंद्र कुमार पंडित व परिवार वाले सुबह 9 बजे प्रसव के लिए सदर अस्पताल लाए थे। पति जितेंद्र कुमार पंडित ने बताया कि अस्पताल लाए जाने के बाद वहां महिला चिकित्सक नहीं होने के बाद उसने वहां के नर्स से संपर्क किया। नर्स उसे अस्पताल के ऊपरी तले पर स्थित लेबर रूम में जाने की बात कही। नर्मल डिलीवरी होने की बात का काफी देर तक रोके रखा गया। इसके बाद जब उसे जानकारी हुई कि एक महिला चिकित्सा ओपीडी में बैठे हैं। इसके बाद उसने महिला चिकित्सक से अपनी पत्नी को दिखाया। डॉक्टर ने भी कुछ देर वेट करने को कहा। इसके बाद उसकी पत्नी की हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद आनन-फानन में वहां के कर्मी महिला को ओटी रूम में ले जाने के लिए पहले नारियल तेल, साबुन व ब्लेड लाने को कहा। महिला को ओटी रूम में ले जाया गया। इसके कुछ देर बाद ही वहां के नर्स ने उसे बेटी होने और तत्काल उसकी मौत होने की जानकारी दी। उसने बताया कि अगर समय से उसकी पत्नी की ऑपरेशन कर दिया जाता तो नवजात शिशु की मौत नहीं होती। उसने बताया कि उसकी पत्नी का पहली डिलीवरी थी। इस संबंध में जब अस्पताल के अधीक्षक डॉ मनोज कुमार से जानकारी ली, तो उसने बताया कि शिशु की मौत कैसे हुई है इसकी छानबीन की जा रही है।

## महिला रास्ते से हुई लापता भाई ने कराया सनहा दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के मड़ुआटांड़ से एक महिला के अपने दो बच्चों के साथ तिलैया बस से रांची जाने के क्रम में रास्ते से लापता होने का एक मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार मड़ुआटांड निवासी रुद्र कुमार सिन्हा, पिता ललन प्रसाद सिन्हा महुआटांड़ में किराए के मकान में रहता था। 12 मार्च को उसकी बहन नेहा कुमारी सिन्हा, पति मनीष कुमार सिन्हा गैस गोदाम गली, कलाली रोड, वार्ड नंबर 23 निवासी उसकी शादी में उसके घर मड़ुआटांड़ आई थी। 16 मार्च की सुबह 11 बजे उसकी बहन अपने दोनों बच्चों के साथ अपने पति के पास रांची जाने के लिए तिलैया बस स्टैंड से जय हो बस जेएच10एटी 1491 बस से गई। दोपहर 2 बजे जब रूद्र ने अपनी बहन को फोन किया तो उसका फोन स्विच अफ था। शाम को उसने अपने बहनोई को फोन किया तो पता चला कि उसकी बहन रांची नहीं पहुंची है। बाद में उसने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की पर उसका कोई पता नहीं चल पाया। इसे लेकर रूद्र कुमार सिन्हा ने तिलैया थाना में सनहा दर्ज करा कर अपनी बहन एवं उसके दो बच्चे अनमोल कुमार सिन्हा एवं नैना कुमारी सिन्हा की खोजबीन करने का आग्रह किया है।

## जीएस पब्लिक स्कूल में बच्चों ने सीपीएस ओलंपियाड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता




**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जीएस पब्लिक स्कूल में सीपीएस. अलिम्पिआड के अंतर्गत आयोजित वर्ग प्रथम से नवम तक के बच्चों ने अलग-अलग विषयों में परीक्षा में भाग लिया था, जिसके फलस्वरूप सीपीएस. द्वारा सभी बच्चों का परिणाम घोषित किया गया। आयोजित परीक्षा में गणित, विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन जैसे विषयों में बच्चों ने भाग लिया। जिसमें विद्यालय के 53 बच्चों ने उत्ष्ट अंक प्राप्त कर पहले चरण को उतीर्ण कर द्वितीय चरण के लिए प्रवेश कर गए। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने सीपीएस के अध्यक्ष संजय सिंह, निदेशक कुलदीप मौर्य व जिला कर्डिनेटर डीपी यादव को धन्यवाद देते हुए इस तरह के प्रतियोगिता के आयोजन कराने को लेकर सराहना की। पहले चरण की परीक्षा में उतीर्ण सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व अंक निर्धारित गोल्ड, सिल्वर व ब्रन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने उतीर्ण सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए अपने आशीर्वचन दिए और भविष्य में आगे और सफल होने की बात कही। उल्लेखनीय हो कि आयोजित परीक्षा में शामिल सभी उतीर्ण 53 बच्चों में 19 गोल्ड, 19 सिल्वर एवं 15 ब्रन्ज मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से समानित हुए, जिसमें 100 प्रतिशत अंक लाकर वर्ग प्रथम के अंश कुमार व सुधांशु कुमार, वीर कुशवाहा, रिशु कुमार ने गोल्ड मैडल प्राप्त किये। इस कार्यक्रम में उप-निदेशक नीरज कुमार, सीसीए कोअर्डिनेटर इलियास अंसारी, सीपीएस कोअर्डिनेटर सुनील कुमार शर्मा तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया तथा इस तरह की कंपटीशन में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

## कोडरमा में एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शीर्षक समाज के विकास में महिलाओं की सहभागिता था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के डॉ अनवर हुसैन (रिटायर्ड सिनियर सिविल सर्वेंट झारखंड सरकार), अतिथि आदित्य कुमार, पियूष (एसडीएम रजौली नवादा), डॉ विक्रम कुमार दास (प्रिंसिपल बी वाई एस एन कलेज धनवाद), डॉ योगेश चंद्र दास (प्रो एसएचएमटीटी) विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ ओम प्रकाश मेहता, डीन एकेडेमिक एवं निदेशक डॉ प्रमोद कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो तेज नारायण, मार्केटिंग प्रबंधक विशाल कुमार यादव एवं तुलसी कुमार मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अनवर हुसैन ने बताया कि आज भी हमलोग पितृसतात्मक समाज में रहते हैं, लेकिन मेघालय के चेरापूंजी में एक खाश जनजातीय है, जिसमें महिलाएं ही समाज का प्रधान होती है और वहां पर विवाहोपरान्त विदाई लड़कों की होती है। इस अवसर पर आदित्य कुमार पियूष ने महिलाओं की भागीदारी के बारे में विस्तृत रूप से व्याख्या किये।

उन्होनें कहा कि समाज में अभी भी कुरितियां हैं, जिसे दूर करने की जरूरत है। डॉ विक्रम कुमार ने वैदिक काल में स्त्रियों और पुरूषों में बराबर का दर्जा था। प्रो योगेश चंद्र दास ने कविवर गोपालदास की पंक्तियों के माध्यम से महिलाओं को जागृत किया। मौके पर प्रो अजय वर्णवाल, सुलोचना नायक, वंदना भदानी, प्रिया कुमारी, अजय कुमार दांगी, अनुराधा वर्णवाल, मिथिलेश यादव ने अपना-अपना व्यक्तव्य रखा। इस कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रो सुलोचना नायक एवं प्रो वंदना भदानी ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो अजय वर्णवाल के द्वारा किया गया। मौके पर गजाला परवीन, रिंकु पूजा, वर्षा, मनमोहन, सुनिता, मोनिका, सुधीर, टेकलाल आदि मौजूद थे।

## वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता के लिए जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक करते डीसी।

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार वित्तीय समावेशन एवं वित्तीय साक्षरता के लिए जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला साख योजना (2023-24) की अनुशंसा तथा ग्राम पंचायत स्तर पर चल रहे कैम्पों समेत अन्य बैंकिंग कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं बैंकों के प्रतिनिधियों से उनका परिचय एवं उनसे संबंधित किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बैठक में डीसी ने सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं यथा केसीसी, राष्ट्रीय ग्रामीण जीविका मिशन, महिला स्वयं सहायता समूह योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम समेत अन्य की उपलब्धियों के संबंध में कई आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया।

इस दौरान डीसी नए ब्रांच खोलने को लेकर आ रही समस्याओं से भी अवगत हुए। बैठक में डीसी ने डीडीएम नाबार्ड एवं डीपीएम जेएसएलपीएस से जिले में उपलब्ध पलाश के फूलों से नेचुरल रंग तैयार करने को लेकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। उन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए उपस्थित सभी बैंकों के पदाधिकारियों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं यथा केसीसी, मुद्रा जैसे ऋण का लाभ अधिक से अधिक लाभुकों तक पहुंचाने के लिए सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से डीडीसी राजेश कुमार राय, जिला अग्रणी प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र पलामू सह गढ़वा के महाप्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी बैंकों के प्रतिनिधि समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मां सायर देवी धाम मंदिर का वार्षिकोत्सव 21 मार्च से

**मेराल।** प्रसिद्ध मां सायर देवी धाम मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव 21 मार्च से शुरू होगा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय रामचरित्र मानस यज्ञ, रासलीला तथा मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए यज्ञशाला का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने कहा कि मेराल तथा आसपास के गांव के हजारों लोगों के आस्था का केंद्र मां सायर देवी धाम के भव्य व आकर्षक मंदिर निर्माण के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष मंदिर संचालन समिति की ओर से राम चरित्र मानस यज्ञ आयोजित की जाती है। मौके पर संरक्षक विनोद प्रसाद, कोषाध्यक्ष मनोज जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## बूथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


संबोधित करते पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी।

**गढ़वा।** भाजपा रंका दक्षिणी मंडल अध्यक्ष उदय प्रजापति की अध्यक्षता में सोनदाग पंचायत के भलुआनी में बुथ सत्यापन एवं सशक्तिकरण अभियान को लेकर शक्ति केंद्र एवं बुथ स्तर के कार्यकर्ताओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बुथ निर्माण, पन्ना प्रमुख, पन्ना समिति, चुल्हा प्रमुख सहित अन्य कमिटी का निर्माण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का सदन में हुए अभिभाषण को पढ़कर सुनाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार ही राष्ट्र का विकास कर सकता है। उन्होंने कहा कि गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान जनप्रतिनिधि लूटने में दिन रात लगे हुए हैं। ईस्ट इंडिया कंपनी के तर्ज पर गढ़वा को लूटा जा रहा है। वर्तमान के जनप्रतिनिधि गरीब का जमीन लूटने में लगे हुए हैं। टेंडर प्रक्रिया में लूट मचा हुआ है। लूट में ईमानदार पदाधिकारी को गढ़वा जिला से तबादला करा दिया जाता है। वर्तमान जनप्रतिनिधि भ्रष्ट अफसरों के संरक्षक बनें हुए हैं। पदाधिकारी के माध्यम से गरीब को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव में जाऊंगा और लोगों को वर्तमान जनप्रतिनिधि एवं सरकार के चाल चरित्र को उजागर करुंगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी को बुथ स्तर पर सशक्त बनाए। एक-एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बुथ को मजबूत बनाकर आगामी चुनाव में गलत लोगों को सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा। इस दौरान जवाहर पासवान, मुरारी यादव, उत्तम पाण्डेय, सच्चिदानंद पाण्डेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने किया। मौके पर मुख्य रूप से गौतम तिवारी, संतोष तिवारी, बसंत प्रसाद, निर्मल गुप्ता, ओमप्रकाश दास, गिरिवर यादव, मनोज ठाकुर, विनोद सिंह, बलराम यादव, संतोष चंद्रवंशी, धर्मेंद्र कुमार, रवीन्द्र साव, दुखन साव, अशोक कमलापुरी, विजय ठाकुर, सत्यनारायण यादव, कविता देवी, शिला देवी, लालवत्ती देवी, सरयु विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

एक नजर में

## नाबालिग हत्याकांड का खुलासा, प्रेमी ने दिया था घटना को अंजाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में नाबालिग युवती की हत्या मामले का पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के अंदर खुलासा कर आरोपी नाबालिग प्रेमी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि प्रेम प्रसंग व भूमि विवाद को लेकर युवती की हत्या की गई थी।

युवती के प्रेमी अनमोल पांडेय ने पुराने प्रेम विवाद से नाराज होकर युवती की हत्या कर दी। इस कांड में शामिल गांव के दो अन्य युवकों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अन्य दोनों युवकों अमित पांडेय और राजदीप पांडेय का युवती से भूमि विवाद चल रहा था। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि कांड में प्रयुक्त खून लगा चाकू, घटना के दौरान अभियुक्त द्वारा पहना गया कपड़ा, मृतिका का खून सना दुपट्टा, मृतिका का टूटा हुआ मोबाइल एवं कवर, घटनास्थल से खून लगा मिट्टी व अभियुक्तों का विभिन्न कंपनियों का तीन मोबाइल फोन जप्त किया गया है। बता दें कि शादी समारोह में शिरकत करने आई युवती को घर से बुलाकर हत्या कर दी गई थी। एसडीपीओ ने बताया कि हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने के लिए डॉग स्क्वायड, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट एवं तकनीकी शाखा से सहयोग लिया गया। सभी अभियुक्तों को पूर्व में दर्ज थाना कांड संख्या 59/23 दिनांक 15 मार्च 2023 के तहत जेल भेज दिया गया।

## जांच में गड़बड़ी पाये जाने वाले 42 पीडीएस डीलरों से स्पष्टीकरण, छह निलंबित

**चतरा।** पीडीएस व्यवस्था को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री के द्वारा प्राप्त निर्देश के बाद दस मार्च को 12 प्रखंडों एंव एक नगर परिषद क्षेत्र में डीसी अबू इमरान के द्वारा गठित पदाधिकारियों की टीम ने सरकारी उचित मूल्य की दुकानों की जांच की गई। जांचोपरांत प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार डीसी के निर्देश पर डीएसओ सलमान जफर खिजरी ने छः डीलरों को निलंबित और 42 डीलरों से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। जिले में पीएचएच राशन कार्ड धारी सदस्यों की संख्या 7 लाख 32 हजार 289 है। प्रति सदस्य पांच किलोग्राम अनाज प्रति महीने देने का प्रावधान है। एएवाई राशन कार्ड धारी सदस्यों की संख्या एक लाख 56 हजार 659 है।

## दुपट्टे से झूलता मिला युवती का शव

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर के निकट संतोष कुमार के घर से पुलिस ने दुपट्टे से झूलता एक युवती का शव बरामद किया है। युवती की पहचान काजल गुप्ता (22) पिता संतोष कुमार गुप्ता के रूप में की गई। घटना शुक्रवार अपराहन 3 बजे की बताई गई है। सूत्रों के मुताबिक घटना के वक्त युवती अपने घर के एक रूम में बंद थी। परिजनों ने खाने के लिए जब अपनी बेटी को आवाज लगाई तो घर से उसकी आवाज नहीं आने पर लोगों ने घर के दरवाजे को तोड़कर उसे नीचे उतारकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शी की माने तो युवती पिछले 10 दिनों से काफी मानसिक तनाव में रह रही थी। वैसे घटने का स्पष्ट कारण नहीं पता चल सका चल सका है।

## बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिला खेल कार्यालय, चतरा द्वारा जिला स्तरीय इनविटेशनल पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस और डेड लिफ्ट चैंपियनशिप का आयोजन जलछाजन भवन स्थित जिम में किया गया। मुकाबला पुरुष और महिला दोनों वर्ग के लिए है। सभी प्रतिभागी जिन्होंने 17 मार्च को आयोजित ट्रायल प्रक्रिया में सफल हुए उनके बीच फाइनल प्रतियोगिता दिनांक 21 मार्च को आयोजित की जाएगी। उपायुक्त अबु इमरान ने इस अवसर पर कहा कि जिला में खेल कूद से संबंधित विभिन्न तरह के आयोजन किये जा रहे हैं जैसे कि बैडमिंटन, टेबल टेनिस आदि। इसी कड़ी में पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के खेल कार्यक्रम का उद्देश्य शहर के युवाओं को खेल क्षेत्र में सक्रिय बनाना है, इससे न केवल उन्हें अपनी सकारात्मक ऊर्जा का सदुपयोग करते हुए फिट रहने की आदत पैदा होगी बल्कि खास तौर से नशा पान से दूरी बनाने में भी मदद करेगी।

## राम नवमी पूजा महासमिति का किया गया विस्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** कृषि फार्म के निमार्णाधीन हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार को राम नवमी पूजा महासमिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष संजय शर्मा ने की। बैठक में महासमिति के सदस्यों के सुझाव पर रामनवमी पूजा महासमिति का विस्तार किया गया। सर्वसम्मति से प्रवीण कुमार सिंह को मंच प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। इसके अलावा प्रिंस सिंह को साज सज्जा का प्रमुख तथा शक्ति सिंह को व्यवस्था प्रमुख बनाया गया। सौरव कुमार शर्मा महासमिति के मीडिया प्रभारी तथा ज्वाला कुमार सिंह मंच संचालक बनाए गए। बैठक में रामनवमी के दिन महावीरी पताका तथा विद्युत साज-सज्जा को लेकर भी कई प्रस्ताव पारित किए गए। तय किया गया कि कृषि फार्म से गांधी चौक तक विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। करनी रोड में बैंक ऑफ इंडिया तक, एतवार बाजार रोड में शिव मंदिर तक तथा कलाली रोड में भी विद्युत व्यवस्था दी जाए। झांकी संचलन क्षेत्र के नियंत्रण के लिए साउंड की भी व्यवस्था करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्यों के सुझाव पर कृषि फार्म के हनुमान मंदिर तथा मुख्य बाजार के बजरंगबली मंदिर को रंगीन रोशनी से सजाने का निर्णय लिया गया। अखाड़ों के द्वारा निकाली जाने वाली झांकी टीम को गदा देकर सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित हुआ। महासमिति के मंच पर आने वाले प्रमुख अतिथियों को तलवार व अंग वस्त्र के साथ सम्मान के रूप में बजरंग बली की प्रतिमा का मोमेंटो देने का निर्णय हुआ। राम नवमी पूजा महासमिति के संरक्षकों को भी भगवा अंग वस्त्र देकर सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

# स्पीड न्यूज

## गारू में भाजपा ने चलाया बूथ सशक्तिकरण अभियान


अभियान में शामिल लोग।

**गारू।** प्रखंड के बारेसाढ़ पंचायत एवं मायापुर पंचायत में भाजपा ने चलाया बूथ सशक्तिकरण अभियान। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित गारू प्रखंड के प्रभारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा ने केंद्रीय के द्वारा संचालित योजना तथा झारखंड सरकार के दमनकारी नीति के बारे में बताया। मनिका विधानसभा गारू मंडल बूथ संख्या 235, 238, 237 में बूथ विस्तारक अभियान 2 के अंतर्गत शक्ति केंद्र-बारेसाड एवं मायापुर पर पन्ना प्रमुखों की संगठन ऐप पर इंट्री की गई। वहीं डेढ़गांव बूथ अध्यक्ष बलराम यादव, रामशैली बूथ अध्यक्ष विकास प्रसाद को सर्वसम्मति से बनाया गया। भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सुमंत कुमार, गारू मंडल के महामंत्री संतोष यादव, एवं भाजयुमो गारू मंडल अध्यक्ष अनूप कश्यप, सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, मंडल महामंत्री कौशल यादव एवं बारेसाढ़ शक्ति केंद्र के संयोजक निरंजन प्रसाद उपस्थित रहे।

## लोहरा समाज ने की बैठक

**चंदवा।** आगामी राजकीय सरहुल महोत्सव को लेकर आदिवासी लोहरा समाज की बैठक चिरो ग्राम में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज के सुरेशनाथ लोहरा ने किया। बैठक में 24 मार्च को राजकीय सरहुल महोत्सव में समाज के ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया साथ ही दर्जनों की संख्या में महिला व वृद्धों को पड़हा धोती साड़ी भी प्रदान किया गया। मौके पर बसंत लोहरा, उषा देवी, राकेश लोहरा, मछिन्दर लोहरा, विनोद लोहरा, सहजू लोहरा, कुलसा लोहरा, निलम कुमारी, निषा कुमारी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## चोरीकांड का उदभेदन नही होना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रतुल

**चंदवा।** क्षेत्र के प्रसिद्ध माँ उग्रतारा मंदिर नगर चोरी कांड का मामला प्रकाश में आये 3 सप्ताह होने को है। अब तक इस चोरी कांड का खुलासा नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है उक्त बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा। श्री शाहदेव ने कहा कि करीब दो सप्ताह पूर्व जब सनातनियों शांति पूर्वक अपना सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया था तब पुलिस प्रशासन द्वारा कहा गया था कि यथाशीघ्र उक्त चोरी कांड का उदभेदन कर लिया जाएगा, लेकिन अब तक चोरी कांड का उदभेदन नहीं होने से सनातनियों में गहरा आक्रोश है। जल्द ही सनातनियों का एक शिष्टमंडल लातेहार जिले के एसपी से मिलकर इस चोरी कांड के लिए स्पेशल टीम गठित करने की मांग करेगा।

## सड़क किनारे युवती का शव बरामद

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बरनी पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे पेट्रोलिंग के दौरान एक युवती का शव पुलिस ने बरामद की है। पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान पेट्रोल पम्प के कुछ दूर मुख्य मार्ग किनारे शव देखा गया जहा शव को बरामद कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है। उक्त संबंध मे थानेदार मुकेश चौधरी ने बताया कि आसपास के ग्रामिणों के मुताबिक मृत युवती की पहचान सरिता कुमारी पिता मनी उरांव बालूमाथ कोमर निवासी के रूप मे हुई है। मृतका युवती मस्तिक रूप से एक वर्ष पूर्व विक्षिप्त हो गई थी.पूर्व मे इलाज भी कराया गया था। पिछले 15 दिनों से विक्षिप्त हो गई थी। बताया जाता है की बिते रात्रि घर से निकली थी। मृत युवती की शरीर पर मात्र समीज थी। अन्य वस्त्र नहीं था। पुलिस द्वारा वस्त्र व्यवस्था कर ढका गया। हालांकि पुलिस घटना के संबंध मे हर पहलु पर जांच कर रही है।

## अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव को पत्र लिखकर बालूमाथ राजकीयकृत उच्च विद्यालय के जमीन पर हो रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की है। जिप उपाध्यक्ष ने आवेदन में कहा है कि राजकीयकृत उच्च विद्यालय बालूमाथ के प्रधानाचार्य रूबी बानो द्वारा 6 जनवरी को बालूमाथ अंचलाधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए कहा था कि विद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है इसका मुख्य कारण विद्यालय का सीमांकन नही होना। इस लिये जल्द से जल्द विद्यालय का सीमांकन कराया जाए। लेकिन अंचलाधिकारी द्वारा विद्यालय की भूमि का सीमांकन कराने में कोई रुचि नहीं ली है जबकि विद्यालय का अतिक्रमण एक गंभीर विषय है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के आवेदन को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय की भूमि को अतिक्रमण होने से बचाने हेतु त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। ज्ञात हो कि बालूमाथ प्रखंड में राजकीयकृत उच्च विद्यालय बालूमाथ एक ऐसा विद्यालय है यहां 3000 से ज्यादा बच्चे अध्ययनरत हैं।

## बीडीओ ने डीलरों के साथ की बैठक



**महुआडांड़।** महुआडांड प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ अमरेन डांग की अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बीडीओ अमरेन डांग के द्वारा सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारो को ससमय राशन दूकान खोलने, चावल दिवस पर हर हाल मे दूकान खोलने, लाभुकों का राशन कार्ड अपने पास नही रखने तथा मृत या शादी हो चुके व्यक्ति का सूचना देने का सख्त निर्देश दिया गया। बैठक में अब तक कम राशन वितरण करने को लेकर नाखुशी जाहिर करते हुए बीडीओ अमरेन डांग ने सभी डीलरों को 25 मार्च तक शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। इस मौके पर गोदाम प्रबंधक संजय मिंज, डीलर संघ अध्यक्ष रामदत्त गुप्ता, आदि समेत लगभग सभी डीलर मौजूद थे।

### बारियातू पिपराडीह से टीएसपीसी सबजोनल कमांडर कुलदीप गंझु उर्फ विकेश जी गिरफ्तार

# पूर्व में माओवादी दस्ते में रह चुका है गंझु, 2016 में किया था सरेंडर

खबर मन्त्र संवाददाता


गिरफ्तार सबजोनल कमांडर व जानकारी देते एसपी ›

**लातेहार।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन की कार्यकुशलता से लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी संगठन के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने संगठन के सबजोनल कमांडर कुलदीप गंझू उर्फ कुलदीप मेहता उर्फ विकेश जी, पिता हरिज्ञान मेहता, ग्राम-पल्हैया थाना मनिका, जिला लातेहार को दबोच लिया। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया उग्रवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान दौरान शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के आक्रमन जी उर्फ आक्रमन गंझू, सहदेव जी एवं कुलदीप गंझू, बारियातु थाना अंतर्गत ग्राम पिपराडीह के जंगली क्षेत्र की ओर लेवी/रंगदारी लेने के फिराक में आये हुए हैं। सूचना के आलोक में अनुण्डल पुलिस पदाधिकारी, बालूमाथ के नेतृत्व में टीम गठन कर अभियान चलाया गया। पुलिस की टीम पिपराडीह पहुंचने कुछ हथियार बंद जंगल में भागने लगे, तब सशस्त्र बल के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद एक उग्रवादी को पकड़ा गया। जिससे नाम पूछने पर अपना नाम कुलदीप गंझू उर्फ कुलदीप मेहता उर्फ विकेश जी बताया।

### पूर्व में माओवादी दस्ते में रह चुका है कुलदीप गंझु, 2016 में किया था सरेंडर

एसपी ने आगे बताया कि कुलदीप गंझू पूर्व में भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य था। वर्ष 2016 में सरेंडर करने के बाद वर्ष 2017 में जेल से निकला, उसके बाद वर्ष 2022 में रौशन उरांव के संपर्क में आने के बाद प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी में चला गया और रौशन उरांव के टीम में सब जोनल कमाण्डर के पद पर था। गिरफ्तार उग्रवादी ने लातेहार, पलामू जिला अन्तर्गत मनिका, पांकी, बालूमाथ, बारियातु थाना अन्तर्गत विभिन्न घटना को अंजाम देने की बात बतायी है। एसपी श्री अंजन ने बताया कि गिरफ्तार सबजोनल कमांडर कुलदीप गंझू के खिलाफ विभिन्न थानो में आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं।

### छापामारी अभियान ये अधिकारी व जवान थे शामिल

छापामारी अभियान में बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार, बालूमाथ इंस्पेक्टर शशि रंजन, मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुअनि बिन्देश्वर महतो बारियालु थाना, पुअनि विश्वजीत तिवारी, हेरहंज थाना, पुअनि कुबेर साव, बालूमाथ थाना, एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### टोरी जंक्शन पर दो भाग में विभक्त हुई मालगाड़ी, 50 मिनट बंद रहा रेलवे फाटक, लोग रहे परेशान

# शिलान्यास के 2 वर्ष के बाद भी शुरू नहीं हो सका है कार्य


फाटक पर जाम में फंसे लोग।

### अभी शुरू नहीं हो सका है आरओबी निर्माण कार्य

बता दें कि टोरी में फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर लगभग 2 वर्ष पूर्व ही मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था। शिलान्यास के लगभग 2 वर्ष बीतने के बाद भी भूमि अधिकरण की प्रक्रिया अब तक पूर्ण नहीं होने के कारण आरओबी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। आरओबी नहीं रहने के कारण टोरी रेलवे फाटक पर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि एक साथ 2-2 मालगाड़ी जोड़कर रेलवे द्वारा परिचालन कराया जा रहा है, तथा टोरी में लांग हॉल करके मालगाड़ी के लोको पायलट व गार्ड की बदली की जाती है। जिसके चलते फाटक काफी देर तक बंद रहती है। ऐसे में कई बार एम्बुलेंस व जरूरी वाहन भी फाटक में फंस जाते हैं। अबतक टोरी रेलवे फाटक पर फंस कर कई लोगो की जान भी जा चुकी है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सीआईसी सेक्शन बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन के समीप गुरुवार की रात्रि लगभग 7:15 बजे के करीब बरवाडीह की ओर जा रही कोयला लदी मालगाड़ी दो हिस्सों में विभक्त हो गयी। मालगाड़ी के दो हिस्सों में वक्त होने के बाद ट्रेन का पहिया थम गया व मालगाड़ी के 1 भाग का हिस्सा टोरी रेलवे क्रॉसिंग से पार तक फंसा रहा। सूचना के बाद रेल कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए विभक्त हुए मालगाड़ी के दोनो हिस्सों को जोड़कर गंतव्य के लिए रवाना किया। इस दौरान लगभग 50 मिनट तक रेलवे फाटक बंद रही। फाटक के बंद रहने के कारण एनएच 99 रांची चतरा मुख्य मार्ग पर फाटक के दोनों छोर पर छोटे-बड़े वाहनों की भारी जाम लग गई व लोग परेशान देखे गए। मामले को लेकर पूछे जाने पर टीआई ने मालगाड़ी के दो भाग में विभक्त होने की पुष्टि की है।

## भाजपा का बूथ निर्माण को लेकर कार्यशाला संपन्न



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में दिन शुक्रवार को बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण सफल बनाने को लेकर मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम के प्रभारी सह महिला मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य कल्याणी पांडेय उपस्थित रहीं। वहीं सभी पंचायतों से उपस्थित विस्तारक, प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक को मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के विस्तारकों के द्वारा बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण सफल बनाने को लेकर जिम्मेवारी देने के साथ साथ भारत देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण को सुनाया गया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भरत प्रसाद, शंकर दुबे, गंगा प्रसाद यादव, बूथ निर्माण एवं सशक्तिकरण के मंडल विस्तारक सह जिला कार्य समिति सदस्य सत्यनाराण प्रसाद, भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय,एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, ब्लॉक प्रमुख सह युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रतिमा देवी, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री संदीप उराँव, मंडल उपाध्यक्ष बिनोद यादव,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकित राज, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजदेव सिंह, दरोगी यादव, देवधारी उरॉव, नंदेव सिंह, दरोगा सिंह, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सहायक सिंह, अजीत यादव, गुडी देवी, अरुण ठाकुर, ज्ञानचंद प्रजापति, हरिचरण यादव, राजेंद्र राम, नरसिंह उराँव, प्रेमनाथ यादव, नित्यानंद दुबे, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी पूजा समिति की बैठक संपन्न, अध्यक्ष बने राजेन्द्र साहू


बैठक करते समिति के लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित भामाशाह नगर में बालूमाथ महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति की एक बैठक हुई। बैठक में हर साल की भांति इस वर्ष भी बालूमाथ में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस बार महावीर मंडल रामनवमी पूजा समिति की ओर से मुंबई के बैंड पार्टी के कलाकारों को बुलाया गया है। जिनके द्वारा आकर्षक प्रदर्शन किया जाएगा। वही अष्टमी को एक विशाल मोटरसाइकिल रैली भी निकाली जाएगी। वहीं पूजा को सफल बनाने के लिए लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू को पूजा समिति का अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सिकंदर साव, मनोहर गुप्ता, प्रयाग साव, रंजीत गुप्ता, नामेश्वर गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता सचिव के लिए मनोज कुमार, विनोद कुमार, पिंटू कुमार, दिवाकर साव बहादुर साव, मुकेश कुमार, संतोष कुमार, आशीष कुमार, करण कुमार, गोविंद कुमार, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र गुप्ता, अमन कुमार श्रीवास्तव, वही सक्रिय सदस्य के रूप में रितेश कुमार, आशीष कुमार, पिंटू कुमार, सुमित कुमार, अभिषेक कुमार, चंदन कुमार, सुजीत कुमार का चयन किया गया।

## बालूमाथ की एक दिवसीय सम्मेलन संपन्न


सम्मेलन में उपस्थित लोग।

**लातेहार।** झारखंड आंदोलनकारी मंच प्रखंड समिति बालूमाथ की एक दिवसीय सम्मेलन शिबू उरांव की अध्यक्षता में सपन्न हुई। बैठक का संचालन डॉ. प्रभात मिंज ने किया। सम्मेलन में पुर्व की समिति को भंग कर प्रखंड समिति का पूर्ण गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से देवलाल उरांव को अध्यक्ष राजेश उरांव को उपाध्यक्ष, बनारसी उरांव को सचिव, रंगलाल उरांव उप सचिव एवं शिबू उरांव को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही प्रखंड कार्यसमिति में महेश उरांव, रूपन उरांव, महादेव उरांव, जयपाल उरांव, परमेश्वर उरांव, ब्रह्मदेव उरांव को रखा गया है। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने कहा कि लातेहार जिला में आंदोलनकारी काफी संघर्ष किए परंतु झारखंड गठन के बाद सभी आंदोलनकारी अलग-थलग पड़े हैं। इनका पहचान भी चिन्हिती करण आयोग के द्वारा नहीं हो पा रहा है। इसलिए नई समिति का जिम्मेवारी बनता है कि हमारे आंदोलनकारियों का चिन्हिती करण जल्द से जल्द करवाया जाए। बैठक को जिला सचिव नंदकिशोर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष बृजलाल गुप्ता, संरक्षक डॉ. प्रभात मिंज, जिला कार्यसमिति के सदस्य महेश भगत, नागदेव उरांव, शंकर उरांव, लालू उरांव के अतिरिक्त सैकड़ों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

### गांगों इंडेन गैस वितरक द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में नहीं दी जा रही है गैस

# सेविकाएं धुएं में खाना बनाने को मजबूर

खबर मन्त्र संवाददाता



मंगरा पंचायत का मॉडल आंगनबाड़ी के केंद्र।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा पंचायत अंतर्गत संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में विगत एक वर्षो से संबंधित एजेंसी द्वारा दुबारा सिलेंडर वितरण करने में आनाकानी की जा रही हैं। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह ने बताया कि हुंटार स्थित गांगों इंडेन गैस वितरक द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्ष 2021 में गैस कनेक्शन दिया गया गया था। जिसके बाद से दुबारा आज सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं दी जा रही है। जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्रों में नौनिहालों का भोजन पकाने में सेविकाओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। विवेक सिंह ने बताया कि एजेंसी को फोन करने पर हमेशा दस दिन का समय मांगा जाता है, लेकिन दुबारा फोन भी रिसीव नहीं किया जाता है। सेविकाओं को लकड़ी या कोयला खरीद कर भोजन पकाने के लिए विवश होना पड़ रहा है। इससे निकलने वाले धुएं से बच्चों के स्वस्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने के साथ सहायिकाओं को भी धुएं से सांस संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का यह हाल

यहां जानकारी देते चले कि यह हाल उस पंचायत का है, जहां डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूबर्न मिशन के तहत मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया गया हैं। वहीं यह क्षेत्र मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह का गृह पंचायत भी है। इधर सांसद प्रतिनिधि विवेक सिंह ने जिले के उपायुक्त भोर सिंह यादव और सांसद सुनील सिंह से मामले में संज्ञान लेते हुए उचित जांच और एजेंसी पर कारवाई करने की मांग की है। वहीं इस मामले में गांगो इंडेन गैस एजेंसी के संचालक से उनका पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल नंबर पर फोन कर बात करने का प्रयास किया गया, परंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## एक नजर में

### जीवन बीमा करवाने को लेकर हुई बैठक


बैठक करते लोग।

**बारियातू।** बारियातू प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में जेएसएलपीएस के तत्वाधान में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी देवी की अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक में बारियातू प्रखंड के विभिन्न स्वयं सहायता समूह के महिलाओं ने भाग लिया जहाँ बीपीएम सुनिल कुमार ने बीमा क्लेम सेटलमेंट शत प्रतिशत जीवन बीमा करवाने, एवं बीमा धारकों को मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। उपस्थित स्वयं सहायता समूह के महिलाओं ने कहा की समूह मे जुड़े महिला व पुरुष दोनों सत प्रतिशत जीवन बीमा जरूर करवाएं। साथ ही साथ आस पास के लोगों को जीवन बीमा करवाने के लिए प्रेरित करें। बीमा क्लेम सेटलमेंट से संबंधित शिबला और जबरा गांव से दो आवेदन प्राप्त हुआ। जिसे अग्रेतर कारवाई हेतु बैंक भेज दिया गया है। इस मौके पर पंसस सोनी देवी, पीआरपी मनीष कुमार, दिपावली देवी, सोनी खातुन, सीसी यदु राम, असेश्वर प्रजापति एवं स्वयं सहायता समूह के अनेकों महिलाएं उपस्थित रहे।

### शिविर में भाग लेने के लिए छात्र हुए रवाना



**बारियातू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से विभाग स्तरीय व्यक्तित्व विकास शिविर में भाग लेने के लिए छात्रों ने कुलदम रांची रवाना हुए। रवाना होने के पूर्व छात्रों ने प्रधानाचार्य जितेंद्र राम को तिलक लगाया साथ ही आशीर्वाद प्राप्त किया। गढ़वा पलामू एवं लातेहार विद्यालय तीन जिलों से छात्राओं ने 16 मार्च से 26 मार्च तक इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल रहेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में छात्रों को प्राचीन भारतीय सभ्यता और परंपराओं को ध्यान में रखकर शारीरिक विकास की ओर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक, व्यावहारिक, आध्यात्मिक सभी पांचो व्यक्तित्व में कैसे निखार आए इस पर चिंतन मंथन व योग ध्यान से लेकर कम्युनिकेशन और गोयल सेटिंग जैसे बातों को भी जानकारी दी जाएगी। कक्षा षष्ठ एवं सप्तम के छात्र ने उक्त कार्यक्रम मे भाग लिया।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के को लेकर बैठक


प्रमाण पत्र देते बीडीओ।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना को लेकर आंगनबाड़ी सहिया सेविका जेएसएलपीएस समूह से जुड़ी महिलाओं की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बालूमाथ बीडीओ ललिता बखला ने किया। मौके पर बीडीओ ललिता बाखला ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के विशेषताओं एवं लाभ के बारे में जानकारी दी। कहा भारत सरकार ने समाज के गरीब और कम आय वर्ग के विकास के लिए एक नई जीवन बीमा योजना शुरू की है। पालिसी धारक की 18 से 50 वर्ष के बीच मृत्यु हो जाने के बाद इस योजना के तहत सरकार द्वारा दी जाने वाली 2 लाख रुपए धनराशि पालिसी धारक के परिवार को दे दी जाएगी। वहीं मौके पर दुर्घटना का शिकार हुए दो लाभुकों को प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत दो-दो लाख रुपये की बीमा राशि का प्रमाण दिया गया। जिसमें चेताग के स्व. अनिता देवी और आरा ग्राम निवासी स्व. दुलार गंझु के परिजन को यह राशि दी गयी। मौके पर बीपीएम आलोक कुमार,एलियो मोनिका मींज, बैंक ऑफ बड़ौदा कर्मी मदन कुमार, स्टेट बैंक शाखा उप-प्रबंधक प्रदीप कुमार चौधरी, कर्मी सोनी कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### परिवहन विभाग ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**चंदवा।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाने के उदेश्य से डीओ संतोष कुमार सिंह के निदेर्शानुसार परिवहन विभाग की टीम के द्वारा चंदवा में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान चंदवा पुलिस के साथ संयुक्त रूप से इंदिरा गांधी चौक व चंदवा थाना प्रवेश द्वार के समक्ष सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान दर्जनो की संख्या में दो पहिया व चार पहिया वाहनो की जांच की गयी, जांच के क्रम में लगभग 5 दर्जन वाहनो को नियमो का उलंघन करते पकड़ा गया। खबर लिखे जाने तक 12 हजार रुपये का चालान काटा गया। वहीं अभियान के क्रम में विभाग के अधिकारियों के द्वारा आमलोगों से परिवहन नियमो का पालन करने का निर्देश दिया गया। अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि नाबालिग के द्वारा वाहन चलाये जाने, तेज गति व शराब पीकर वाहन चलाने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है जिस कारण लोगो को जानमाल की क्षति उठानी पड़ रही है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। अभियान में परिवहन विभाग के कर्मी अबुल कैश समेत चंदवा पुलिस के अधिकारी व जवान शामिल थे।

### मनिका प्रखंड के सिंजो में ठेकेदार के द्वारा मनमानी ढंग से जल मीनार लगाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

# ग्रामीणों ने रोका कहा गर्मी के दिनों में नहीं रहता इसमें पानी

➲ बिना रैयत के अनुमति के ही बना दिया 5 हजार लीटर का सीमेंटेड टैंक, विरोध करने पर दी एफआईआर करने की धमकी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत के ग्राम बांड़ी में हर घर नल जल योजना के तहत ठेकेदार व जलसहिया की मिलीभगत से रैयती भूमि में बिना रैयत के परमिशन के हीं जल मीनार लगाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसका ग्रामीणों ने विरोध करते हुए मोटर लगाने पर रोक लगा दिया है। मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीण नंदू सिंह और ललिता देवी बताते हैं कि जिस भूमि पर जल मीनार का निर्माण किया गया है वह भूमि रैयती है और बिना उनके परमिशन के ही वहां पर जल मीनार बना दिया गया है। जब वहां पर बोर किया जा रहा था तब वे सभी परिवार किसी शादी समारोह में गए हुए थे वापस आने पर देखा कि उनके भूमि पर बोर किया जा रहा है जब बोर करने से रोका तो ठेकेदार के द्वारा उन्हें एफआईआर करने की धमकी दी गई। जबकि पेयजल विभाग के संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार का कर्तव्य बनता था कि जिस भूमि में जल मीनार लगा रहे हैं या बोर कर रहे हैं वहां के लोगों के साथ आपसी समन्वय बनाकर काम करें लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं किया गया ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें डरा धमका कर ठेकेदार रंगदारी से और जबरजस्ती उनकी भूमि में जल मीनार बना दिया है। वहीं दूसरी मामला सिंजो पंचायत के ही अंबाटोला की है जहां पर ग्रामीण धनेश्वर सिंह, अजय सिंह, जय मंगल सिंह, विनोद सिंह, देवनाथ सिंह, सत्येंद्र सिंह, समेत कई ग्रामीणों ने बनाए गए जल मीनार के लिए पुराने बोर में मोटर डालने से रोक लगा दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यहां पर जल मीनार हम लोगों को पानी की सुविधा देने के लिए बनाया गया है और यहां ठेकेदार के द्वारा पुराने चापाकल में मोटर डालकर पानी देने की बात की जा रही है जबकि गर्मी के दिनों में पुराने चापाकल के बोर से पानी सूख जाता है। वही सिंजो पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह ने कहा कि ठेकेदार अजय तिवारी व जलसहिया बबीता देवी पति अरविंद सिंह के मिलीभगत से आदिवासी के रैयती भूमि पर रात्रि के समय में जबरजस्ती बोर कर 5 हजार लीटर का सीमेंटेड टैंक बनवा दिया गया है। लोगों ने जब विरोध किया तो उन्हें एफ आई आर दर्ज करने की धमकी दी गई। हम सभी ग्रामीण लातेहार उपायुक्त से अपील करते हैं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाए।



### क्या कहते हैं इंजीनियर

इस मामले के संबंध में पूछे जाने पर पेयजल विभाग के स्कूटीभ इंजीनियर ने कहा कि हर घर नल जल योजना अंतर्गत हम लोगों को प्रत्येक घर को पानी देना है जिसे लेकर हम लोगों ने बोरिंग किया था लेकिन उस बोर में पानी प्राप्त नहीं हुआ हम लोगों ने जब विभाग से बात की तो विभाग से आदेश प्राप्त हुआ कि पुराने बोर की जांच कर पानी होने पर उसमें मोटर लगाया जाए।

स्पीड न्यूज

## बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण में हिन्दी कार्यशाला

**बोकारो।** बीएसएल के सुरक्षा अभियंत्रण विभाग में सीजीएम ;सुरक्षा एवं फायर सर्विसेजद्ध अमरेन्द्र झा की अध्यक्षता में आयोजित राजभाषा हिन्दी कार्यशाला में डीजीएम जे जायसवालए एजीएम कुमार रजनीशए वरीय प्रबंधक व बीएसएल के हिन्दी अधिकारी शशांक शेखर सहित सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान अमरेन्द्र झा ने प्रतिभागियों को अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया और शशांक शेखर ने राजभाषा सम्बंधित नियमों अधिनियमों तथा यूनिकोड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में राजभाषा हिन्दी से सम्बंधित एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यशाला का संचालन वरीय प्रबंधक मनोज कुमार ने किया।

## रिम्स में शांति पद गोराई से मिले बेरमो विधायक, जाना हाल

**बेरमो।** पिछले दिनों जारंगडीह अपर बंगला में हुई फायरिंग की घटना में घायल रांची रिम्स में इलाजरत शांति पद गोराई से मिलने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह पहुंचे। घायल शान्तिंपद गोराई से बातकर सारी जानकारी ली। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद यूनिट हेड डॉ डीके सिन्हा से भी मुलाकात कर जानकारी ली। कहा कि जो भी बेहतर हो वो कदम उठाया जाए। इस क्रम में घायल के परिजनों से भी बातकर इलाज में कोताही न हो इसके लिए अपने लोगों को अस्पताल भेजा था। रांची पहुंचते ही वे घायल से मिलकर सारी बातों से अवगत हुए।

## सीसीएल ढोरी क्षेत्र में लगा चिकित्सा शिविर

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल ढोरी के सौजन्य से एनसीआरएपी के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन तांतरी पंचायत भवन में किया गया। शिविर में 135 लोगों को डॉक्टर बी सतीश ने इलाज कर दवा दिया। डॉ बी सतीश ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि इस मौसम में हमेशा गर्म पानी का सेवन करें। शिविर को संचालन करने में फार्मासिस्ट चंद्रकांत प्रसादए आया रीता देवीए वार्ड बॉय विक्रम घासीए हेल्पर मोहम्मद अफरोज आलम का सराहनीय योगदान रहा।

## मारवाड़ी युवा मंच चिरकुंडा शाखा की बैठक में विचार-विमर्श

**चिरकुंडा।** मारवाड़ी महिला समिति एवं मारवाड़ी युवा मंच चिरकुंडा शाखा की एक संयुक्त बैठक महिला समिति के भवन में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक में सामाजिक मुद्दों पर विचार किया गया एवं चिरकुंडा की साफ-सफाई के लिए नगर परिषद में बात करके चिरकुंडा को स्वच्छ बनाने की मांग की गई एवं गरीब कन्या की शादी कैसे कराई जाए इस पर भी विचार विमर्श किया गया और इसे जल्द ही चालू करने का निर्णय लिया गया।बैठक में महिला समिति की मंजू अग्रवाल,कुसुम खरकिया, ललिता अग्रवाल,ज्योति खरकिया,रेनू

# बारिश में नर्सिंग के विद्यार्थियों ने सड़क पर उतर कर किया प्रदर्शन

## छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के अशर्फी अस्पताल के धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्र और छात्रा जो की बीएससी नर्सिंग के थे जो रोड पर उतर कर किया सड़क जाम।बीएससी के छात्र ने हमारे संवाददाता को बताया कि 4इँ ईयर 3१ ईयर और 2 ल्ल ईयर के छात्रों को इइटड्व के द्वारा कुछ माह पहले जनवरी में पास आउट कर दिया गया था लेकिन आज लगभग 60 छात्र में से लगभग 40 से 45 सभी छात्राओं को फेल कर दिया गया है जिससे लगभग बीएससी नर्सिंग की 250 छात्र और छात्राएं इस फैसले के खिलाफ अशर्फी अस्पताल के सामने रोड को पूरी तरह से जाम कर दिया है ताकि हमारी मांगों को पूर्ण रूप से सुना जाए और हम सभी छात्रों के साथ खिलवाड़ ना किया जाए। जबकि आसर्फी हॉस्पिटल में धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग के 250 से अधिक लगभग बीएससी नर्सिंग की छात्र छात्राएं इंटर्नशिप तथा पढ़ाई कर रहे थे उन सभी नर्सिंग छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का कार्य कर रहे हैं। धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग की छात्रों की मांग है की जनवरी में जो छात्र पास आउट हुए थे उनको फिर से पास किया जाय और उसी रिजल्ट को फिर से लागू कर दिया जाए और उसी के आधार पर हम सभी पास और फेल मानेंगे। छात्रों का कहना था कि यह कॉलेज क्ठ्उ से मान्यता प्राप्त नही है और हमलोग को गलत बताकर नामांकन करवाया गया हैं! जो एक प्रकार से छात्रों के भविष्य के साथ धोखा किया गया है छात्रों का कहना है की कॉलेज को दिया जाय या छात्रों का पैसा और डॉक्युमेंट वापस कर दिया जाए।

### जाम से सड़क पर वाहनों की लगी लंबी लाइन

मौके पर सदर पुलिस पहुंच कर जाम किए हुए छात्रों को जाम हटाने की कई बार आग्रह करते दिखे पुलिस ने अभी कहा कि आप लोगों के रोड जाम के वजह से मरीज की जान जा सकती है ऐसे में आप लोग जिस तरह से रोड जाम किए हैं वह काफी लंबी जाम हो चुकी है जिसे कई एंबुलेंस भी इस जाम में फंसी हुई है, आप लोगों की लड़ाई संस्था के साथ है तो आप लोग संस्था के खिलाफ लड़ाई करे ओर आम जनता के साथ रोड जाम करने का काम ना करें।

# बालिका मध्य विद्यालय कुमारधुबी में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** बालिका मध्य विद्यालय कुमारधुबी निरसा 3 में असामाजिक तत्वों ने सोमवार कि अगले सुबह कार्यालय एवं स्टोर में सुबह लगभग 6.00 बजे आग लगा दी। आसपास के स्थानीय लोग जब स्कूल परिसर में पहुंचे तो देखा कि आग की लपटे धुआ बनकर स्कूल के ऊपर से निकल रही है। जहां स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लोगों का मानना है कि स्कूल की चहारदीवार छोटी है, जो चहारदीवार फांद कर स्कूल परिसर में घुस जाते हैं, कुछ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा स्कूल में लगा रहता है, जहां नशा सेवन करते हैं यह उन्हीं लोगों की करतूत हो सकती है। विद्यालय परिसर के दो अलग-अलग कमरों कार्यालय और स्टोर रूम में आग लगी दी गई है,जबकि दोनों कमरों की दूरी कुछ दूरी पर है। जिससे साफ जाहिर होता है कि ये कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी गई है। मौके पर पहुंची कुमारधुबी पुलिस ने कहा कि यह जांच का विषय है ,जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा,लेकिन प्रथम दृष्टि से यह प्रतीत होता है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने ही आग लगा दी है जो काफी निंदनीय घटना है।

# सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का ग्रामीणों ने किया विरोध



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड में करोड़ों की लागत से बन रहे पीएमजीएसवाई की सड़कों में भ्रष्टाचार की बू दिखनी शुरू हो गई है। संवेदक जैसे.तैसे सड़क में काम करवा रहे हैं। स्थल में ना विभाग के अभियंता मौजूद रहते हैं ना ही अन्य कोई पदाधिकारी। धधकिया आरईओ सड़क से धधकिया पथ लगभग तीन किलोमीटर तक बन रही सड़क के पीसीसी ढलाई में सड़क में पड़ी मिट्टी को हटाए बिना हो रहे निर्माण का आरोप लगाते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने काम रोक दिया। विरोध कर रहे स्थानीय पंसस रवि कुमार ने संवेदक पर आरोप लगाया कि सड़क गुणवत्तापूर्ण ना बनाकर घटिया निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क में घटिया सामग्री इस्तेमाल कर सरकारी पैसों का बंदरबाट करते हुए घटिया निर्माण करवाया जा रहा है। सड़क में अभी ही दरारें आनी शुरू हो गई है। रवि कुमार ने कहा कि किसी भी हाल में गांव में सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण कराया जाएगा। विरोध करनेवालों में पंसस रवि कुमारएभानु रजवारए श्यामदेव रजवार एगणेश रजवारएलग्न रजवारए छोटेलाल रजवारए अजय रजवारए अनिल रजवारए राजू रजवारएदिनेश रजवार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायतें

## जनता दरबार

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में टुंडी थाना क्षेत्र के ताराटांड़ से आई रोहिणी देवी ने पति के अज्ञात वाहन द्वारा मृत्यु हो जाने पर मुआवजा राशि को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने उपायुक्त से कहा कि उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं ऐसे में घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आपदा प्रबंधन के द्वारा मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। इस दौरान गोविंदपुर प्रखंड से आए एक शिकायतकर्ता ने कोविड-19 महामारी के नियंत्रण हेतु ग्राम पंचायत द्वारा 14वें वित्त आयोग मत की राशि भुगतान नहीं होने के संबंध में उपायुक्त से शिकायत की। उपायुक्त ने आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को निष्पादन के लिए अग्रसारित किया।

## उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट), धनबाद जिला संगठन कमेटी की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल ने आम जनता की समस्याओं को लेकर उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के जरिए प्रतिनिधिमंडल के द्वारा बताया गया कि आज पूरा धनबाद गंभीर प्रदूषण की चपेट में है।

# गोविंदपुर: गायत्री महायज्ञ की हुई पूर्णाहुति

**गोविंदपुर।** दुर्गा मंदिर ऊपर बाजार में आयोजित गायत्री महायज्ञ की पूणार्हुति शुक्रवार को दीप यज्ञ, भंडारा एवं टोलियों की विदाई के साथ हुई ।इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने हम सुधरेंगे जग सुधारेंगे का संकल्प लिया गया। यज्ञोपवित संस्कार , मुंडन संस्कार समेत कई कार्यक्रम हुए। भंडारा में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । शांतिकुंज हरिद्वार से आए कथावाचक अरुण खंडागले ने अंतिम दिन प्रवचन में कहा कि यदि हम बच्चों को संस्कार देंगे तो वृद्धावस्था में हमें ओल्ड एज होम का सहारा लेना नहीं पड़ेगा। इसलिए आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को नैतिक शिक्षा और संस्कार देना जरूरी है । इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी नंदलाल अग्रवाल, डीएन सिंह, श्याम शर्मा, सुनील सरिया, पवन लोधा, मुखिया ममता देवी शामिल थे।

## एक नजर में

### आपूर्ति अवर प्रमंडल में सहायक अभियंता का पद खाली

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पिछले हफ्ते से सहायक अभियंता विहीन हो गया है। इस प्रमंडल में गोविंदपुर, बरवाअड्डा एवं टुंडी में सहायक अभियंता पद सृजित है । तीनों विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल में सहायक अभियंता का पद खाली हो जाने से राजस्व संबंधी समेत अनेक कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं । गोविंदपुर के निवर्तमान सहायक विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद वर्ष 2020 के दिसंबर से टुंडी के सहायक अभियंता पद के अतिरिक्त प्रभार में थे। इसी तरह वह दिसंबर 2021 से बरवाअड्डा के सहायक विद्युत अभियंता पद के अतिरिक्त प्रभार में थे । कार्यपालक अभियंता पद पर प्रोन्नत होने के बाद पिछले दिनों श्री आनंद की पदस्थापना जामताड़ा में हो गई और उन्होंने पिछले हफ्ते वहां योगदान दे दिया। इसके बाद से गोविंदपुर, टुंडी एवं बरवाअड्डा विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल सहायक अभियंता विहीन हो गया है। इससे बिजली बिजली वितरण निगम लिमिटेड का राजस्व संबंधी एवं अन्य कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। विद्युत उपभोक्ताओं को भी अपना काम करवाने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में गोविंदपुर प्रखंड की प्रमुख निर्मला सिंह एवं जिला परिषद सदस्य नाजिश रहमानी ने विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक से गोविंदपुर, टुंडी एवं बरवाअड्डा के लिए तात्कालिक व्यवस्था के तहत किसी वरीय कनीय अभियंता को सहायक अभियंता का प्रभार देने की मांग की है, ताकि विभाग का एवं आम जनता का काम सुचारू रूप से हो सके। इस संबंध में संपर्क करने पर कार्यपालक विद्युत अभियंता मुकुल कुमार ने कहा कि उन्होंने महाप्रबंधक को इसकी जानकारी दे दी है और तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने की अपील की है।

### क्रिकेट चैंपिपयनशिप में झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस विजयी

**बोकारो।** बीएसएल के क्रीडा एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा सेक्टर-4 स्थित क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किये गए अन्तर्विभागीय क्रिकेट चैम्पियनशिप के फाइनल में विभिन्न विभागों की कुल 16 टीमों के बीच झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस की टीम ने मिल जोन-1 को 37 रनों से हराकर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। चैम्पियनशिप के समापन समारोह में ईडी, एफ एंड एद्ध एस रंगानीए ईडी, एम एमद्ध अमिताभ श्रीवास्तवए ईडी ;पी एंड एद्ध राजन प्रसादए ईडी, माइंसद्ध जे दासगुप्ताए जीएम एन ए सैफीए जीएम ए के अविनाशए वरीय प्रबंधक एस रजकए चैम्पियनशिप के समन्वयक मनोज झा सहित चैम्पियनशिप में भाग लेने वाली टीमों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

### ग्राम संगठन की बैठक में पीएम बीमा योजना पर चर्चा

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के ओरमो गांव में जेएसएलपीएस के ग्राम संगठन ओरमो के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में बीमा दावा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें विशेष बैठक कर महिलाओं को बीमा सेटलटमेंट और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजनाए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर आइपीआरपी सबिता देवी बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व अन्य योजनाओं के तहत साल भर में 20 रुपये व 260 रुपये किसी भी बैंक में खोले गये सेविंग खाता में ऑटो डेबिट के माध्यम से कटता है जिसमें मृत्यु होने या किसी दो अंग के क्षति होने पर एकमुश्त राशि मिलती है। एक अंग की क्षति होने पर इलाज हेतु निर्धारित राशि मिलती है। मौके पर जीपीडीपी कैडर किरण देवीए जेंडर सीआरपी सुमन कुमारीए एडब्लू बेबी देवी और सीओ के पदाधिकारीए भीओए और ओरमो के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## भवन निर्माण कामगार यूनियन की बैठक

**धनबाद।** शुक्रवार को वाटर बोर्ड कालोनी,पेटिया बस्ती में शिव मंदिर परिसर में भवन निर्माण एवं अन्य सनिर्माण कामगार यूनियन (भारतीय मजदूर संघ) की बैठक हुई।बैठक का नेतृत्व जिला मंत्री दलगोविन्द महतो ने किया।बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री पप्पू विश्वकर्मा उपस्थित हुए।बैठक में समाज सेवी अमलेश कुमार को सदस्यता ग्रहण करवाया गया।

# उत्पात: गट्टीगढ़ा गांव में जंगली हाथी ने रौंद डाली फसल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/कसमार।** पेटरवार वन प्रक्षेत्र अन्तर्गत बगियारी वीट खैराचातर के रोरिया जंगल की ओर से मंगलवार को निकलकर एक विशाल जंगली हाथी गट्टीगढ़ा गांव आ धमका और किसानों के खेतों में लगे गेंहू समेत अन्य फसलों को चट कर गया। वहीं हाथी ने अपने पैरों से बाकी के फसल को रौंद डाला। मंगलवार शाम करीब 7बजे के आसपास कोतोगढ़ा गांव के गट्टीगढ़ा टोला के किसान विनोद महतोए शिवराम महतो ए गणेश महतो समेत कई किसानों का गेंहू व अन्य फसलों को हाथी ने भारी क्षति पहुंचई है। हाथी गट्टीगढ़ा गांव पहुचने के बाद गट्टीगढ़ा ए रोरिया ए कोतोगढ़ा व मुरहुलसूदी के ग्रामीण तुलसी महतोए विष्णु चरण महतोए दिलीप महतोए काशीनाथ महतोए विभूतिए प्रदीप वरूण समेत कई ग्रामीणों के घंटो भारी मशकत के बाद हाथी को मशालए टायरजलाकर तथा ढोल.मांदर बजाकर हाथी को भगाया जा सका। जबकि हाथी भगाओ टीम समय से ढाई घंटे देर से गट्टीगढ़ा गांव पहुंची। तब तक किसानों को भारी क्षति हो चुकी थी। इधर वन विभाग इस पुरे मामले में मौन धारण कर लिया है जिससे स्थानीय व पिड़ीत ग्रामीणो में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

## हाथी ने घर का दरवाजा तोड़ कर गया अनाज

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड से सटे जरीडीह प्रखंड के भस्की पंचायत अंतर्गत रोरीया गांव में जंगली हाथियों ने तीन घरों का दरवाजा तोड़ कर करीब तीन क्विंटल धान व 50 किलो आलू एवं कई एकड़ में लगे अरहर खेती को भी खा गये। वहीं नेहरू महतो व प्रदीप महतो के खेत में करीब एक एकड़ में लगी अरहर की खेती को भी खा गये एवं उर्मिला देवी के खेत में लगे प्याज के फसल को भी रौंद दिया। विगत एक सप्ताह से रोरिया, गट्टीगढ़ा, रिपु, उरूम सुकुम, लाहरजारा एवं भस्की के ग्रामीण हाथियों के आतंक से परेशान हैं।

## बेरमो: सड़क हादसे में सीसीएल कर्मी की मौत

**बेरमो।** नावाडीह-फुसरो मुख्य मार्ग में चपरी गेस्ट हाउस ढोरी के समीप 8 मार्च को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सीसीएल ढोरी क्षेत्र मे कैटेगरी वन के पद पर कार्यरत महिला कर्मी टुमिया देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना के बाद तुमिया देवी को लोग केंद्रीय अस्पताल ढोरी ले गए। जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए चास रेफर कर दिया गया। वहां भी स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदांता अस्पताल रांची भेज दिया गया। शुक्रवार को चिकित्सकों ने तुमिया देवी को मृत घोषित कर दिया। मृतक नावाडीह थाना क्षेत्र के चपरी निवासी 50 वर्षीय टुमिया देवी जीएम यूनिट में कार्यरत थी।

# प्रेमी संग मिल करा दी पति की हत्या

## प्रेम प्रसंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत स्कूल बालीडीह निवासी विनोद हेंब्रम की हत्या की गुत्थी पुलिस ने घटना के छह दिनों बाद सुलझा ली। लक्ष्मी कुमारी नामक एक विवाहिता ने अपने प्रेमी रोशन भारती के साथ मिलकर अपने पति विनोद हेंब्रम की हत्या करवा दी थी। पुलिस के मुताबिक पति प्रेमी और प्रेमिका के प्यार के बीच बाधक बन रहा था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी चंदन कुमार झा एवं मुख्यालय डीएसपी मुकेश कुमार के निर्देशन में पुलिस ने घटना का उद्भेदन करने में कामयाबी पाई। तकनीकी शाखा के सहयोग से मुजफ्फरपुर से संदेह के आधार पर रोशन भारती को पूछताछ के लिए बालीडीह थाने लाया गया। इस दौरान रोशन भारती ने विनोद की हत्या किए जाने का अपराध स्वीकार किया। उसने बताया कि विनोद की पत्नी और अपनी प्रेमिका लक्ष्मी कुमारी के सहयोग से उसने छुरा मारकर विनोद को मौत के घाट उतार दिया था। आरोपियों ने स्वीकार किया कि पिछले चार वर्षों से उनलोगों का प्रेम.प्रसंग चल रहा है और इसमें विनोद हेंब्रम बाधक बन रहा था, इसलिए दोनों ने मिलकर उसे रास्ते से हटा दिया। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रामप्रवेश कुमारए पुलिस अवर निरीक्षक निखिल आनंदए रोहित कुमारए अनुज कुमारए सहायक अवर निरीक्षक रामेश्वर वर्माए दिनेश प्रसाद सिंहए दिलीप कुमार एवं पुलिसकर्मी निरंजन कुमार महतो शामिल थे।

## लोगो को बचाने को लेकर योजना तैयार करे: राज सिन्हा

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 13,14,15,व 16 के अंश जो केएमसीएल कंपनी के अधिगृहित क्षेत्र हैं कंपनी अब निजी हाथो में बिक चुकी है परन्तु यहां निवास करने वाली नगर परिषद के 25 हजार की आबादी के समक्ष उजडने का भय सता रहा है। इस विषय को लेकर विधान सभा में धनबाद विधायक राज सिन्हा प्रश्न काल में इस बिषय को उठाते हुए सरकार से संज्ञान लेकर इतनी बड़ी आबादी को बचाने का कार्य करे। सिन्हा ने विधान सभा में विस्तृत रूप से प्रश्न उठाते हुए यह भी कहा कि नगर परिषद चिरकुंडा के संसाधनो का उपयोग तथा कर दाता भी यहा के नागरिक है सरकार इन्हें बचाने की योजना तैयार करे।

## पेज 3 का शेष

### विधायकों के वेतन वृद्धि पर फैसला....

दरअसल, भाजपा विधायक राज सिन्हा ने रिम्स की बदहाली तथा वहां के शवगृह में फ्रीजर के खराब होने से शवों के सड़ने का मामला उठाया था। हालांकि, मंत्री ने इससे इनकार करते हुए कहा कि लावारिस शवों की अंत्येष्टि समय-समय पर रांची नगर निगम के सहयोग से की जाती है। इस बीच भाजपा विधायक सीपी सिंह ने पूछा कि मंत्री बतायें कि रिम्स निदेशक ने रिम्स की कुव्यवस्था के लिए स्वास्थ्य मंत्री को जिम्मेदार ठहराया है। इसपर मंत्री श्री गुप्ता ने आक्रोशित होकर कहा कि यह सच नहीं है। यदि विधायक को भरोसा नहीं है तो वे अधिकारियों की कमेटी बना देते है। विधायक स्वयं वहां जाकर शवों को गिन लें। **बाल की खाल निकालने में माहिर हैं सीपी सिंह :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सीपी सिंह बाल की खाल निकालने में माहिर हैं। उन्होंने चुनौती दी कि रिम्स निदेशक ने जो कहा है, उसका लिखित प्रमाण दें। उन्होंने कहा कि उनके और निदेशक के बीच कोई मतभेद नहीं है। निदेशक पद्मश्री से पुरस्कृत हैं तथा काबिल हैं। वे ऐसी ओछी बातें नहीं करते।

**शराब घोटाले का आरोप तथ्यहीन : मंत्री**

सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा की सारी आपतियों को दूर कर के उत्पाद नीति लायी गयी है। शराब घोटाला तथ्यहीन बात है। इससे पहले सदन में विपक्षी सदस्यों ने झारखंड में शराब घोटाला और भ्रष्टाचार के अन्य मुद्दे उठाते हुए सीबीआइ से जांच करेने की मांग की थी। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने सदन में 108 एंबुलेंस योजना को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। विधायक अमर बाउरी और भानु प्रताप शाही ने भी 108 एंबुलेंस की खामियों को उठाया। इसपर मंत्री ने आश्वासन दिया की सभी खामियों को दूर कर लिया जायेगा।

### कोल्ड स्टोरेज हादसे में 14 की मौत...

उधर, सीएम योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख, गंभीर घायलों को 50-50 हजार रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है। सभी घायलों का फ्री में इलाज किया जाएगा। कमिश्नर की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की गयी। कमेटी हादसे की जांच करके रिपोर्ट सरकार को देगी। कोल्ड स्टोरेज में एक चैंबर पहले से बना था। 6 महीने पहले जो दूसरा चैंबर बना था, उसकी प्रशासन से अनुमति नहीं ली गयी थी। आलू का दबाव पड़ने से पिलर टूटा कर गिर पड़ा जिससे यह हादसा हुआ।

# विद्यार्थियों के बीच रंगोली और चित्रकारी प्रतियोगिता

## वनस्थली विद्यापीठ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद द्वारा जिला के बाघमारा प्रखंड के बनस्थली विद्यापीठ धावा चीता में आज स्कूली छात्र छात्राओं के बीच अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में पांच ग्रुप बनाया गया जिसमें पांचवी क्लास से लेकर नौवीं क्लास के इस ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही साथ चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 45 छात्र छात्राओं ने भाग लिया सफल प्रतिभागियों को कल दिनांक 18.3.2023 को मुख्य कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए क्षेत्रीय प्रचार सहायक अधिकारी राज किशोर पासवान, ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के बारे में सभी छात्र छात्राओं को जानकारी होनी चाहिए एवं मोटा अनाज के स्वास्थ्य वर्धक गुणों के बारे में भी सभी लोगों को जानकारी होने से स्वास्थ्य लाभ मिलेगा और अपने घर परिवार, आसपास के लोगों को भी छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता भी फैलाने का काम करेंगे । विश्व स्तर स्तर पर 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इसका उदेश्य विश्व स्तर पर मोटे अनाज उत्पादन तथा उपभोग के प्रति लोगो में जागरूकता पैदा करना है। इस कड़ी में सूचना प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो भारत सरकार द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 को जन आंदोलन बनाने के उदेश्य से विशेष जागरूकता कार्यक्रम देश भर में आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर समाजसेवी एवं शिक्षाविद श्री हरि प्रसाद , विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ध्रुव कुमार चौबे, शिक्षक अजीत कुमार विजय तिवारी, प्रकाश महतो, तापस गोस्वामी, निधि कुमारी, चंपा कुमारी, लवली कुमारी, लता कुमारी एवं प्रतिमा कुमारी का सराहनीय सहयोग रहा । कल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य श्रीमती वाणी देवी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राजगंज पंचायत के मुखिया बंदना देवी मौजूद रहेंगी।

## सांसद खेल महोत्सव की तैयारी का लिया जायजा

**धनबाद।** शुक्रवार को झरिया में हो रहे सांसद खेल महोत्सव को लेकर हो रही तैयारियों का जायजा लेने भाजपा के सांसद समेत भाजपा के जिला पदाधिकारी डिगवाडीह स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह, भाजपा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, उपाध्यक्ष मानस प्रसून,संजय कुमार झा, उमेश यादव, महामंत्री नितिन भट्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष हरी प्रकाश लाटा के अलावा सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## सिसोदिया की ईडी हिरासत 5 दिन बढ़ी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत की अवधि शुक्रवार को पांच दिन के लिए और बढ़ा दी।ईडी ने अदालत से सिसोदिया की हिरासत अवधि सात दिन के लिए और बढ़ाए जाने का अनुरोध किया था। अदलत ने उनकी हिरासत अवधि 22 मार्च तक के लिए बढ़ा दी।

## पाकिस्तान में आग लगने से 10 मरे

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पहाड़ी जिले में शुक्रवार को एक मकान में आग लगने के बाद उसकी छत गिरने से एक ही परिवार के कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। बचाव कर्मियों ने यह जानकारी दी। कोहिस्तान जिले के सेरी पट्टन इलाके में अधिकारियों ने बताया कि मकान में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।

## अतीक की याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सुरक्षा के अनुरोध वाली सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद की याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को स्थगित कर दी। इस याचिका में जेल में बंद गैंगस्टर अतीक अहमद ने दावा किया है कि उसे और उसके परिवार को प्रयागराज के उमेश पाल हत्या मामले में आरोपी के रूप में फंसाया जा रहा है। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने अहमद के अधिवक्ता द्वारा बयानों वाले कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय मांगे जाने पर मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।

## जम्मू में पीएमओ का फर्जी अधिकारी अरेस्ट

**जम्मू ।** प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक शीर्ष अधिकारी के रूप में खुद को पेश करने के लिए गिरफ्तार किया गया ढोंगी जम्मू-कश्मीर की अपनी तीसरी 'वीवीआईपी' यात्रा पर था, जब किस्मत ने उसका साथ छोड़ दिया और उसका पदार्फाश हो गया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है।गुजरात के किरण पटेल को श्रीनगर के ललित ग्रांड पैलेस होटल से पुलिस द्वारा उनकी साख पर संदेह होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि उसे निशात पुलिस थाने ले जाया गया जहां उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

## बलूचिस्तान में कबायली नेता समेत 7 की हत्या

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत बलूचिस्तान में हथियारबंद लोगों ने एक कबायली नेता समेत सात लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि बंदूकधारियों ने गाड़ी पर गोलीबारी की जिसमें कबायली नेता अहमद खान किबजई, उनके दो भाइयों समेत सात लोग सवार थे और घटना में सभी की मौत हो गई।

## 20 मार्च को रूस जायेंगे जिनफिंग

**बीजिंग ।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग 20 से 22 मार्च तक रूस की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह घोषणा की। इस तरह की खबरें हैं कि बीजिंग की योजना यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए शांति वार्ता शुरू कराने की है। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनियंग ने एक संक्षिप्त घोषणा में कहा कि रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर राष्ट्रपति जिनफिंग 20 से 22 मार्च तक रूस की राजकीय यात्रा करेंगे।

## बजट सत्र के दूसरे चरण का पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ा

# संसद में सियासी संग्राम जारी

### अडाणी मामले में विपक्ष जेपीसी के गठन और लंदन में बयान पर सत्ता पक्ष अड़ा राहुल गांधी से माफी मंगवाने पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद में बजट सत्र के दूसरे चरण का पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ गया तथा अडाणी समूह के बारे में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर जेपीसी गठित करने की मांग पर विपक्ष के हंगामे तथा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हाल में लंदन में दिये गये बयान पर उनसे माफी मंगवाने की मांग पर सत्ता पक्ष के अड़े रहने के कारण शुक्रवार को भी दोनों सदनों में गतिरोध जारी रहा। लोकसभा एवं राज्यसभा, दोनों ही सदनों में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण पूरे सप्ताह एक भी दिन प्रश्नकाल एवं शून्यकाल समान्य ढंग से नहीं चल पाये और कोई महत्वपूर्ण विधायी कार्य नहीं हो पाया। लोकसभा में शुक्रवार को सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के शोर-शराबे के कारण कार्यवाही शुरू होने के करीब 20 मिनट बाद दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल चलाने का निर्देश दिया और प्रश्न पूछने के लिए कांग्रेस सदस्य मनीष तिवारी का नाम पुकारा। इस बीच कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर अडाणी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। उधर सत्तापक्ष के कुछ सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर विदेश में राहुल गांधी के भारतीय लोकतंत्र को लेकर दिये गये बयान पर उनसे माफी की मांग करने लगे।



**दोनों ही सदनों में सत्ता पक्ष और विपक्ष के हंगामे से पूरे सप्ताह एक भी दिन प्रश्नकाल एवं शून्यकाल समान्य ढंग से नहीं चला और कोई महत्वपूर्ण विधायी कार्य नहीं हुआ**

कांग्रेस नेता तिवारी ने पूरक प्रश्न पूछने के लिए सदन में व्यवस्था नहीं होने का उल्लेख किया। सदन में सत्ता पक्ष और विपक्षी सदस्यों का शोर-शराबा जारी था। सत्ता पक्ष के सदस्य ह्यराहुल गांधी माफी मांगोह्ल के नारे लगा रहे थे जबकि कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्य ह्यबोलने दो, बोलने दो..राहुल जी को बोलने दोह्ल के नारे लगा रहे थे। इस दौरान सदन में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। सदन के उप नेता राजनाथ सिंह भी उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने सदस्यों से व्यवस्था बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि सदस्यगण सदन चलने दें। उन्होंने कहा, आपको नारेबाजी करने के लिए नहीं भेजा है। उन्होंने कहा कि सदन में व्यवस्था बनेगी तब वे सभी को बोलने का मौका देंगे। बिरला ने सदस्यों से कहा कि इस तरह से खड़े रहेंगे (आसन के पास) तो कार्यवाही नहीं चलेगी। हंगामा नहीं थमने पर अध्यक्ष बिरला ने सदन की बैठक शुरू होने के करीब 20 मिनट बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

राज्यसभा में पूर्वाह्न 11 बजे उच्च सदन की कार्यवाही शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने पूर्व सदस्य कर्णेंदु भट्टाचार्य के निधन का उल्लेख किया। सदन में मौजूद सदस्यों ने भट्टाचार्य के सम्मान में कुछ पलों का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभापति ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए।

## अपनी शिक्षा पर निशिकांत ने झूठी जानकारी : महुआ मोइत्रा



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में पीएम मोदी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को लेकर झारखंड के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने विशेषाधिकार नोटिस दे रखा है। इस घटना को लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने आरोप लगाया है कि दुबे ने अपने हलफनामे में शैक्षणिक योग्यता के बारे में गलत जानकारी दी है। मोइत्रा ने अपने आरोपों के समर्थन में सबूत पेश करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। मोइत्रा ने अपने ट्वीट में कई सबूत पोस्ट किए और सांसद की शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाये। मोइत्रा ने बताया कि दुबे ने 2019 से पहले अपनी शैक्षिक योग्यता की पूरी सूची प्रदान नहीं की। उन्होंने इसकी जानकारी सार्वजनिक करने को कहा।

## वाणिज्य की खबरें

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन उछाल, सेंसेक्स 355 अंक चढ़ा

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच धातु, बैंक और वित्तीय शेयरों में लिवाली से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला लगातार दूसरे दिन जारी रहा और सेंसेक्स 355 अंक और चढ़ गया।

इसके अलावा मजबूत होते रुपये और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 355.06 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,989.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 58,178.94 अंक तक गया और नीचे में 57,503.90 अंक तक आया। इसी तरह, पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 114.45 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,100.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक का शेयर सबसे अधिक 3.58 प्रतिशत मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, कोटक बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी के शेयर भी लाभ में रहे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 75.57 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 18 पैसे की मजबूती के साथ 82.58 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

### एयरटेल : 5जी उपभोक्ताओं को 239 रुपये के 4जी प्लान में असीमित डेटा

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने अपने 5जी उपभोक्ताओं के लिए 239 रुपये से शुरू होने वाले 4जी प्लान में असीमित डेटा की पेशकश की है।कंपनी ने यह योजना अपनी प्रतिद्वंद्वी जियो से मुकाबले के लिए लेकर आई है। जियो ने नेटवर्क विस्तार में बीटा परीक्षण के दौरान असीमित 5जी डेटा की पेशकश की है। भारती एयरटेल के उपभोक्ता कारोबार के निदेशक शाश्वत शर्मा ने बयान में कहा कि यह शुरूआती पेशकश हमारे ग्राहकों को डेटा सीमा के बारे में चिंता किए बिना इससे जुड़े लगभग सभी लाभ देने के लिए लाई गई है। हमें उम्मीद है कि हमारे ग्राहक विश्वस्तरीय एयरटेल 5जी प्लस सुविधा का लाभ लेंगे।

## टूलकिट का स्थायी हिस्सा बन गए हैं राहुल: नड्डा

**भाजपा अध्यक्ष ने राहुल गांधी पर अरबपति फाइनेंसर जॉर्ज सोरोस की भाषा बोलने का आरोप भी लगाया**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भारतीय लोकतंत्र की स्थिति पर ब्रिटेन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हालिया टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह भारत के खिलाफ काम करने वाले उस टूलकिट का स्थायी हिस्साबन गए हैं, जो भारत में कमजोर और गठबंधन की मजबूर सरकार चाहता है ताकि उसका फायदा उठाया जा सके।

नड्डा ने एक बयान में गांधी पर अरबपति फाइनेंसर जॉर्ज सोरोस की भाषा बोलने का आरोप भी लगाया और दावा किया कि कांग्रेस और तथाकथित वाम उदारवादी देश के खिलाफ विदेशी ताकतों की गहरी साजिश का हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी कांग्रेस नेता पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि गांधी को देश के आंतरिक मामलों में विदेशी शक्तियों के हस्तक्षेप की मांग करने के अपने पाप के लिए भारत के लोगों से



माफी मांगनी ही होगी। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व प्रमुख पर देश को आर्थिक और रणनीतिक रूप से घेरने के लिए भारत के खिलाफ विदेशी साजिशकर्ताओ के साथ हाथ मिलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में इससे पहले किसी नेता ने वह नहीं किया जो गांधी ने विदेशी धरती पर किया है। नड्डा ने कहा कि यह सबसे गंभीर मामला है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने जो किया है उससे हर देशभक्त सांसद के साथ-साथ देश के लोगों को भी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ काम करने वाले लोग अपने फायदे के लिए, गठबंधन की मजबूरी में काम करने वाली एक कमजोर सरकार चाहते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भारत विरोधी ताकतों को मजबूत भारत, उसके मजबूत लोकतंत्र और निर्णायक सरकार से हमेशा समस्या रही है। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र की स्थिति की आलोचना करके और विदेशी धरती पर अमेरिका और यूरोप के हस्तक्षेप की मांग करके गांधी ने देश की संप्रभुता पर हमला किया है।नड्डा ने कहा कि लोगों द्वारा बार-बार खारिज किए जाने के बाद राहुल गांधी भारत के खिलाफ काम करने वाल टूलकिट का स्थायी हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व प्रमुख पर भारत, उसकी संसद, लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार और देश के लोगों का अपमान करने का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि गांधी ने जो किया है वह भारत के खिलाफ काम करने वालों को मजबूत करने के समान है।

## कांग्रेस व भाजपा दोनों से बराबर दूरी बनाकर रखेगी सपा : अखिलेश

**कोलकाता।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस और भाजपा दोनों से बराबर दूरी बनाकर रखेगी। यादव ने कहा कि भाजपा को हराने के लिए सपा, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी के साथ दृढ़ता से खड़ी रहेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बंगाल में हम ममता दीदी के साथ हैं। इस समय हमारा रुख है कि हम भाजपा और कांग्रेस दोनों से समान दूरी रखना चाहते हैं। इससे पहले कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सपा अध्यक्ष ने 2021 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए ममता बनर्जी की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमारे संविधान को बचाने के लिए कोई भी बलिदान देने को तैयार है। अगर हम उत्तर प्रदेश में भाजपा को हरा सके, तो भाजपा को पूरे देश में हराया जा सकता है। यादव ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर देश की संपत्तियों को विदेशी शक्तियों और निजी क्षेत्र को बेचने का आरोप भी लगाया।




## असम में सभी मदरसों को बंद करेंगे : सीएम

**शर्मा ने कांग्रेस व वामपंथियों पर इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का लगाया आरोप**

**बेलगावी (कर्नाटक)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि उनका इरादा अपने राज्य के सभी मदरसों को बंद करने का है, क्योंकि नए भारत में उनकी जरूरत नहीं है। कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार रात एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि राज्य व देश की सेवा के लिए असम को डॉक्टरों, इंजीनियरों और अन्य पेशेवरों को तैयार करने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की जरूरत थी, न कि मदरसों की। हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि मैं असम का निवासी हूं, जहां प्रतिदिन बांग्लादेश से लोग आते हैं। हमारी संस्कृति और परंपराओं के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। हाल ही में दिल्ली में एक टीवी साक्षात्कार में मुझसे पूछा गया कि 600 मदरसों को बंद करने को लेकर मेरी सोच क्या थी। मैंने कहा कि मैंने 600 बंद कर दिए हैं, लेकिन मेरा इरादा सभी मदरसों को बंद करने का है। असम के मुख्यमंत्री ने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कांग्रेस और वामपंथियों पर इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस को नए मुगल भी करार दिया है। हेमंत विश्व शर्मा ने कहा कि इस नए भारत में मदरसों की जरूरत नहीं है। हमें इस दिशा में आगे बढ़ना है, हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को बदलना है। समय आ गया है कि हम अपने इतिहास को नए तरीके से फिर से लिखें क्योंकि इसे पहले तोड़ा-मरोड़ा गया था।

## राहुल गांधी सच्चे देशभक्त हैं : खड़गे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के हमले को लेकर पलटवार करते हुए शुक्रवार को कहा कि जो खुद देश विरोधी हैं वे दूसरों पर देश विरोधी होने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र की बात करने वाले राहुल गांधी सच्चे देशभक्त हैं। नड्डा के बयान के बारे में पूछे जाने पर खरगे ने वह (नड्डा) खुद ही पहले से देश विरोधी हैं। देश को आजादी दिलाने के आंदोलन में उन्होंने (उनके संगठन के लोगों ने) भाग नहीं लिया। जो खुद देश विरोधी हैं वे दूसरों को देश विरोधी बोल रहे हैं क्योंकि उनके पास जनता की समस्याओं का कोई समाधान नहीं है।उन्होंने आरोप लगाया कि आज महंगाई और बेरोजगारी पर नड्डा पास कोई जवाब नहीं है। अडाणी का मामला हम सब के सामने आया है, उसका जवाब क्यों नहीं देते ?

## राष्ट्र का गाना है नाटू नाटू : राम चरण

**नयी दिल्ली।** आरआरआर स्टार राम चरण का शुक्रवार सुबह दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उनके साथ उनकी पत्नी उपासना कामिनेनी भी थीं। एम.एम. कीरावनी द्वारा कम्पोज किया गया नाटू-नाटू को 95वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का ऑस्कर मिलने के समय दोनों एक साथ मौजूद थे। कपल का फैंस और मीडिया कर्मियों ने उत्साह से स्वागत किया। भीड़ के चलते राम चरण ने सावधानी से अपनी पत्नी को कार तक पहुंचाया।

एयरपोर्ट से निकलने से पहले राम चरण ने इंतजार कर रही मीडिया टीमों के साथ कुछ बातें की। उन्होंने मीडिया के सवालों का हिंदी में जवाब दिया। राम चरण ने कहा कि यह हमारा सॉन्ग नहीं है। नाटू नाटू राष्ट्र का गाना है। आपके प्यार ने इसे ऑस्कर तक पहुंचाया



© www.5DariyaNews

और वहां जीतने का मौका दिया। एयरपोर्ट पहुंचने पर राम चरण मुस्कुरा रहे थे और हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। अभिनेता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और हैदराबाद वापस जाने से पहले दिल्ली में अपने प्रवास के दौरान एक समाचार पत्रिका द्वारा आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करने का कार्यक्रम है।



स्पीड न्यूज

## 26 को एसोसिएशन का रक्तदान शिविर

**चक्रधरपुर।** पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में 26 मार्च को प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। नगर परिषद के सभाकक्ष में शिविर का आयोजन होगा। यह जानकारी सचिव डा. विजय सिंह गागराई ने दी है। उन्होंने रक्तदाताओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिविर को सफल बनाने की अपील की है।

## चमातू में त्रिपक्षीय वार्ता आज

**बालूमाथ ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित मगध कोलियरी के चमातू गांव में शनिवार को विस्थपित रैयतों,जिला प्रशासन और सीसीएल अधिकारियों की एक त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित होगी । इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ उप-प्रमुख कामेश्वर राम ने बताया कि भू-रैयतों-विस्थापितों की समस्याओं को लेकर एक त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन सीसीएल के द्वारा कराया जा रहा है । जिसमें आरा,चमातू, गणेशपुर के सभी लोग इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले और वार्ता को सफल बनावे । आगे उन्होंने बताया कि परियोजना खुले 4 वर्ष से भी अधिक बीत जाने के बाद भी अब तक सीसीएल द्वारा भू-रैयतों को नौकरी,मुआवजा और पुनर्वास की सुविधा नहीं दी गई है ।इसी को लेकर मगध परियोजना के जीएम से पत्राचार किया गया था ।इसी कड़ी में वार्ता का आयोजन किया गया है ।बैठक चमातू गांव स्तिथ पहाडी मंदिर मैदान में होगी ।

## घाघरा में किसानों ने सिखे जैविक खेती के गुर

**घाघरा।** घाघरा प्रखण्ड के बुरहू, हालमाटी और पोढ़ा गाँव किये गये जैविक खेती को देखने के लिए शुक्रवार को चतरा, डाल्टनगंज, गढ़वा और बोकारो के 70 किसान घाघरा पहुंचे थे। जिन्हें प्रदान संस्था एवं वूमेन फार्मर प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड घाघरा द्वारा क्षेत्र में किये गये जैविक खेती को दिखाया गया। किसानों को मूंग, चना, मटर और मचान खेती की जानकारी दी गई। ताकि किसान जैविक खेती करने को प्रेरित हो। प्रदान के जितेन्द्र ने बताया कि घाघरा प्रखंड में 1000 किसान जैविक विधि से खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रसायनिक खाद व कीटनाशक का प्रयोग जैविक खेती में नहीं किये जाने से किसानों को काफी बचत होती है। वहीं मिट्टी की उर्वरा शक्ति जैविक खेती से संतुलित रहती है और पर्यावरण व शरीर के लिये भी लाभदायक है। दिनों-दिन जैविक तरीके से उत्पादित पदार्थों का मांग बाजार में बढ़ रहा है।

# डॉ हनीफ नेपाल-भारत अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन में कविता से किया मंत्रमुग्ध

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के अंगीभूत एसपी महिला कॉलेज के अंग्रेजी शिक्षक डॉ हनीफ नेपाल के साहित्य महोत्सव में बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुए। नेपाल के विराटनगर में भारत नेपाल साहित्य महोत्सव में बतौर अतिथि के रूप में संबोधन करते डा डॉ हनीफ ने शोले की इस पंक्ति,ह्ल ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे....ह्ल से अपना पाठ शुरू कर सभी का दिल मोह लिया। उन्होंने बताया कि साहित्य अकादमी का यह महोत्सव एक देश की भाषा और संस्कृति को दूसरे देश से जोड़ने का काम करती है। भारत हमेशा से बसुधैव कुटुम्बम पर विश्वास करते रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। हमारा व्यवहार ही हमारा जीवन है और हमारा बूंधत्व ही हमारी परिचय है। अंतर्राष्ट्रीय साहित्य जगत में अपनी लेखनी से अपनी पहचान बनाते डा हनीफ ने अब तक हिंदी, अंग्रेजी में कुल 18 पुस्तकों की रचना कर चुके है। इनकी कहानी ह्लकहीं तुम्हें नफरत न हो जाए, पर लघु फिल्म भी बनी और अंतर्राष्ट्रीय फलक पर है। साउथ अफ्रीका से प्रकाशित ह्लआई एंड माई मदर ए गॉस्पेलह्ल काफी चर्चा में रही। उनकी हालिया रचना वार एंड जर्नी का कई भाषाओं में अनुवाद भी हुई है। नेपाली भाषा में अनुवाद करते उन्होंने कहा कि यह उपन्यास नहीं बल्कि एक सम्पूर्ण जीवन है। जो रसिया यूक्रेन युद्ध पर आधारित है। युद्ध की विभीषिका में भी प्रेम को अभिव्यक्त कर मानवता को उजागर करना इनकी सौंदर्यता है। इनकी कहानियां माने तो मानव जीवन के साथ साथ सम्पूर्ण जीव जगत के प्रति कृतज्ञता और संवेदना है। हल्दी के रंग, दर्द कहूं या पीड़ा, काली बछिया, एक पिता का सच, पापा अब मै कहां जाऊं? आहुति, आंगन, चाहत, स्पर्श, पहाड़ी पर के लोग आदि दिल को छूने वाली और एक प्रेरणा भरी कहानी 0भी है। स्नातक स्तर पर लिखी इनकी पुस्तक ह्लए रोजरी ऑफ पोइजीह्ल इकावन कविताओं का क्रिटिकल एप्रिशिएशन छात्रों के लिए काफी लाभप्रद है।



सम्मानित होते डॉ हनीफ

एक नजर में

## सोनुवा बाजार में आधी रात लगी आग, तीन दुकानें जलकर खाक

**चक्रधरपुर।** सोनुवा बाजार के मार्केट शेड में बने तीन दुकानों में गुरुवार की देर रात अचानक आग लग गई। जिससे कुछ ही घंटों में तीनों दुकानें जलकर खाक हो गई। जलने वाली दुकानों में दो जूते-चप्पल एवं एक मोटर पार्ट्स की थी। दुकानों में आग लगने की सूचना पर पहुंचे सोनुवा थाना प्रभारी सोहन लाल ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची अग्निशमन विभाग की दमकल की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक तीनों ही दुकानें खाक हो चुकी थी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे सोनुवा बाजार के मार्केट शेड में दुकानें जलने पर आग की तेज लपटें देख लोग घटना स्थल पहुंचे। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी वकराल रूप ले चुका था कि काबू पाना मुश्किल था।। घटना में सोनुवा चांदनी चौक के शेख इमरान के दो जूते-चप्पल दुकान के अलावा अल्फीया ऑटो नामक मोटर पार्ट्स की दुकान के लाखों रुपये के जूते-चप्पल व ऑटो पाट्स के सामान जल कर पूरी तरह बर्बाद हो गए। जिससे दुकान मालिकों को लाखों रुपये की नुकसान हुआ है। इधर, मामले में शुक्रवार को सीओ सागरी बराल के निर्देश पर अंचल निरीक्षक घासीराम मुंडा, अंचल उप निरीक्षक हरिलाल यादव ने जले हुए दुकानों का जायजा लिया।

## नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में दुमका की 3 बालिका खिलाड़ियों का हुआ चयन



चयनित खिलाड़ी

**दुमका।** 45 जूनियर गर्ल्स नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप जो बरेली उत्तर प्रदेश में होने जा रहा है। जिसमें दुमका की 3 खिलाड़ी का चयन हुआ है। जिसमें शांतिप्रिया, इलीसा मुर्मू एवं रिया रिचा सोरेन शामिल है। झारखंड हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने हैंडबॉल को गांव-गांव तक ले जाने के लिए कहा कि जिसका उदाहरण है कि दुमका जैसे छोटे शहर से भी हैंड बॉल आगे आ रहा है। झारखंड हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव इमरान मसूद खान ने सभी चयन खिलाड़ियों को बधाई दिया। हैंडबॉल कोच अमित आनंद ने सभी बच्चों को सराहना करते हुए आगे आने वाले प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामना दिया। कुश्ती संघ सचिव संदीप कुमार जय बम बम ने भी हैंडबॉल खिलाड़ियां को बधाई दी। हैंडबॉल के अध्यक्ष प्रदीप्तो मुखर्जी खिलाड़ियों को शुभाशीष देते हुए दिन-ब-दिन बेहतर प्रदर्शन करने और झारखंड को मैडल दिलाने की कामना की। मौके पर मौजूद हैंडबॉल खिलाड़ी मिलिसेंट, इलीशा मुर्मू, शांतिप्रिया, सुनीता टुडू एवं अन्य खिलाड़ी मौजूद थे।

## दो वारंटी गिरफ्तार, एक बरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामा।** थाना क्षेत्र के चिकनया गांव एवं लक्ष्मीपुर गांव में जामा पुलिस समकालीन अभियान के तहत छापेमारी कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल कुमार मंडल और मुन्ना यादव के रूप में हुई है। मामले को लेकर प्रभारी थानेदार रविशंकर सिंह ने बताया कि ने न्यायालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में समकालीन अभियान के तहत छापेमारी अभियान चलाकर सजावर वारंटी राहुल कुमार मंडल को चिकनिया गांव से गिरफ्तार किया गया। डिस्ट्रेस वारंटी में मुन्ना यादव लक्ष्मीपुर गांव से गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि सजाफ्तस वारंटी राहुल कुमार मंडल को न्यायालय से ही छोड़ दिया गया है। दूसरा आरोपी मुन्ना यादव को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



गिरफ्तार आरोपी

## वेद जिस ब्रह्म का वर्णन करते हैं वह निराकार ब्रह्म ही श्रीकृष्ण है: राजहंस

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** सरैयाहाट के पोखरिया गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा गमन, कंस वध एवं रुक्मणी विवाह की कथा का वर्णन किया गया। कथा कैरी नाथ से पधारे व्यास पंडित बाबा राजहंस जी महाराज सुना रहे हैं।कथा में कृष्ण बलराम का मथुरा गमन की करुण प्रसंग का श्रवण कराया गया, प्रसंग सुन पंडाल में बैठे श्रोता भावुक हो गये। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।कथा के दौरान कथा वाचक महाराज ने कहा वेद जिस ब्रह्म का वर्णन करते हैं वह निराकार ब्रह्म ही श्रीकृष्ण है। उन्होंने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं। उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है। वह मात्र संकल्प की होती है संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। कथा स्थल पर रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रुक्मणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया।



कथावाचक राजहंस जी महाराज

## बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र के ग्रांट स्टेट के गोकुल धाम में रहने वाले दयामय मित्र के बंद घर से चोरों ने लाखों की चोरी कर ली। चोरों ने ताला तोड़कर बुधवार की रात नकदी करीब 90 हजार और करीब तीन लाख के जेवरात चोरी कर ली। चोरी करने वाले युवक का चेहरा सीसीटीवी में कैद हुआ है। पुलिस मामला दर्ज कर चोर तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। रानीश्वर के रानीग्राम के दयामय गोकुल धाम में कैरियर प्रेस के पीछे मकान बनाकर रहते हैं। बीते 13 मार्च को बंगाल में रहने वाली सास का निधन हो गया। सास के अत्योष्टी में घर में ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ बंगाल चले गए। अगले दिन मुहल्ले में रहने वाली भांजी ने घर का मुख्य द्वार का ताला टूटा देखकर सूचना दिया। लौटने पर पता चला कि चोर अलमारी में रखा 90 हजार रुपया, सोने की तीन चेन, मंगलसूत्र, दो लाकेट, कान की बाली, झुमका और दो अंगूठी लेकर चले गए। बताया कि घर के सामने एक सीसीटीवी लगा है। उसमें एक युवक को पहले खाली हाथ घर की ओर जाते दिखा और बाद में एक बैग लेकर जाते हुए दिखा गया। सीसीटीवी में कैद उसी युवक ने चोरी की वारदात को अंजाम देने की आशंका जाहिर किया है। मामले में नगर थाना पुलिस सीसीटीवी के सहारे चोर की पहचान की प्रयास में जुट गई है।



सीसीटीवी में कैद फुटेज

## क्यूआर कोड स्कैन कर गस्ती पदाधिकारी दर्ज करेंगे अपनी मौजूदगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हंसडीहा।** एसपी के निर्देश पर शुक्रवार को दुमका भागलपुर स्टेट हाइवे पर हंसडीहा थाना क्षेत्र के महादेवगढ़-बनियारा गांव के समीप ब्लैक स्पॉट स्थल चिन्हित कर क्यूआर कोड लगाया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने बताया कि थाना क्षेत्रों में ब्लैक स्पोर्ट को चिन्हित कर क्यूआर कोड लगाकर जिले के पुलिस को डिजिटल पुलिसिंग के लिए तैयार किया जा रहा है। क्यूआर कोड लगा कर ई-बीट पेट्रोलिंग सिस्टम को चालू किया गया। इ-बीट पेट्रोलिंग के लागू होने से पदाधिकारियों द्वारा थाना पदाधिकारी एवं पेट्रोलिंग गस्ती पर नजर रखी जाएगी। आम जनता के सहयोग के लिए ई-बीट पेट्रोलिंग सिस्टम चालू किया गया है। इस दौरान थाना प्रभारी सुगना मुंडा, एसआई उत्तम पासवान सहित पुलिस बल की टीम मौजूद थे।



क्यूआर कोड स्कैन करती हंसडीहा पुलिस

## कंटेनर से तरल पदार्थ गिरने से दर्जनों बाईक सवार हुए स्पील, घायल

**जामा।** थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को महारो से लेकर भुरभुरी पुल तक एक कंटेनर से तरल पदार्थ गिरने से दर्जनों बाईक सवार हादसे का शिकार हो गया। कंटेनर कोलकाता से बिहार जा रही थी। जिसमें कोई तेल जैसा पदार्थ भरा हुआ था। जो लीक होने से सड़क पर गिरने लगा था और पीछे आने वाले दर्जनों बाईक सवार इसके चपेट में आने से स्किड कर गिर पड़े। दर्जनों बाईक गिरें और कई बाइक क्षतिग्रस्त होने गये, तो कई बाइक सवार को हल्की फुल्की चोटों भी आई। कई बाइक सवार द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद प्रशासन हरकत में आई और बीडीओ और थाना प्रभारी पहुंच कर कंटेनर ट्रक को खाली जगह में लगवाया और तेल खाली कराया गया। कंटेनर वाहन को सुरक्षित रखा गया है। प्रभारी थानेदार रविशंकर सिंह ने बताया कि कंटेनर में पाम ऑयल था और पाइप फट जाने से तेल सड़क मार्ग पर गिर रहा था। जिसकी सूचना मिलते ही ट्रक को ओवरटेक कर सही जगह पर खाली कराया गया और ट्रक को सुरक्षित रखा गया है।



# आदिवासी कन्या छात्रावास निर्माण को लेकर विधायक ने मंत्री को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने आदिवासी कन्या छात्रावास की जर्जर स्थिति को लेकर आदिवासी कल्याण मंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिखा है। जिस पर मंत्री चंपाई सोरेन ने सचिव को कारवाई का आदेश दिया है। साथ ही विधायक सुखराम उरांव को आश्वासन भी दिए है कि जल्द ही स्वीकृति मिलेगी। पत्र में विधायक श्री उरांव ने कहा है कि पश्चिमी सिंहभूम जिलांतर्गत के चक्रधरपुर में आदिवासी कन्या छात्रावास की स्थिति पूर्ण रुप से जर्जर है। इस छात्रावास में 68 छात्रा में रानी रसाल मंजरी राजकीयकृत मध्य/उच्च विद्यालय तथा मारवाड़ी उच्च विद्यालय की छात्राऐं रहकर पठन-पाठन कर रही है। इससे पहले लगभग 300 छात्राऐं रहती थी। वर्तमान में जर्जर अवस्था के कारण मात्र 68 छात्राऐं शेष बची है।उल्लेखित छात्रावास जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। जर्जरावस्था का प्लास्टिक बांधकर अध्ययन करने को मजबूर है। छात्रहित में 400 (चार सौ) बेड का नया छात्रावास, शौचालय, डडीप बोरिंग तथा किचन सहित निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाए।



# जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर सीओ ने जारी किया नोटिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामा।** डीसी के निर्देश पर शुक्रवार को जामा प्रखंड क्षेत्र के सरसाबाद पंचायत के महारो सरसाबाद में सीओ आशीष कुमार मंडल ने सरकारी जमीन का अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। सीओ आशिष कुमार मंडल ने बताया कि डीसी से मिले निर्देश के आलोक में अतिक्रमण हटाने को लेकर सरसाबाद पंचायत के महारो में अतिक्रमण दायरे में आने वाले भूमि पर मकान दुकान का जांच किया गया था। जिसमें निरीक्षण के दौरान 12 अतिक्रमणकारियों के द्वारा अतिक्रमण किया हुआ पाया गया था। जिसमें 12 रैयतों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। साथ ही संबंधित अतिक्रमण कारी रैयतों को नोटिस जारी कर राजस्व न्यायालय सह अंचल कार्यालय जामा में 3 अप्रैल को सशरीर पहुंचकर अतिक्रमण से संबंधित स्पष्टीकरण जवाब मांगा है।

उन्होंने साथ ही बताया है कि यदि निर्धारित तिथि को नहीं पहुंचने पर आपकी अनुपस्थिति में ही निर्णय लिया जाएगा। जिसमें अतिक्रमणकारियों में चंद्र दयाल मंडल नारायण हिम्मत सिंह का संत जेवियर विनोद सिंघानिया श्याम हिम्मत सिंह का राजेश अग्रवाल अवाक सेन श्याम हिम्मत सिंह का मीना देवी पिंटू मुखर्जी शामा सेन गणेश डोकानिया का नाम शामिल है। उन्होंने साथ ही बताया कि डीसी ने अंचल क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों एवं अतिक्रमण हटाने को चिन्हित कर सूची तैयार करने और प्रत्येक माह 10 अतिक्रमित जगहों पर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया है।



सबोधित करते बीडीओ

# सड़क निर्माण कार्य की जांच को लेकर मुखिया ने एसडीओ को सौंपा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड की नलिता पंचायत के नलिता गांव से बुरुनलिता तक बनने वाले पांच किमी सड़क में संवेदक द्वारा लापरवाही बरते जाने की शिकायत नलिता पंचायत की मुखिया आंति सामड ने शुक्रवार को पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा से की। इस दौरान उन्होंने एसडीओ को पत्र सौंपकर निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की। एसडीओ को सौंपे गये पत्र में मुखिया आंति सामड ने कहा है कि नलिता चौक से बुरुनलिता तक पांच किमी सड़क मरम्मति निर्माण कार्य कराया जा रहा है। कार्य काफी घटिया स्तर से होने के कारण ग्रामीणों द्वारा मुझे कई बार इसकी शिकायत की गई, ग्रामीणों की शिकायत पर मैंने आरईओ विभाग के जेई, कार्य करा रहे संवेदक के मुंशी को बेहतर कार्य कराने को लेकर कई बार कहा, लेकिन उसमें ध्यान नहीं दिया गया। कार्य को अनियमिततापूर्ण तरीके से कराये जाने को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों की शिकायत पर पंचायत समिति सदस्य रविन्द्र डांगिल ने 16 मार्च को नलिता गांव पहुंचे थे, जहां पाया गया कि कार्य बहुत निम्न स्तर से कराया जा रहा है, साथ ही मजदूरों को कम मजदूरी भी दी जा रही है। इसे लेकर आप स्वयं सड़क निर्माण कार्य की जांच करें, ताकि गांव में गुणवत्तापूर्ण तरीके से सड़क निर्माण का कार्य हो सकें। एक दिन पहले गुरुवार को मुखिया आंति सामड, पंचायत समिति सदस्य रविंद्र डांगिल ने ग्रामीणों की मौजूदगी में सड़क निर्माण कार्य को देखा था। जहां कार्य के दौरान लापरवाही जाने व मजदूरों को कम मजदूरी दिए जाने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई थी। साथ ही ग्रामीणों ने फिलहाल काम पर रोक लगाने को कहा था। इसके बाद शुक्रवार को मुखिया आंति सामड ने एसडीओ से मामले की शिकायत कर पत्र सौंपा।



# टाटा-छपरा एक्सप्रेस का राउरकेला तक विस्तार करने की हुई मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** मुस्लिम सेंट्रल अंजुमन चक्रधरपुर ने चक्रधरपुर के मंडल रेल प्रबंधक के नाम एक मांग पत्र सौंप रेलवे से संबंधित समस्याओं के समाधान की मांग की है। अध्यक्ष मोहम्मद तजम्मुल हुसैन जानी के नेतृत्व में सौंपे गए पत्र में ट्रेन संख्या 18181 एवं 18182 टाटा-छपरा एक्सप्रेस का विस्तार राउरकेला तक करने, राउरकेला इंटरसिटी का परिचालन शुरू करने, चक्रधरपुर अंडरपास एवं लोको फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य में तेजी लाने, चक्रधरपुर होकर गुजरने वाली ट्रेनों को तय समय पर चलाने की मांगें शामिल है। पत्र की प्रतिलिपि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को भी दी गई है। मांग पत्र सौंपने वालों में तजम्मुल हुसैन के अलावा हाजी अब्दुल हकीम, हाजी अरशद अहमद खान, डाक्टर मंगलेश पाठक, दिग्बंर झा शामिल रहे।

